रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 20 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 152 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### मुलायम की बहू अपर्णा ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठतम नेता मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है।



बुधवार को यादव उत्तर प्रदेश भाजपा इकाई के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गई। इसके बाद उन्होंने पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। भाजपा की सदस्यता लेने के बाद श्रीमती यादव ने कहा कि मैं हमेशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित रही हूँ। मेरे चिंतन में सबसे पहले राष्ट्र है। अब मैं राष्ट्र की आराधना करने निकली हूँ। मैं स्वच्छ भारत मिशन, महिलाओं के लिए स्वावलंबन जीवन समेत भाजपा की अन्य सभी योजनाओं से प्रभावित रही हूँ। मैं भाजपा को धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे पार्टी का हिस्सा बनने का मौका दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने यादव का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि सपा के शासन में गुंडागर्दी को इतना महत्व दिया जाता था।

# मूणत का आरोप- तंगी और रुपयों के अभाव से नवा रायपुर में कांट्रेक्टरों ने किया वाइंडअप

## भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने छत्तीसगढ़ को 41 हजार करोड़ कर्ज के बोझ तले दबा दिया : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एनआरडीए के द्वारा ऋण न चुका पाने को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तीव्र हो गई है। मंगलवार को आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने प्रेस कान्फ्रेंस लेकर ऋण न चुका पाने के लिए पूर्ववर्ती सरकार के नीतियों को जिम्मेदार ठहराया था। तो वहीं भाजपा सरकार में आवास एवं पर्यावरण मंत्री रहे राजेश मूणत ने नवा रायपुर अटल नगर में नीलामी प्रक्रिया शुरू होने के बाद कांग्रेस सरकार के ऊपर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा प्रदेश के लिए यह दुर्भाग्यजनक है कि अब बारी-बारी से हमारी विरासतें नीलाम होने की ओर है। तीन साल में भूपेश सरकार की अर्जित उपलब्धियों में एक नया अध्याय शुरू हो चुका है। एनआरडीए भवन बैंक के हाथों में नीलामी की तरफ है। 52 हजार करोड़ रुपये कर्ज लेकर भी भूपेश सरकार नए शहर को बचाने कोई कदम नहीं उठा रही है। आखिर छत्तीसगढ़ की जनता के देखे गए नए शहर के सपनों को कुचला क्यों जा रहा है..? तीन साल में जितना कर्ज ले लिया, क्या यह काफी नहीं है जब नए रायपुर के अस्तित्व को बचा सके। नवा रायपुर में कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों पर टोटल तालाबंदी की पॉलिसी लागू की है। जो फंड स्मार्ट सिटी के लिए केंद्र ने दिए हैं उससे अब एक जगह सीबीडी स्टेशन बनाने ठेका स्वीकृत किया है। चार जगहों में स्टेशन बनने थे जहां कांग्रेस सरकार ने अटल नगर, उद्योग नगर और फेयर ग्राउंड का टेंडर 2018 में हुआ था। 151 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का विस्तार होना था। पूर्व मंत्री ने कहा भाजपा सरकार ने आमजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को सर्वोपरि रखते नींव रखे लेकिन भूपेश सरकार यहां भी कौड़ी का काम नहीं कर सकी। 15 करोड़ रुपये तक के काम तीन साल में नहीं हुए। आज तंगी और रुपयों के अभाव में कांट्रेक्टरों को पीछे हटना पड़ा। एनआरडीए की हालत ऐसी रह गई कि उसने भी किसी भी तरह के निर्माण कार्य से हाथ खींच लिया। भूपेश सरकार केंद्र से मिले 42 करोड़ रुपये खर्च करने टेंडर पास कर रही है। जब बात 52 हजार करोड़ रुपये कर्ज लेने की है तो क्या नवा रायपुर के लिए खर्च का बजट तय नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ को नई पहचान देने जनता ने जिस नए शहर के सपना देखा, आज भूपेश सरकार ने अपनी कंगाल व्यवस्था से उसे तोड़ दिया है। आप नवा रायपुर में फिल्म सिटी की बात करते हैं, राजीव आवास योजना की बात करते हैं, लेकिन जो काम पिछड़ रहे हैं, जिनसे आमजनों की भावनाएं जुड़ी हुई उसे पूरा करने पांव खींच रहे हैं। हजारों करोड़ों रुपये कर्ज लेकर उसका बंदरबाट किस तरह से कर दिया है। आज अटल नगर की तस्वीर सब कुछ बयां कर रही है। विकास - किसानों के नाम पर हजारों करोड़ रुपये कर्ज लेकर भी हालत बंजर बन रही है। इसके लिए जिम्मेदार सिर्फ भूपेश सरकार है। मूणत ने कहा यूनियन बैंक से रकम भुगतान के लिए जारी नोटिस को जानबूझकर भूपेश सरकार ने नजरअंदाज किया। 317 करोड़ रुपये के भुगतान के जवाब में चुप्पी साधी।



### बेच खाने की कसर और बाकी है

पूर्व मंत्री मूणत ने कहा जिस तरह के हालात कर दिए गए हैं अब बची हुई दूसरी विरासत को भी खतरा है। कर्ज लेकर हजारों करोड़ की बंदरबाट के बाद विधानसभा, चौक चौराहे और दूसरी इमारतें भी बंधक बनाने कसर बाकी है। जिस तरह की बंजर पॉलिसी का बोलबाला रहा है, उससे लगता यही है सरकार अब सिर्फ नीलामी से काम चलाने वाली है। आम नागरिकों को मेट्रो सिटी की तर्ज पर सुलभ व सस्ती सुविधाएं देने अटल नगर का कभी विस्तार हुआ करता था। आज वहीं कांग्रेस राज में ईंट का ढेला हिल नहीं सका है। स्मार्ट सिटी के फंड से मिले पैसों को लेकर टेंडर का सिर्फ खेला हो रहा है।

### सेल्फ फाइनेंस पॉलिसी रोका, सिर्फ घाटा

पूर्व मंत्री का कहना है, भूपेश सरकार ने अटल नगर के लिए बनाई गई सेल्फ फाइनेंस मॉडल की पालिसी को रोक दिया है। जमीन के निःशुल्क आवंटन की नई परंपरा लागू की है। फायदा भी मंत्री और उनके नजदीकियों को मिल रहा है। सेल्फ फाइनेंस से बिकने वाली प्रॉपर्टी से सीधे एनआरडीए को धरोहर राशि के रूप में आय प्राप्त होता था, मगर सरकार ने संस्थागत व व्यक्तिगत जमीन आवंटन करने की नीति बनाकर सिर्फ बंदरबांट किया है। राजेश मूणत ने कहा, आय अर्जित होने का बड़ा स्त्रोत ही खत्म कर दिया है। प्रॉपर्टी खरीदी के समय 10 प्रतिशत राशि और बाकी किस्तों में भुगतान के अवसर खत्म कर दिए। दुष्परिणाम यह है कि जो फायदा अटल नगर को होना था वह गर्त में चला गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश और यहां की जनता के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### रमन सरकार ने 15 साल में प्रदेश की सम्पत्तियों को रखा गिरवी

पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व के रमन भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने छत्तीसगढ़ को 41 हजार करोड़ के कर्ज के बोझ तले दबा दिया। रमन सरकार के दौरान एनआरडीए के जमीन को गिरवी रखकर 380 करोड़ का लिया गया कर्ज 41 हजार करोड़ के कर्ज का एक अंश मात्र है। पता नही 15 साल में ऐसे कितनी सरकारी संपत्तियों को गिरवी रखा गया है।जो अब धीरे धीरे जनता के बीच उजागर हो रहा है। भाजपा सरकारों का हिडन एजेंडा सरकारी संपत्ति को बेचना और गिरवी रखना है 15 साल के रमन शासनकाल में प्रदेश के सरकारी संपत्ति को गिरवी रखा गया बीते 7 साल से मोदी सरकार देश की बहुमूल्य सम्पत्तियों रेलवे स्टेशन हवाई अड्डा विमानन कंपनी लाल किला बीएसएनएल भेल सेल गेल पेट्रोलियम कम्पनी,भारत के नवरत्न कंपनियों सहित 175 कंपनियों को कौड़ी के मोल बेच रही है। रमन सिंह के दामाद ने दानवीर दाऊ कल्याण सिंह के दान किए हुए जमीन पर बनी डीकेएस हॉस्पिटल को भी बैंक में गिरवी रख कर कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार कर घोटाला किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व मंत्री राजेश मूणत को बताना चाहिए की रमन सरकार के कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार की हवस को पूरा करने के लिए उन्होंने जाते जाते कहीं पीडब्ल्यूडी विभाग को ही तो गिरवी नही रख दिया? परिवहन विभाग,पर्यावरण विभाग की बिल्डिंग किसी बैंक में बंधक तो नहीं है? आरएसएस और भाजपा के लोगों को पालने के लिए मोदी साहब को खुश करने के लिए कुशाभाऊ ठाकरे परिसर और दिल्ली में भाजपा का सात माले महल बनाने के लिए रमन सरकार ने प्रदेश के किन किन संपत्तियों को गिरवी रखा है?रमन सरकार अपने आकाओं को खुश करने कर्ज लेने के होड़ में मंत्रालय सचिवालय, गंगरेल बांध,सरकारी स्कूल, सरकारी दफ्तर,सरकारी,चौक चौराहे,जंगल सफारी को कहीं गिरवी तो नही रख दिया? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व के रमन सरकार के पाप अभी खत्म नहीं हुए हैं रमन सरकार के पाप सामने आने से भाजपा नेता बौखला रहे हैं इन्हें बताना चाहिए एनआरडीए की जमीन को गिरवी रख कर 380 करोड़ रुपए का लोन लेकर उस स्थान पर अनुपयोगी निर्माण कार्य कराया गया जिसकी लागत कीमत 10800 रु स्क्वायर फीट है जो विश्व के सबसे महंगा कंस्ट्रक्शन का चार्ज है इतना महंगा कंस्ट्रक्शन तो सेंट्रल विस्टा का भी नहीं होगा जितना रमन सरकार ने रिटेल कांप्लेक्स बनाने में खर्च किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 15 साल के रमन शासनकाल में एक ओर छत्तीसगढ़ के खजाने पर कर्ज का बोझ बढ़ा दूसरी और राज्य की सबसे बड़ी आबादी किसान कर्ज के बोझ तले दबी रही युवाओं के हाथ में नौकरी नहीं था छत्तीसगढ़ कला संस्कृति परंपरा विलुप्त हो रही थी निर्माण कार्यों के नाम से बंदरबांट किया गया अनुपयोगी निर्माण कराया गया जो राज्य के खजाने पर बोझ बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण था।



# उत्तरप्रदेश के लोग छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाना चाहते है : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



जनता जाति धर्म की राजनीति से ऊब चुकी है, वह अपनी समस्याओं का निदान चाहते हैं। महंगाई बढ़ी है, रोजगार मिल नहीं रहा है। ये मुर्दो को लेकर किसान नौजवान परेशान हैं। उत्तरप्रदेश के लोग छत्तीसगढ़ के मॉडल को अपमाना चाहते हैं। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के बाद रायपुर लौटने के बाद कही। में छत्तीसगढ़ से भाजपा के किसी भी नेता को भाजपा का स्टार प्रचारक नहीं बनाने पर उन्होंने कहा कि इस लायक नहीं समझा कि यहां के लोगों को स्टार प्रचारक भी नहीं बनाया जाए, जबकि यहां से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री हैं। चन्नी के यहां छापा पड़ने पर बोले मुख्यमंत्री ने भाजपा की तुलना पाकिस्तान क्रिकेट टीम से की। उन्होंने कहा कि जिस तरह पाकिस्तान के बारे में कहा जाता था कि वहां 13 खिलाड़ी खेलते थे, इनमें 11 खिलाड़ियों के साथ दो अंपायरों को भी शामिल किया जाता था, उसी तरतह भाजपा चुनाव लड़ती है। उसके साथ सेंट्रल एजेसी भी चुनाव लड़ती हैं। ये तो चुनाव जहां होते है, वहां विपक्ष के लोगों के यहां रेड पड़ती है, जिससे विपक्ष के लोगों को धमकाया जा सके, क्यों योगी के परिजनों पर छापा नहीं पड़ा, गोवा में मुख्यमंत्र के रिश्तेदारों के यहां क्यों नहीं? क्यों नेताओं के खिलाफ छापे पड़ते है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम के टेलीप्राम्पटर पर कहा कि कई बार तक्षशिला को पाकिस्तान की जगह बिहार का बता दें। तो कई बार गुरु नानक कबीर की बैठकर करा देते थे , यह सब टेलीपॉन्पटर का कमाल था। जैसे ही टेलीपॉन्पटर बंद हुआ है, तो सारे ज्ञान बंद हो गया । आप जो नहीं जानते वह बताना चाहते हैं तो टेलीपॉन्पटर ने आप की पोल खोल दी। एक्टिंग जो कर रहे थे धरा का धरा रह गया।

### प्रथम भारत-मध्य एशिया शिखर बैठक 27 जनवरी को

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत 27 जनवरी को प्रथम भारत-मध्य एशिया शिखर बैठक का आयोजन करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेजबानी में वर्चुअल माध्यम से होने वाली इस शिखर बैठक में कजाखस्तान, किर्गीज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान एवं उज़्बेकिस्तान के शासनाध्यक्ष भाग लेंगे। पहले इन नेताओं के गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आने का कार्यक्रम बन रहा था लेकिन कोविड महामारी की स्थिति को देखते हुए अब इस बैठक का आयोजन वीडियो लिंक के माध्यम से किया जाएगा। भारत एवं मध्य एशिया के देशों के बीच शिखर स्तर की यह पहली बैठक होगी जो मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों की निशानी है। भारत इन देशों को विस्तारित पड़ोस के रूप में देखता है।








### राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को अभ्यारण्यों व राष्ट्रीय उद्यानों से बेदखल करने पर लगी जनहित याचिका

# चीफ सेक्रेटरी समेत 17 कलेक्टरों को हाईकोर्ट का नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ के 17 जिलों के कलेक्टर और राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। साथ ही हाईकोर्ट ने सचिव आदिम जाति कल्याण विभाग और सचिव वन एवं पर्यावरण विभाग नई दिल्ली को भी नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने ये नोटिस अखिल भारतीय जंगल आंदोलन मोर्चा की जनहित याचिका पर जारी की है। जनहित याचिका में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ की विभिन्न परियोजनाओं में वन संरक्षण अधिनियम का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। योजनाओं के लिए विस्थापन से आदिवासियों की जीवनशैली में बदलाव आ रहा है। जंगल आंदोलन मोर्चा की जनहित याचिका पर मंगलवार को चीफ जस्टिस की डबल बेंच में पहली सुनवाई हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने सभी संबंधित सरकारी पक्षों से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है। याचिका में विशेष संरक्षित समुदाय के लोग जो राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र हैं उनके अधिकारों के हनन की बात कही गई है। जनहित याचिका में अचानकमार टाइगर रिजर्व, भोरमदेव और अन्य रिजर्व में निवासरत वनवासियों को विस्थापित किये जाने के मसले को उठाया गया है। वनवासियों व राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रो को अभयारण्यों व राष्ट्रीय उद्यानों से बेदखल करने को लेकर लगी जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस की डीबी में हुई सुनवाई में छतीसगढ़ के चीफ सेकेट्री, केंद्रीय वन सचिव छत्तीसगढ़ के आदिम जाति कल्याण सचिव समेत छत्तीसगढ़ के 17 जिलों के कलेक्टरों को नोटिस जारी किया गया हैं। सभी से 6 सप्ताह में जवाब मांगा गया हैं। वन्य प्राणियों के संरक्षण के नाम पर राज्य के विभिन्न विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों व अभयारण्यों जैसे अचानकमार टाइगर रिजर्व, भोरमदेव वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, बारनवापारा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, उदन्ति व बादल खोल सेंचुरी से राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रो के रूप में संरक्षित समुदाय के आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा था। जिसके खिलाफ अखिल भारतीय जंगल मंच के संयोजक देव जीत नंदी के द्वारा अधिवक्ता रजनी सोरेन के माध्यम से जनहित याचिका लगाई हैं। चीफ जस्टिस की डबल बेंच में हुई सुनवाई के बाद मुख्यसचिव, आदिम जाति कल्याण सचिव, केंद्रीय वन सचिव समेत छत्तीसगढ़ के 17 जिलों के कलेक्टरों को नोटिस जारी कर हाइकोर्ट ने 6 सप्ताह में जवाब मांगा हैं। याचिका में बताया गया हैं कि इन वंचित समुदाय के लोगों का वनों के सरक्षंण, संवर्धन व पर्यावरणीय जलवायु परिवर्तन को बचाये रखने में विशेष योगदान हैं। याचिका में बताया गया हैं कि ये समुदाय आदिम काल से ही वनों में रहते हैं और वनों पर ही निर्भर हैं लिहाजा उनके वनों के इको सिस्टम की अच्छी जानकारी हैं। और ये उसे अच्छे से सहेजते हैं। अपनी आजीविका के लिये भी वनों पर ही निर्भर हैं। इसके बाद भी इन्हें बेदखल करना ऐतिहासिक अन्याय के समान हैं।




## मुख्य सचिव ने राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री की मंशानुरूप लोकहित से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें : अमिताभ जैन

### राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजनाः प्रथम किश्त के वितरण के लिए आयोजित किए जाएंगे वर्चुअल कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार प्रदेश में राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत राशि का वितरण और छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ प्रदेश की जनता की सुविधा और राहत पहुंचाने के लिए अनेक अभिनव योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में इन योजनाओं की रूपरेखा और क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव जैन ने बैठक में कहा कि लोकहित से जुड़े कार्यो को अनिवार्य रूप से समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने बैठक में सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। इन योजनाओं का क्रियान्वयन आवास एवं पर्यावरण, राजस्व, वन, गृह, नगरीय प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार, वाणिज्य एवं उद्योग विभागों द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से इन योजनाओं-कार्यक्रमों से




लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की जानकारी के संकलन के लिए प्रारूप तैयार करने और इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक चरणबद्ध गतिविधियां और उनके लिए समय-सीमा का निर्धारण करने पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव जैन ने ग्रामीण भूमिहीन मजदूरों को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि की प्रथम किश्त के वितरण के लिए वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभाग स्तर पर हितग्राहियों को राशि का वितरण कोविड प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। श्री जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के तहत उत्पादन और सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने नगरीय निकाय की लीज-होल्ड भूमि को फ्री होल्ड करने पर प्राप्त होने वाले राजस्व का आंकलन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। लाभ की स्थिति में इस संबंध में आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने 'भागीदारी में किफायती आवास' योजना के तहत बनाए गए 65 हजार मकानों के आबंटन के लिए जल्द से जल्द पहली लॉटरी निकाले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मकानों के आबंटन के लिए यह लॉटरी राज्य स्तर पर रायपुर में और सभी संभागों में एक साथ निकाली जाएंगी। अवैध निर्माण के नियमितीकरण, आवासीय क्षेत्र में संचालित दुकानों का भू-प्रायोजन व्यावसायिक करने के संबंध में अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू ने बताया कि इस कार्य के लिए प्रावधानों का सरलीकरण किया गया है। साथ ही जनसुविधा के उद्देश्य से विगत दिनों एक एप की भी शुरूआत की गई है। मुख्य सचिव ने इस संबंध में कहा है कि प्राप्त होने वाले आवदेनों का समयावधि में सत्यापन किया जाए और आवेदनों को ऑनलाइन किए जाए। निवेश क्षेत्र में पांच हजार वर्गफुट तक ले-आउट अनुमोदन के संबंध में श्री जैन ने फाईन का निर्धारण करने के निर्देश दिए हैं। श्री जैन ने अभियान चलाकर नामांतरण, सीमाकंन, बटवारा, डायवर्सन प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समय-सीमा से अधिक लंबित प्रकरणों की ऑनलाइन एंट्री करने और इसकी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में राजस्व अधिकारियों की प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित करने को कहा है। श्री जैन ने लम्बे समय से लंबित पुलिस को प्राप्त शिकायतों से संबंधित आवेदनों की ऑनलाइन समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विभाग की सेवाओं को घर पहुंच सेवा के रूप में प्रारंभ करने के लिए मितान योजना की शुरूआत जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राजीव युवा मितान क्लब के गठन के लिए समय-सीमा निर्धारित करने को कहा है। साथ ही क्लब के गठन की एंट्री वेबपोर्टल में करने और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। राजीव युवा मितान क्लब के गठन एवं उसकी गतिविधियों के संबंध में विस्तृत गाईडलाइन तैयार करने और उसका अनुमोदन कराने के निर्देश दिए है। बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, प्रमुख सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी, सचिव राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण श्री एन.एन.एक्का, सचिव नगरीय प्रशासन सुश्री अलरमेल मंगई डी, संचालक वाणिज्य एवं उद्योग अनिल टुटेजा उपस्थित थे।

## स्वच्छता बनाये रखने में हम सभी सहयोगी बनें : डॉ. शिवकुमार डहरिया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि हमारे आस-पास का परिवेश स्वच्छ रहे इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। हमें अपने शहर को स्वच्छ रखने में हर संभव सहयोग देना चाहिये। नगरीय प्रशासन मंत्री आज यहां अपने शासकीय आवास कार्यालय में व्यापारी संघ रायपुर के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने पूर्व विधायक श्री चंद सुंदरानी के नेतृत्व में नगरीय निकायों के यूजर चार्जेस कम करने के संबंध में मंत्री डॉ. डहरिया से चर्चा कर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। नगरीय प्रशासन मंत्री ने व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों को इस संबंध में सहानुभूतिपूर्वक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ में दिल्ली, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों से यूजर चार्जेस कम हैं। उन्होंने बताया कि आवासीय एवं व्यवसायिक यूजर चार्जेस की दरें छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों की अपेक्षा कम है। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि हम सभी को शहर की स्वच्छता के लिए योगदान करना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि उनके द्वारा जो यूजर चार्जेस के संबंध में बताया गया है उसके संबंध में जो उनके हित में होगा उस पर विचार किया जाएगा।

डॉ. डहरिया ने बताया कि सफाई, प्रकाश सहित अन्य चार्जेस की दरें केन्द्र सरकार की गाईड लाईन से तय होती है। इसी प्रकार से नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान एन.जी.टी. के निर्देशानुसार करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पूर्व सरकार द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही नगरीय निकायों द्वारा नागरिकों से यूजर चार्जेस लिए जा रहे हैं।

## किसानों का धान लूट रही है छत्तीसगढ़ की लुटेरी सरकार : भाजपा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने धान खरीदी में ज्यादा धान तुलवाने की खबरों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की लुटेरी सरकार किसानों को लूट रही है। एक जमाने में किसान का धान पानी में डुबो डुबोकर देखने वाली कांग्रेस पंद्रह साल तक डूबी रही। किसानों को छलकर सत्ता में आई कांग्रेस की सरकार अब तीन साल से किसानों से धोखाधड़ी और लूट कर रही है। किसानों के हमदर्द होने का ढोंग करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य के किसानों का शोषण कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश के किसानों के मसीहा बनने का फित्तूर उनके सिर पर सवार है। जबकि वहां कांग्रेस अपने अस्तित्व के संकट से उबर नहीं पा रही है। भूपेश बघेल यूपी में छत्तीसगढ़ मॉडल की नुमाइश कर रहे हैं और इधर किसानों से अतिरिक्त धान तुलवाकर उन्हें लूटा जा रहा है। भूपेश बघेल का यही मॉडल है जो छत्तीसगढ़ के किसान भुगतने मजबूर हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री साय ने अम्बिकापुर जिले में किसानों से 600 ग्राम धान अधिक लेने की शिकायत पर कहा कि इसके पहले कई जगह से शिकायत मिल रही थी कि एक किलो धान ज्यादा लिया जा रहा है। इसके अलावा आरटीओ की अवैध वसूली की शिकायत भी मिली तो कांग्रेस बताए कि क्या यह यूपी चुनाव के लिए भूपेश टैक्स है या दीदी फंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष साय ने कहा कि हर साल धान खरीदी से बचने के लिए भूपेश बघेल बहानेबाजी करते हैं। बारदाने की कमी बताकर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हैं जबकि भाजपा द्वारा चेताने के बाद भी समय रहते वे बारदाने के लिए इंतजाम नहीं करते। एक नवम्बर से धान खरीदी के लिए बैलगाड़ी पर सवार होकर विधानसभा पहुंचने वाले अब एक नवम्बर से धान खरीदी क्यों नहीं कर रहे। अगर एक नवम्बर से खरीदी शुरू की होती तो किसान का धान बारिश में बर्बाद न होता। बारदाने से लेकर तिरपाल और हम्माली का पैसा तक केंद्र सरकार से मिलने के बावजूद खरीदी केन्द्रों में अरबों रुपए का धान भिगोने की जिम्मेदार सरकार ने पिछले पखवाड़े भर से धान खरीदी बंद कर रखी थी और किसानों के टोकन भी रद्द हो गए थे। उन्होंने विपक्ष की अपनी जिम्मेदारी निभाई तथा धान खरीदी की मियाद बढ़ाने सरकार पर दबाव बनाया है।

## 19 दिनों में बिना मास्क पहने निगम ने 11236 लोगों से 891240 रूपये जुर्माना वसूला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 19 दिनों में बिना मास्क पहने 11236 लोगों पर कार्रवाही करते हुए उनसे कुल 891240 रूपये जुर्माना वसूला है। नगर निगम की सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने बताया कि नगर निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी 10 जोनों में प्रतिदिन जारी लोकस्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत 31 दिसम्बर 2021 से 18 जनवरी 2022 तक 19 दिनों में 11236 लोगों पर मास्क नहीं पहनने के कारण उन्हें समझाईश देकर एवं भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 891240 रू. का जुर्माना वसूला गया है। संबंधित सभी लोगों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी सहित समझाईश देकर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वसूलने की कार्यवाही की है। इस प्रकार 31 दिसम्बर 2021 से 18 जनवरी 2022 तक 19 दिनों में मास्क नहीं पहनने पर 11236 लोगों से 891240 रू. का जुर्माना संबंधित लोगों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए अब तक नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी 10 जोनों में महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं के सहयोग से वसूलने की कार्यवाही पुलिस प्रशासन बल के कर्मचारियों की उपस्थिति में शहर के सभी 10 जोनों के विभिन्न मुख्य चौक-चौराहों एवं मुख्य मार्गो में की जा चुकी है। लोक स्वास्थ्य जागरण एवं कोरोना प्रोटोकाल नियमों का व्यवहारिक पालन करवाने मास्क नहीं पहनने वाले लोगों को समझाईश एवं चेतावनी देकर उनसे जुर्माना वसूलने का अभियान रायपुर जिला कलेक्टर नगर निगम आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार आगे भी निरंतर प्रतिदिन जारी रहेगा।



## राजधानी में खुलेआम गुंडागर्दी, कार और बाइक में जमकर तोड़फोड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आए दिन मारपीट दादागिरी कर पैसे की मांग इस तरह आपराधिक घटनाएं बढ़ने लगी है। जिसमें सरेराह मारपीट और चाकूबाजी जैसी घटनाए शामिल हैं. बदमाशों में पुलिस का बिलकुल भी खौफ नजर नहीं आता है. वही गुटबाजी गैंगवार जैसे हालात भी बनते नजर आते है वैसा ही शहर में खुलेआम गुंडागर्दी का एक वीडियो सामने आया है. जिसमें खुलेआम गुंडई चल रही है जिसमे वायरल वीडियो में दर्जन भर बदमाश कार और बाइक में तोड़फोड़ कर रहे है। जानकारी के मुताबिक गोलबाजार थाना इलाके में लालगंगा शापिंग माल के पीछे स्थित राजीव गांधी आवास परिसर में खड़ी दोपहिया और चारपहिया वाहनों में की जमकर की तोड़फोड़। वहीं 17 वर्षीय युवक की भी युवकों ने पिटाई कर दी। सीसीटीवी फुटेज में सभी युवक नशे में नजर आ रहे हैं। यह घटना 16 जनवरी के रात्रि लगभग 10:00 बजे का बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक मारपीट लालगंगा शॉपिंग मॉल के पास व सुभाष स्टेडियम दोनों जगहों पर हुई है।इस मामले में दोनों पक्ष की तरफ से अलग अलग थानों में मामला दर्ज कराया गया है। जिसपर करवाई करते हुए पुलिस ने तोड़फोड़ करने वालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत सुभाष स्टेडियम पास मारपीट करने एवं राजीव आवास में वाहन में तोड़फोड़ करने वाले 3 आरोपी व 1 विधि के साथ संघर्षरत बालक सहित कुल 4 लोगों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है.सुभाष स्टेडियम के पीछे चौपाटी में आपसी विवाद एवं लड़ाई झगड़े को लेकर प्रार्थी बसंत जगत की रिपोर्ट पर मोहित नायक एवं उसके अन्य साथियों निवासी राजीव कॉलोनी गोल बाजार के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। वही मारपीट को लेकर प्रार्थी डिंकु नायक की रिपोर्ट पर आरोपी बसंत जगत एवं उसके साथी निवासी अर्जुन नगर के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक कायम किया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपी वसंत जगत एवं उसके साथियों द्वारा राजीव नगर आवास कॉलोनी जाकर वाहन में तोड़फोड़ करने की घटना प्रकाश में आया।

## कोरोना कंट्रोल रूम के माध्यम से कोरोना के संबंध में ली जा सकती है जानकारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



होम आइसोलेशन में रहने को इच्छुक मरीज अपना पंजीयन बेबसाइट httpÑ//cghome-isolation.com में कर सकते हैं। होम आइसोलेशन में रहने वाले कोरोना संक्रमित मरीजों को घर पहुँच दवाई भी उपलब्ध करायी जाती है । होम मॉनिटरिंग के दौरान मरीजों के निरंतर चिकित्सकीय देखभाल के लिए उन्हें नियमित रूप से चिकित्सकों की सलाह भी दी जाती है। होम आइसोलेशन आवेदन करने वाले मरीजों को ही इलाज के उपरांत ठीक होने पर होम आइसोलेशन कंपलीशन सर्टिफिकेट मिलता है और होम आइसोलेशन का आवेदन नहीं करने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाती है।होम आइसोलेशन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उपरोक्त लिंक भरना अनिवार्य है ताकि उस तक दवाई पहुचाई जा सके एवं लिंक भरने पर प्रत्येक व्यक्ति के मोबाइल पर ही एक डॉक्टर का नम्बर आ जाता है जो 7 दिन तक उनकी पूरी देखभाल करते हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना प्रभावित हर मरीज को एवम आम नागरिक को corona संबधी तत्काल सहायता सुलभ कराने रायपुर जिला प्रशासन द्वारा 24 घंटे कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। जिला कोविड कंट्रोल रूम के दूरभाष- 07712445785, 7880100331, 7880100332 में हर तरह सामान्य जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें सैंपलिंग वैक्सीनेशन एवम अन्य सभी साधारण जानकारियां प्रदान की जाती है। होम मॉनिटरिंग में रह रहे मरीजों की 24 घंटे सहायता के लिए होम आइसोलेशन (मॉनिटरिंग)कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 7566100283, 7566100284, 7566100285, 7880100313, 7880100314, 7880100315 नंबर के जरिए सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इन दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर मरीज और उनके परिजन होम मॉनिटरिंग संबधी हर तरह से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।इन नंबरों पर चिकित्सकों द्वारा 24*7 कॉल उठाया जाता है एवम हर प्रकार की सहायता की जाती है कंट्रोल रूम से संपर्क कर ऐसे मरीज जो किसी कारणवश अपने निजी डॉक्टर से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं या जिन्हें डॉक्टरी परामर्श की आवश्यकता है, वे भी यहां निम्न नंबरों पर 7566100283, 7566100284, 7566100285, 7880100313, 7880100314, 7880100315 नियुक्त ड्यूटी डॉक्टर संपर्क कर आवश्यक परामर्श 24x7 प्राप्त कर सकते हैं। मरीज को होम आइसोलेशन से अस्पताल भेजने की आवश्यकता होने पर एंबुलेंस की व्यवस्था, संबंधित अस्पताल में भर्ती हेतु समन्वय का काम भी यह कंट्रोल रूम करता है।

## ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम के मुख्य अभियन्ता आर.के. चौबे ने फिल्टरप्लांट में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए है। नगर पालिक निगम रायपुर के प्रशासनिक भवन, फिल्टर प्लांट, रावणभाठा में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के संबंध में बैठक हुई। बैठक में ग्रीष्मकाल के पूर्व कराये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई, ताकि ग्रीष्मकाल के दौरान जल की शुद्धता एवं मात्रा किसी भी तरह से प्रभावित न होने पाये. बैठक के दौरान वॉटर पाइप लाईन एवं राइजिंग पाईप लाइन के लीकेज की मरम्मत कार्य तथा एयर आदि संधारण कार्य को ग्रीष्म ऋतु के पूर्व प्राथमिकता से करने, जोनों से संचालित बोरवेल्स का आवश्यक केमिकल ट्रीटमेंट 03 राउंड में 28 फरवरी तक पूर्ण करने, ग्रीष्म ऋतु में रॉ वॉटर की पर्याप्त उपलब्धता, फिल्टर प्लांट में क्लोरिन टनर्स का पर्याप्त स्टॉक हमेशा रखने, ग्रीष्म ऋतु में आवश्यक कैमिकल की पर्याप्त व्यवस्था एवं जल गुणवत्ता की सेम्पलिंग, टेस्टिंग एवं मॉनीटरिंग सी.पी.एच.ई.ई.ओ. के दिशा निर्देश के अनुसार करने के निर्देश दिए गये.जल की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु रसायनज्ञों को स्वतः नगर के विभिन्न स्थानों में उपस्थित होकर सेम्पलिंग एवं टेस्टिंग करने के निर्देश दिए गए। आवश्यकता होने पर पी.एच.ई. के एन.ए.बी.एल. स्वीकृत लेब से भी टेस्ट किये जाने हेतु निर्देश दिए गए, ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। जल परीक्षण हेतु सी.पी.एच.ई.ई.ओ. के मापदंड के अनुसार प्रतिदिन जल को 5 ई-कोलाई परीक्षण होना है. बैठक में 01 फरवरी 2022 से नगर विस्तार को ध्यान में रखकर प्रतिदिन 15 सेंपल न्यूनतम ई-कोलाई टेस्ट करने के निर्देश दिए गए।

## मंत्रि-परिषद की गठित तीन सदस्यीय उपसमिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** आवास एवं पर्यावरण तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम तथा नियम में संशोधन हेतु अनुशंसा के संबंध में गठित मंत्रि-परिषद के उपसमिति की बैठक आयोजित हुई। मंत्रि-परिषद की तीन सदस्यीय उपसमिति की यह बैठक राजधानी के शंकर नगर स्थित आवास मंत्री अकबर के निवास कार्यालय में ली गई। बैठक में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितीकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उपसमिति के सदस्य राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा में भाग लेते हुए आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में नियमितिकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण तथा इसके प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू तथा संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जय प्रकाश मौर्य वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनाः 14 माह में 15 लाख से अधिक मरीजों का उपचार

# हर माह एक लाख से अधिक मरीजों को स्वस्थ बना रही मोबाइल मेडिकल यूनिट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति चाहता है कि जब वह बीमार पड़े तो उसे अपने इलाज के लिए भटकना न पड़े। छोटी-छोटी बीमारी के लिए अपने काम धंधे बंद कर डाक्टरों से अपॉइंटमेंट लेना और कतार में लग कर इलाज कराने से हर कोई बचना चाहता है। लोगों की जरूरतों को ध्यान रख छत्तीसगढ़ में शुरू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अब इन्हीं उद्देश्यों और लक्ष्यों को न सिर्फ पूरा कर रही है।

बल्कि अपने मुहल्ले में ही कैंप लगने से लोगों को इलाज में बहुत सहूलियत होने लगी है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के साथ गरीबों का त्वरित इलाज कर उन्हें स्वस्थ बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाए गए कदम का ही





परिणाम है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत गरीब परिवारों का दिल जीत रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के दिशा-निर्देशन में 1 नवंबर 2020 को प्रदेश के 14 नगर पालिक निगमों में प्रारंभ हुई इस योजना से अभी तक 15 लाख से अधिक मरीजों का उपचार हो चुका है। मोबाइल मेडिकल यूनिट अंतर्गत लगने वाले कैम्प और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने वालों की संख्या देखी जाए तो हर माह एक लाख से अधिक मरीज मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वस्थ हो रहे हैं।

### प्रति एमएमयू 70 मरीजों को मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्लम इलाकों में कैंप लगाकर इलाज एवं स्वास्थ्य जांच की जाती है। शिविर में आकर अपना इलाज कराने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। अब तक लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने वाले मरीजों का औसत देखे तो प्रति एमएमयू 70 मरीजों को इसका लाभ मिल रहा है। दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से प्रति एमएमयू 76 महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत दाई-दीदी क्लीनिक देश की ऐसी पहली अभिनव योजना है जिसमें महिला चिकित्सक से लेकर अन्य स्टाफ महिलाएं है। यहां महिलाओं द्वारा महिलाओं के इलाज किए जाने से स्लम सहित आसपास की महिलाएं बेझिझक अपना उपचार करा पाती है।

## ग्लास कारोबारी पर चाकू से हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** ग्लास कारोबारी पर चाकू से हमला करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक 16 जनवरी शाम करीबन 6 बजे सौरभ मिश्रा अग्रसेन धाम चौक ग्रीन लाईट ढाबा के पास यादव ठेला के सामने बैठा था और अपनी मोबाईल से अपने दोस्त से बात कर रहा था। उसी समय कुछ अपने अन्य साथियो के साथ दो मोटर सायकलो मे सौरभ मिश्रा के पास आकर जबरन मां बहन की गंदी गंदी गालिया दे रहे थे. जिसे गाली देने से मना करने पर मारने की धमकी देकर हाथ मे रखे चाक से मारकर भाग गये। जिससे सौरभ मिश्रा के पीठ में चोट लगकर खून निकले की रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपीयान के विरूद्ध धारा सदर का अपराध क, 26/223 धारा- 294,506,323,34 भा.दं.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहो के कथन आधार पर मुखबीर लगा कर 04 आरोपीयान एवं 04 अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया आरोपीयान से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर आरोपीयो का कृत्य संगठित व एक राय होकर प्रार्थी को चाकू से वार करने पर प्रकरण में धारा 147,148,149 भादस एवं 25, 27 आर्स एक्ट जोडी गई व आरोपी एवं अपचारी बालको को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। प्रकरण मे 01 आरोपी भावेश साहू उर्फ बुटी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

# सड़क की राशि विधायक कमीशन में खा गए : गागड़ा

- गुणवत्ताहीन सड़क को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने करवाया एफआईआर
- पूर्व मंत्री गागड़ा ने सड़क का निरीक्षण कर स्तरहीनता को लेकर नाराजगी व्यक्त किया



पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने उसूर मार्ग का निरीक्षण कर गुणवत्ताहीन को लेकर नाराजगी व्यक्त किया साथ ही सड़क की स्तरहीनता को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करवाया है। साल भर पहले बनकर तैयार हुआ आवापल्ली उसूर मार्ग गुणवत्ताहीन को लेकर चर्चे में है,सालभर में ही सड़क पूरी तरह उखड़ गई है वाहनों की आवाजाही में क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जिसे लेकर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने जिला अध्यक्ष के साथ उसूर मार्ग पहुंचकर निरीक्षण किया।जिसके बाद पूर्व मंत्री ने कहा करीबन नौ करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का राशि क्षेत्रीय विधायक की कमीशन में चला गया इसलिए स्तरहीन सड़क बना है लगातार जनता की शिकायत थी इसलिए सड़क का निरीक्षण करने भाजपा टीम के साथ आये थे सड़क मिल नही रहा सिर्फ गिट्टी भरा पड़ा है।विधायक को जनता का चिंता नही है इसलिए सड़क की राशि को भी नही छोड़ा। निरीक्षण के पश्चात आवापल्ली थाने पहुँचकर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करवाया है संबंधितों पर भारतीय दंड विधान की धाराएं 409,420 के तहत कार्यवाही की मांग की है। जिला अध्यक्ष ने कहा है सरकार के दबाव में कार्यवाही नही होने की स्तिथि में न्यायालय के शरण मे जाने की बात कही है। सड़क की गुणवत्ताहीन को लेकर पूर्व मंत्री गागड़ा ने सीधे तौर पर स्थानीय विधायक को जिम्मेदार ठहराया है,विधायक के कमीशन के चलते सड़क गुणवत्ता पूर्ण नही बन पाई। गागड़ा ने आगे कहा है जिले में जितने भी गुणवत्ताहीन कार्य कांग्रेस शासन में बने सबकी जांच आने वाले समय मे करवाएंगे। इस दौरान एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुखलाल पुजारी,जिला उपाध्यक्ष उर्मिला तोकल, जिला सदस्य जानकी कोरसा,मण्डल अध्यक्ष नीलकंठ ककेम,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा,आईटीसेल जिला संयोजक अरविंद पुजारी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री गागड़ा ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**बीजापुर।** पूर्व मंत्री महेश गागड़ा बुधवार को आवापल्ली उसूर क्षेत्र के दौरे पर रहे इस दौरान धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया और खरीदी केंद्रों की समस्याओं को जाना। पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा और जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार बुधवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ आवापल्ली उसूर के एकदिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान गागड़ा ने आवापल्ली व उसूर धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया और किसानों का हालचाल जाना साथ ही धान विक्रय दौरान होनेवाली समस्याओं को जाना। बेमौसम हुए बारिश के चलते कई दिनों तक धान खरीदी बंद पड़ा था मौसम के ठीक होते ही धान केंद्रों में भीड़ लगी हुई है इस दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर गागड़ा ने सीधे संपर्क करने की बात किसानों से की है।इस दौरान जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ का संभागीय प्रतिनिधि मंडल मिला संयुक्त संचालक शिक्षा से सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छग शालेय शिक्षक संघ के संभागीय प्रवक्ता कैलाश चन्द्र रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि संभागीय प्रतिनिधि मंडल संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा हेमंत उपाध्याय से मिलकर दिनाँक 12.01.22 को जारी शिक्षक एल बी संवर्ग की वरिष्ठता सूची में त्रुटि सुधार करने सहित कई माँगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों मे प्रमुख रुप से छग शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव शेलेष सिंह,जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष मिश्रा,जिलाध्यक्ष बीजापुर प्रहलाद जैन,जिला सचिव कैलाश चन्द्र रामटेके,ब्लाक अध्यक्ष शिव पूनेम,विजय चापड़ी शामिल थे।सौंपे गये ज्ञापन मे माँग की गई है कि छग लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 की कण्डिका (6) के उपनियम (3) के तहत समस्त रिक्त पदों पर पदोन्नति की जावे। बस्तर संभाग के सातों जिलों मे वरिष्ठता अलग -अलग संविलियन की तिथि को वरिष्ठता माना है।माँग की गई है कि सभी जिलों की वरिष्ठता तिथि को एक माना जाये।जारी सूची मे कई कनिष्ठ शिक्षक वरिष्ठ हो गये हैं।जन्म तिथि को क्षैतिज मानते हुये वरिष्ठता निर्धारण की माँग की गई है।पूर्व मे स्कूली शिक्षा विभाग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् गणित,अंग्रेजी,विज्ञान विषय को पढ़ाने वाले शिक्षकों से सहमति प्राप्त कर पदस्थापना की गई है पद गणना के समय उन्हे उसी विषय का शिक्षक माना जावे ताकि अतिशेष की स्थिति निर्मित ना हो।पदोन्नति हेतु वाणिज्य विषय को सामाजिक विज्ञान का शिक्षक मानते हुये पदोन्नति दी जावे।संभाग के अंतर्गत संचालित पोटाकेबिनों के शिक्षक ,प्रधान पाठक,प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की पदोन्नति हेतु गणना कर पदस्थापना की माँग की गई।बस्तर संभाग 90 प्रतिशत आरक्षित क्षेत्र होने के कारण नियमानुसार आरक्षण नियम का पालन करने की माँग की गई है।सारी माँगो को ध्यान से सुनने के बाद संयुक्त संचालक महोदय द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।माँग पत्र को जिलाध्यक्ष काँकेर हेमंत कोर्राम ,जिलाध्यक्ष करनैल सिंह राजपूत,जिलाध्यक्ष बस्तर जोगेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष सुकमा के यशवंत रामाराव ने अपनी सहमति प्रदान की है।

## होम आइसोलेटेड मरीज और उनके प्राथमिक संपर्क में आए लोगों पर रखे निगरानी

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के फैलाव को कम करने के लिए होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों के साथ ही उनके प्राथमिक संपर्क में आए लोगों को निर्धारित दिवस तक घर में ही रहना अति आवश्यक है। समस्त नोडल अधिकारी और वार्ड प्रभारी की यह जिम्मेदारी है की कोई भी कोविड पॉजिटिव मरीज अथवा उनके प्राथमिक संपर्क में आए लोग घर से बाहर नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। इस दायित्व के निर्वहन में यदि किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, कोई भी मरीज अथवा प्राथमिक संपर्क बाहर घूमता पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के साथ साथ क्षेत्र के नोडल अधिकारी और वार्ड प्रभारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज सुबह कोविड वार रूम में आयोजित बैठक में कलेक्टर विनीत नदनवार ने यह बातें कही। उन्होंने कोविड ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी कर्मचारियों से दो टूक कहा है की जिले में कोरोना



संक्रमण के फैलाव को कम करने के लिए कड़ी निगरानी आवश्यक है। सभी अपने दायित्व का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करे, किसी भी प्रकार से कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। विदित हो की जिले में कोविड संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर नंदनवार समय समय पर बैठक के माध्यम से जिले भर की स्थितिबका आंकलन व्यक्तिगत रूप से करते हैं। इसके साथ ही अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी देते है।

**बाहर से आने वाले व्यक्तियों की कोविड जांच अनिवार्य-** जिले में बाहर से आने-जाने वालों के कोविड जांच हेतु बनाए गए चेक पोस्ट पर बाहर से आने वाले व्यक्तियों की अनिवार्य रूप के कोविड जांच करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से साथ ही पुलिस और संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी चेक पोस्ट पर लगाई गई है।

## डैनेक्स आरओ वाटर की आखिर कितनी बार उद्घाटन करवाएंगे अजमेरा सिंह कुशवाहा : रामु राम नेताम

पायनियर संवाददाता ➤ दन्तेवाड़ा
www.dailypioneer.com

टेकनार स्थित गौशाला से डैनेक्स आरओ वॉटर सप्लाई के उदघाटन को लेकर जिला पंचायत सदस्य रामु राम नेताम ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि आखिर पशुधन विकास विभाग के डायरेक्टर अजमेरा सिंह कुशवाह एक ही कार्य का उदघाटन कितनी बार करवाएंगे। नेताम ने कांग्रेसियों पर भी आरोप लगाते हुए



कहा कि जिले में नए अधिकारी के आते ही उनके आंखों में धूल झोंकर पुराने कामों को नया बताकर फिर से उनका उदघाटन कराने में कांग्रेसी भी पीछे नही हैं। कांग्रेसियों ने तो जिले को पुराने कार्यों का पुनः उदघाटन का मैदान बनाकर रख दिया है। डैनेक्स आरओ वॉटर टेकनार की उदघाटन और पानी सप्लाई की बात को अभी ज्यादा दिन नही हुए हैं, उन्होंने कहा कि अप्रैल माह 2021 लॉक डाउन के दौरान ही इसका उदघाटन हुआ था। उक्त कार्यक्रम में मैं स्वयं के साथ साथ डैनेक्स के सीओ, ग्राम सरपंच सहित डिप्टी कलेक्टर मुकेश गौड़ भी मौजूद थे। इस दौरान डैनेक्स आरओ वाटर टेकनार मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर एवं ड्यूटीरत पुलिस कर्मचारियों को बांटी गई थी।

## आकार ले रहा कुलगांव का गांधी ग्राम बेवरती गौठान में सब्जी उत्पादन की तारीफ

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड कांकेर ग्राम कुलगांव में गांधी ग्राम की स्थापना की जा रही है, जो अब आकार लेने लगा है। यहॉ पर लघु वनोपज आधारित विभिन्न गतिविधियों का आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। महिला स्व-सहायता समूहों को भी यहां पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी और कलेक्टर चन्दन कुमार ने अधिकारियों के साथ बुधवार को गांधीग्राम कुलगांव का निरीक्षण कर वहां पर कराये जा रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया एवं अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिये। गांधीग्राम कुलगांव में




इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, दस-दस बेड का दो नग डारमेंट्री, चार बेड का 10 नग रेसीडेंसियल रूम, जिसमें से 06 नग का निर्माण पूरा हो चुका है, 20 नग दो बेडेड रेसीडेंसियल रूम, किचन हॉल, महिला स्व-सहायता समूह के कार्यशाला के लिए शेड का निर्माण, चबूतरा निर्माण, प्रशिक्षण कक्ष का निर्माण किया गया है। यहां पर भूमिगत सिंचाई पाईपलाइन बिछाई गई है, अलंकृत उद्यान तैयार किया जा रहा है, साथ ही मशरूम उत्पादन एवं स्पॉन उत्पादन यूनिट का कार्य भी प्रगतिरत है। गांधी ग्राम में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा मछली आहार निर्माण इकाई स्थापित की गई है, जिसका संचालन महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। तालाब में मछली पालन भी किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से कतला, रोहू, मृगल इत्यादि मछली के बीज डाले गये हैं।

## विवादों में उलझता जा रहा बंधुआ तालाब का सफाई कार्य

- ऐतिहासिक बंधवा तालाब के जलकुंभी की सफाई को प्रभारी मंत्री ने बताया पैसे की बर्बादी
- पानी छोड़कर तालाब की अच्छे से सफाई कराने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के ह्रदय स्थल में स्थित ऐतिहासिक बंधवा तालाब जलकुंभी से पटा हुआ है और जलकुंभी की सफाई के लिए जिला प्रशासन द्वारा 1 करोड़ 14 लाख की लागत से ठेकेदार से सफाई की जा रही है जो कि विवादों में आ गई है। जिसको लेकर 12 जनवरी को जिला प्रशासन की बैठक में जिला के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने सिर्फ जलकुंभी की सफाई में एक करोड़ रुपये की राशि खर्च किया जाने को फिजूल खर्च बताया



और बंधवा तालाब का पानी छोड़कर तालाब की सफाई करने के निर्देश दिए ।

वही भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने जलकुंभी सफाई को भ्रष्टाचार का नया तरीका बताया और कहा कि बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए बंधवा तालाब की जलकुंभी सफ़ाई को प्रभारी मंत्री द्वारा बंद कराना बताया। ज्ञात हो कि नारायणपुर नगर पालिका के ह्रदय स्थल पर 52 एकड़ में स्थित बंधवा तालाब में पिछले दो सालो से जलकुंभी से पट जाने के कारण ना ही निस्तारी के काम रहा और ना ही जानवरो के प्यास पुझाने के काम का रहा था। जलकुंभी से पटी बंधवा तालाब को जिला प्रशासन द्वारा केवल जलकुंभी की सफाई के लिए एक माह पहले 1 करोड़ 14 लाख की लागत से सफाई कराये जाने का मामला अब विवादों में आ गया है जहां भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने भ्रष्टाचार का नया तरीका बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन और कांग्रेस मिलकर नए नए तरीके ईजाद कर रही है भ्रष्टाचार के ।

वही कांग्रेस के जिलाध्यक्ष देवनाथ उसेंडी ने बताया कि प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने 12 जनवरी को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुई अधिकारियों की बैठक में जिला कलेक्टर को बंधवा तालाब में की जा रही सिर्फ जलकुंभी सफाई को फिजूलखर्ची बताते हुए सफाई कार्य को बंद करने के निर्देश जिला प्रशासन को बैठक के दौरान दिया और कहा कि पानी छोड़कर पूरा साफ किया जाए इससे तालाब की अच्छे से सफाई होगी। सिर्फ जलकुंभी की सफाई में इतनी राशि खर्च करना गलत है।

## सीआरपीएफ 199 वी वाहिनी द्वारा आयोजित किया गया सिविक एक्शन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

सी.आर.पी.एफ द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 199 वी वाहिनी केरिपुबल द्वारा भैरमगढ जिला बीजापुर में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें भैरमगढ के आसपास के ग्राम बडलापाल, पोडुम, पातुरपारा, टेमरूभाटा, पुशनार इत्यादि गांवों के लगभग 200-250 पुरुष-महिलाएं, छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सबसे पहले बटालियन द्वारा आयोजित भर्ती प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम हुआ। यह भर्ती प्रशिक्षण दिनांक 06/12/2021 से 19/01/2022 तक भैरमगढ़, कोडोली तथा पिनकोण्डा, जिला बीजापुर में चलाया गया जिसमें 85-90 स्थानीय लड़के-लड़कियों ने लगातार भाग लिया एवं बस्तर फाईटर के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार, प्रशिक्षित पी.टी.आई एवं अनुभवी अधिकारियों के द्वारा तैयारी करवाई गयी। लिखित एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में अच्छा प्रदशर्न करने




वाले 40 बच्चो को पुरूस्कार के रूप में ट्रैक-शूट, जूते, टी-शर्ट इत्यादि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आगे खेल-कूद के प्रति जागरूकता/रूचि बढ़ाने के उद्देश्य हेतु भैरमगढ़ हाई स्कुल की फुटबॉल टीम को फुटबॉल, फुटबॉल नेट व टीम के 12 सदस्यो को टी-शर्ट एवं शॉर्ट्स, ग्राम पातुरपारा के बालिका वॉलीबॉल टीम तथा भैरमगढ़ मिडिल स्कूल की वॉलीबॉल टीम को वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट तथा प्रत्येक खिलाड़ी को टी-शर्ट एवं शॉर्ट्स वितरण किया गया। इसी कर्म में भैरमगढ के आसपास के ग्रामीणों के बीच रेडियो सेट वितरण किये गये। इस अवसर पर रजा हैदर, कमांडेंट 199 बटालियन ने उपस्थित स्थानीय लोगों को सी.आर.पी.एफ. द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी कार्यक्रमों से अवगत कराया एवं भविष्य में भी ऐसी योजनाओं को जारी रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हितकारी योजनाओं के बारें में भी अवगत कराया एवं योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। 199वी बटालियन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही एवं ग्रामीणो द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की । रजा हैदर, कमांडेंट 199 बटालियन ने बताया कि सी.आर.पी.एफ द्वारा इस प्रकार के प्रोग्राम आयोजन का उद्देश्य आम जनता के साथ आपसी विश्वास व समाज के मुख्यधारा से भटके नौजवानों युवाओं को वापस मुख्यधारा में जोड़ना हैं । इस अवसर पर ग्रामीणों को जलपान भी कराया गया। बटालियन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रजा हैदर, कमांडेंट 199बटा0 के अतिरिक्त सुधान्शु शेखर द्वितीय कमान अधिकारी, तरेश साहु एस.डी.ओ.पी भैरमगढ़, टी.आई. मधुनाथ, पुलिस थाना भैरमगढ़, ग्राम पंचायत पातुरपारा के सरपंच रमिला हपका मौजूद थे।

## कलेक्टर की पत्नियों को नौकरी देकर छग सरकार कर रही है प्रदेश में बेरोजगारी दूर : अधि.दीपिका

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में क्लास वन अधिकारी किस प्रकार अपनी मनमानी पर उतर आए हैं इसका शासन का एक आदेश जीता जागता उदाहरण है छत्तीसगढ़ में वर्ल्ड बैंक की एक योजना में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सचिव एस भारतीदासन ने अपने मातहत, अपनी पत्नी को 1 लाख की नौकरी दी, साथ ही वर्तमान सुकमा कलेक्टर विनीत नंदनवार की पत्नी को 50 हज़ार और हिमशिखर गुप्ता की पत्नी को 80 हज़ार की नौकरी दी। जहां प्रदेश के बेरोजगार युवा आत्महत्या कर रहे हैं कांग्रेस के घोषणापत्र में बेरोजगारी भत्ता 2500 रु देने की बात कही गई थी जिसे पूरा करने में मुख्यमंत्री को पसीना छूट रहा है वही ब्यूरोक्रेट्स को फायदा पहुंचाने में पूरा अमला लगा हुआ है कलेक्टर्स की पत्नियों को नौकरी देकर कुछ इस तरह राज्य में बेरोज़गारी दूर की जा रही है उक्त आरोप लगाया है भाजयूमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधि.दीपिकाशोरी ने उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास परियोजना (चिराग) (कृषि विकास, किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार) पत्र संदर्भ एसपीसी/ओएल/चिराग/28 दिनांक- 25/10/2021 मेनका एम भारतीदासन को प्रस्ताव कृषि विकास, किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सरकार के तहत परियोजना चिराग। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू), रायपुर, छत्तीसगढ़ में अनुबंध पर राज्य परियोजना प्रबंधक-खाद्य एवं पोषण सहायक कृषि के पद के लिए 30 नवम्बर 2021 को 1 लाख रु प्रति माह मानदेय पर 2 वर्षों के लिए चयन किया गया है। तथा छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास परियोजना (चिराग) (कृषि विकास, किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार) पत्र संदर्भ- एसपीसी/राजभाषा/चिराग/11 दिनांक 25/10/2021 नेहा गुप्ता को प्रस्ताव पत्र कृषि विकास विभाग, किसान



कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सरकार के तहत परियोजना चिराग। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू), रायपुर, छत्तीसगढ़ में सहायक परियोजना प्रबंधक-वित्त पद पर 80 हजार रु प्रति माह के मानदेय पर 30 नवम्बर 2021 को दो वर्षों हेतु अनुबंध किया गया है।

**किसानों का हो रहा शोषण कलेक्टर पत्नि को नौकरी दिलाने में व्यस्त-** दीपिका ने सुकमा कलेक्टर वीनीत नंदनवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग 2 वर्षो से कलेक्टर सुकमा को जन समस्या से जुड़े कई पत्र लिखे परन्तु आज तक एक भी पत्र का जवाब नहीं आया पिछली धान खरीदी से हम धान खरीदी केंद्रों में सही तौल से धान खरीदी हेतु डिजिटल कांटे की मांग हेतु आवाज उठाई परन्तु कलेक्टर साहब को सुनाई नहीं दिया वर्तमान धान खरीदी केंद्र छिंदगढ़ में किसानों से प्रति बोरा 4 किलो अधिक धान लेने की खबरें प्रकाशित हुई वीडियो भी शोसल मीडिया में वायरल हुआ परन्तु कलेक्टर साहब ने किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने की आवश्यकता ही नहीं समझी क्योंकि कलेक्टर साहब अपनी पत्नि को रोजगार दिलाकर छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दूर कर रहे थे जो शासन के इस आदेश से पता चलता है। छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास परियोजना (चिराग) (कृषि विकास, किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार) पत्र संदर्भ- एसपीसी/ओएल/चिराग/ 25 दिनांक-25/10/2021 कोमल नंदनवर को प्रस्ताव कृषि विकास, किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सरकार के तहत परियोजना चिराग। छत्तीसगढ़ सरकार चयन राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू), रायपुर, छत्तीसगढ़ में अनुबंध पर परियोजना कार्यकारी - ईएसएफ-पर्यावरण के पद के लिए 50 हजार रु प्रतिमाह के मानदेय पर 30 नवम्बर 2021को दो वर्षों के लिए किया गया है।

# लोकपर्व छेरछेरा पर बच्चे घरों में धान मांगने पहुंचे

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे सोमवार को छेरछेरा लोकपर्व की धूम दिखी, यहां के गली मोहल्ले मे बच्चे घर-घर जाकर अन्न की मांग करते देखे गए। इस पर्व को लेकर भाटापारा अंचल मे खासा उत्साह देखा गया। शहरी व ग्रामीण अंचलों में जहां बच्चों की टोलियां उत्साह के साथ छेरछेरा पर्व को मनाते हुए घर-घर पहुंचकर अन्न दान लेने पंहुचे। मान्यता है कि इस पुस माह एवं त्योहार पर पर जो भी दान किया जाता है वह महादान होता है। इसका सुखद फल भी प्राप्त होता है। भाटापारा इलाके मे लोकपर्व छेरछेरा को आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। फसल के खेतों से खलिहानों में आने की खुशी और अच्छी फसल को लेकर आद्रा और पुर्नवसु नक्षत्र में लोक पर्व छेरछेरा मनाया जाने वाले इस पर्व मे बच्चों की टोली घर-घर जाकर अन्न मांगते है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन से ग्रामीण अंचलों में शुभ कार्यों की भी शुरुआत हो जाती है। छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेरते हेरा. जैसे पारंपरिक बोल के साथ छेरछेरा के दिन बच्चों की टोली घर-घर जाकर अन्न मांगती हैं। किसान भी खुले हाथों से बच्चों को अन्न का दान करते हैं। इस दिन लोक गीतों की भी बहार रहती है। विदित हो कि इस दिन सभी घरों में नया चावल का चीला, चौसेला ,फरा, दुधफरा, भजिया आदि छत्तीसगढ़ी अन्य व्यंजन बनाया जाता है। इसके अलावा छेर-छेरा के दिन कई लोग खीर और खिचड़ा का भंडारा रखते हैं, जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। इस दिन अन्नपूर्णा देवी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भी जातक इस दिन बच्चों को अन्न का दान करते हैं, वह मृत्यु लोक के सारे बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। इस दौरान मुर्रा, लाई और तिल के लड्डू आदि का वितरण भी किया जाता है।

### आपस में बांटते हैं प्रसाद

गली मोहल्ले के घरों के सामने गोल घेरा बनाकर छेरछेरा गीत गाते हुए नृत्य करते बच्चों का कहना है कि हमें घर वालों द्वारा जो भी दान मिलता है उसे आपस में बांटते है। नगदी मिले पैसों से सामान इकट्ठा कर भोजन बनाकर खाते है तथा प्रसाद के रूप में एक-दूसरे के घर बांटते है। पुन्नी नृत्य करने आए बच्चों का कहना था कि इस खुशनुमा माहौल में हम सभी एकजुट होकर पुनी दान लेने घर घर में दस्तक देते है। इस परंपरा से भाईचारा की भावना बढ़ती है। उन्हें हर वर्ष पुनी छेरछेरा त्योहार का बच्चों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन भारी मात्रा मे उन्हें हर घर से धान, चावल व नकद राशि मिलती है।

### पारंपरिक त्योहार है छेरछेरा

पुस माह में मनाए जाने वाला पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पुनी नगर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मौसम के बदलते मिजाज के बावजूद इस पुन्नी त्योहार में बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ।सुबह से ही बच्चे सज संवरकर हाथों में थैला लिए नगदी जमा करने निकल पड़े। पारंपरिक गीत छेरछेरा एवं नृत्य करते हुए झुंड में बच्चों ने छेरछेरा त्योहार मनाया। इस अवसर पर छेरछेरा पुनी नृत्य कर रहे बच्चों, बुजुर्गों को ग्राम व नगरवासी जो भी उनसे बन पड़ा उन्हें दान किया। गौरतलब हो कि छेरछेरा त्योहार के दिन लोग कामकाज पूरी तरह बंद रखते है। इस दिन लोग प्रायः गांव छोड़कर बाहर नहीं जाते उत्सव मनाते है।

**त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021**

## जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों के लिए कल होगा मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुन्द
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021 के कल गुरुवार 20 जनवरी को होने वाले मतदान के लिए मतदान दल अपने-अपने केन्द्रों के लिए रवाना हो रहे है। जिले में होने वाले पंचायत उप निर्वाचन की कुल 25 सीटों के लिए 61 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें महासमुंद की एक जनपद उप चुनाव के लिए 6 अभ्यर्थी है। वहीं बागबाहरा और सरायपाली की 3-3 सरपंच की उपचुनाव के लिए 16 प्रत्याशी खड़े हुए है। वहीं पिथौरा के 5 सरपंच सीट के लिए 12 उम्मीदवार अपना भाग्य अजमा रहे है। इसी तरह जिले में पंच के 13 सीटों के लिए भी उप चुनाव हो रहा है।

इसके लिए 27 अभ्यर्थी मैदान में है। पंच की ये चुनाव महासमुंद में 3, बागबाहरा में एक, पिथौरा में 4, बसना में 2 और सरायपाली में 3 सीटों पर हो रहा है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन बैलेट मत पत्रों के माध्यम से प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जाएगा। इसके उपरांत मतदान केन्द्र पर ही मतगणना कार्य मतदान अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए 57 मतदान दल, 17 सेक्टर ऑफिसर एवं 6 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है।

## भखारा तहसीलदार कुरूद के रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) पी.एस. एल्मा ने तहसीलदार कुरूद तारसिंह खरे के अवकाश पर जाने के कारण उनके स्थान पर भखारा तहसीलदार हनुमंत सिंह श्याम को पंचायत उपनिर्वाचन 2021-22 के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## नये कलेक्टर डोमन सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया

**बलौदाबाजार।** जिले के नये कलेक्टर डोमन सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे महासमुंद से स्थान्तरित होकर यहां आए हैं। सिंह ने वर्तमान कलेक्टर सुनील कुमार जैन से यहां जिला कार्यालय में पूर्वान्ह चार्ज लिया। जैन ने कलेक्टोरेट पहुंचने पर नवनियुक्त पदस्थ कलेक्टर सिंह का स्वागत किया। सिंह जिले के सातवें कलेक्टर हैं। वे वर्ष 2009 बैच के आईएएस अफसर हैं। इसके पहले महासमुंद के अलावा कांकेर, मुंगेली, कोरिया एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। इसके साथ ही जिला पंचायत सभागार में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में नये कलेक्टर डोमन सिंह का स्वागत एवं निवर्तमान कलेक्टर सुनील कुमार जैन को सादर विदाई दी गयी। इस दौरान सभी जिला अधिकारियों ने जैन के साथ कार्य किए हुए स्मृतियों को साझा किए साथ ही उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्की, बलौदाबाजार एसडीएम आईएएस प्रतिष्ठा ममगाई सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि राज्य शासन ने सुनील कुमार जैन को अब विशेष सचिव स्कूल शिक्षा एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय की जिम्मेदारी दी गयी है।



## आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 10.30 बजे ब्रह्माकुमारीज़ के डायमंड हॉल, शांतिवन, आबू रोड में आयोजित आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय उद्घाटन ऑनलाइन द्वारा करेंगे। यह प्रोजेक्ट ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय, माउंट आबू एवं भारत सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस महोत्सव को ब्रह्माकुमारीज़ के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा के 53वें अव्यक्त आरोहण के अवसर पर लॉन्च किया जा रहा है। प्रधानमंत्री पूरे वर्ष भर चलने वाले इन कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे:1. मेरा भारत - स्वस्थ भारत 2. 'आत्मनिर्भर किसान' अभियान 3. महिलाएं - नए भारत की ध्वजवाहक। इसके अलावा प्रधानमंत्री अगले 12 महीनों में होने वाले अन्य कार्यक्रमों को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिसमें मुख्य हैं:1. 'शांति की शक्ति' युवा प्रदर्शनी बस अभियान 2. 'अनदेखा भारत' ङ्क भारत के विरासत स्थलों के लिए साइकिल रैली 3. 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' - मोटर बाइक अभियान 4. स्वच्छ भारत अभियान। प्रधानमंत्री जी, इस महोत्सव के उपलक्ष्य में ग्रैमी अवार्ड विनर रिकी केज द्वारा बनाये हुए म्यूजिक एल्बम को भी रिलीज़ करेंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी शुभ प्रेरणा देंगे और राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देंगे। इस महोत्सव को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल संबोधित करेंगे। न्यूयार्क से ब्रह्माकुमारी संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी इस महोत्सव में देश-विदेश से जुड़े हुए सभी भाई-बहनों को ईश्वरीय सन्देश देकर राजयोग की अनुभूति कराएंगी। यह महोत्सव ब्रह्माकुमारी संस्था की मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी जी के सानिध्य में होगा।

## चोरी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**तिल्दा नेवरा।** फार्म हॉउस में चोरी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे समीपस्थ ग्राम भिंभौरी के किसान दिनेश चंद्र वसु के फार्म हाउस में पिछले दिनों अज्ञात चोर ने धान -खाद -गैस सिलेंडर आदि की चोरी की रिपोर्ट नेवरा थाना में दर्ज कराया गया था पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी किया जा रहा था इस दौरान मुखबिर की सुचना पर सुनील कुमार कुर्रे ग्राम केवतरा निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया आरोपी ने फार्म हाउस में चोरी करना कबूल किया आरोपी सुनील कुमार कुर्रे ग्राम केवतरा निवासी से चोरी किये गए सामान के साथ चोरी में प्रयुक्त किये गए मोटर सायकल को जब्त कर आरोपी को भा द वि धारा 457 - 380 के तहत न्यायायिक हिरासत में लिया गया है उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहसिन खान के निर्देशन में प्रधान आरछक राजेश शिकरवार -सदानंद ठाकुर -महेंद्र वर्मा -तरुण वर्मा आदि ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है।



## पंचायतों में उपचुनाव के लिए मतदान कल पोलिंग बूथों के लिए मतदान दल हुए रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन 2021-22 के तहत गुरूवार 20 जनवरी को जिले के 52 मतदान केन्द्रों में मतदान किया जाएगा। इसे सम्पन्न कराने के लिए आज मतदान दल संबंधित जनपद पंचायत मुख्यालय से अपने निर्धारित पोलिंग बूथ के लिए रवाना हो गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस. एल्मा के निर्देशानुसार पंचायतों में उपचुनाव के लिए मतदान दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल में एक-एक पीठासीन अधिकारी एवं तीन-तीन मतदान कर्मी शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि जिले में कुल 52 पोलिंग बूथ एवं मतदान दल बनाए गए हैं। इनमें जनपद पंचायत कुरूद में 26, धमतरी में 13, नगरी में 08 तथा जनपद पंचायत मगरलोड में 05 शामिल हैं। इस तरह कुल 208 मतदान कर्मियों के द्वारा गुरूवार 20 जनवरी को मतदान सम्पन्न कराया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक जनपद में रिजर्व दल भी गठित किए गए हैं, कुरूद में तीन तथा शेष जनपद पंचायतों में एक-एक आरक्षित दल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पंचायतों में उप निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए जिले में कुल 11 सेक्टर बनाए गए हैं जिनमें कुरूद में 04, नगरी व धमतरी में 3-3 तथा मगरलोड में 01 सेक्टर स्थापित किया गया है। प्रत्येक पोलिंग बूथ के लिए एक सुरक्षाकर्मी व कोटवार के अलावा एक स्वास्थ्य विभाग के कर्मी की भी तैनाती की गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में राजनीतिक संवेदनशील बूथ की संख्या 14 है, जबकि अतिसंवेदनशील बूथ 12 हैं। इसी तरह 07 बूथ नक्सल अतिसंवेदनशील और 19 सामान्य केन्द्र हैं। उल्लेखनीय है कि पंचायत उपनिर्वाचन 2021-22 के तहत जिले में जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच तथा पंच के रिक्त पदों के विरूद्ध गुरूवार को सुबह सात बजे से अपराह्न तीन बजे तक ग्रामीण मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जाएगा। इनमें निर्विरोध सीटों के अलावा शेष सीटों पर मतदान कल सुबह से होगा।

## कलेक्टर ने चण्डी माता और खल्लारी माता की पूजा-अर्चना की

**महासमुंद।** कलेक्टर डोमन सिंह ने सोमवार शाम पत्नी के साथ ज़िले के बागबाहरा ब्लॉक स्थित घुंचापाली स्थित चण्डी माता मंदिर और खल्लारी माता मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ सहित ज़िले को कोरोना से मुक्ति दिलाने और ख़ुशहाली की प्रार्थना की। पिछले एक हफ़्ते पहले महासमुंद कलेक्टर की जाँच रिपोर्ट कोरोना पॉज़िटिव आयी थी। कलेक्टर की करोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद चिकित्सकों की सलाह पर घर में ही आइसोलेशन में चले गए थे। कोरोना को मात देने के बाद उन्होंने लोगों से कहा कि घबराएं नहीं सजग,सतर्क और सावधान रहे। मास्क, सोशल डिस्टन्सिंग और हाथ साबून से धोते रहें। हाथों के लिए अच्छे सैनिटाइजर का उपयोग करें। भीड़भाड़ वाले इलाक़े में जाने से बचें ।

## एनएसयूआई ने किया योगी का पुतला दहन

**महासमुंद।** उत्तरप्रदेश में चल रहे चुनाव प्रचार के दौरान छ.ग. के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफकोरोना नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाया गया। बाद उनके खिलाफएफआईआर भी दर्ज की गई है। सोमवार को इसका विरोध एनएसयूआई के द्वारा पूरे प्रदेश स्तर पर किया गया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर हुए एफआईआर के विरोध में स्थानीय कांग्रेस भवन चौक में पुतला दहन किया गया। एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष शुभम चंद्राकर ने कहा कि योगी सरकार डरपोक है, सभी राजनीतिक दल अपने चुनाव प्रचार में लगी हुई है, उसके बीच भूपेश बघेल पर किए तानाशाही एफआईआर निंदनीय है। योगी सरकार ने हार के डर से किसान हितैषी भूपेश बघेल पर एफआईआर दर्ज की है। इस एफआईआर को निरस्त करना होगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू व जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी की उपस्थिति में शहर अध्यक्ष शुभम चंद्राकर के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से गिरजा चंद्राकर, राजू साहू, सुनील चंद्राकर, राजा सोनी, प्रदीप चंद्राकर, चंद्रेश साहू, कान्हा प्रधान, अब्दुल, सम्मी, पुष्कर युवराज, पप्पू परमेश्वर, छोटू सराद, पुरुषोत्तम, मोहित, दुर्गेश, रामेश्वर, सरजू, राहुल, बबलू, हिमांशु, गुलशन, हेमंत, मनु, पवन आदि उपस्थित रहे।

## छेरछेरा हमारी सामाजिक समरसता और दानशीलता का पर्व : तुषार

**महामसुंद।** किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक पर्व छेरछेरा पर कहा कि नई फसल के घर आने की खुशी में पौष मास की पूर्णिमा को छेरछेरा पुन्नी तिहार मनाया जाता है। इसी दिन मां शाकम्भरी जयंती भी मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से भीक्षा मांगी थी, इसलिए लोग धान के साथ साग-भाजी, फल का दान भी करते हैं। तुषार ने कहा कि महादान और फसल उत्सव के रूप त्यौहार मनाए जाने वाला छेरछेरा तिहार हमारी सामाजिक समरसता, समृद्ध दानशीलता की गौरवशाली परम्परा का संवाहक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों में उदारता के कई आयाम दिखाई देते हैं। यहां उत्पादित फसल को समाज के जरूरतमंद लोगों, कामगारों और पशु-पक्षियों के लिए देने की परम्परा रही है। छेरछेरा का दूसरा पहलू आध्यात्मिक भी है, यह बड़े-छोटे के भेदभाव और अहंकार की भावना को समाप्त करता है।

## लाहोद में मनाया गया शाकम्भरी महोत्सव



**बलौदाबाजार।** हरदिहा पटेल मरार समाज लाहोद परिक्षेत्र द्वारा लोहोद के पटेल भवन में शाकम्भरी जयंती के अवसर पर शाकम्भरी महोत्सव मनाया गया। जहां समाज के लोगो ने शाकम्भरी माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरदिहा पटेल समाज के पूर्व छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। जिन्होने शाकम्भरी महोत्सव आयोजन के लिए लाहोद परिक्षेत्र के पदाधिकारियो को बधाई दी। वही रामाधार पटेल ने शाकम्भरी जयंती पर लोगो को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। शाकम्भरी महोत्सव कार्यक्रम में लवन राज के पूर्व उपाध्यक्ष तीजराम पटेल, सभापति बोंदरू प्रसाद पटेल, केशव राम पटेल, छबीराम पटेल, कृष्णा पटेल, बंशीराम पटेल, डॉ. भागचंद पटेल, गोविंद पटेल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा एचआईवी एड्स पर में जागरूकता अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नेहरू युवा केंद्र रायपुर छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार व छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में बलौदाबाजार में बोरसी, रिषदा, मोपका निपनिया, पलारी, बारनवापारा, गिर्रा, में 8 जगह में एड्स एवं उसके रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमे 600 से अधिक युवा एवं 50 से अधिक युवा मंडलो को सही जानकारी एवं उपाय बता कर जागरूक किया गया । उक्त कार्यक्रम में युवाओं को यौन जनित संक्रमणों के कारणों,लक्षणों और बचाव के उपायों के साथ ही एच आई व्ही, एड्स के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एच आई व्ही संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित (बिना कंडोम के) यौन सम्बन्ध बनाने, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित इंजेक्शन लगाने व संक्रमित माता-पिता से होने वाले सन्तान को एच आई व्ही व यौन सम्बंधित बीमारी होने का खतरा होता है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचने के लिए युवाओं के पास सही व सम्पूर्ण जानकारी होना जरूरी है। कार्यक्रम में इस बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए शासन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की भी विस्तृत जानकारी युवाओं को दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल समेत विकासखण्ड स्तर पर भी सीएचसी में आई सी टी सी केंद्र स्थापित है, जहां जाकर एचआईवी के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। इसके अलावा यौन जनित संक्रमणों व जननांगों की अन्य समस्याओं के निदान व जानकारी के लिए जिला अस्पताल में सुरक्षा क्लिनिक स्थापित है। युवाओं को नेशनल हेल्प लाइन नम्बर 1097 एवं मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त युवाओं को प्रोजेक्टर पर लघु फिल्मों का प्रसारण करके दिखाया गया व पीपीटी के माध्यम से चित्र समेत जानकारियां दी गईं। युवाओं को सम्बन्धित विषय की पोप्लेट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में देवानंद बोरकर, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, संदीप पांडेय, समाज सेवी, कौशलेश तिवारी, प्रशिक्षक, स्वास्थ विभाग, डॉ आरती ध्रुव द्वारा युवाओं के साथ जानकारी साझा की ।

## फरवरी माह के लिए स्कूलों को 1533 क्विंटल चावल का पुनर्बटन

**धमतरी।** मध्याह्न भोजन योजना के तहत जिले की 1344 शासकीय प्राथमिक एवं अपर प्राथमिक शालाओं में कुल 1533.70 क्विंटल खाद्यान्न (चावल) का पुनराबंटन लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्राप्त हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसमें जिले की 888 प्राथमिक शालाओं के लिए 740.80 क्विंटल और 456 अपर प्राथमिक शालाओं के लिए 792.90 क्विंटल खाद्यान्न का आबंटन माह फरवरी 2022 हेतु प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि धमतरी विकासखण्ड की 206 प्राथमिक शालाओं के लिए 174.40 क्विंटल, कुरूद के 185 प्राथमिक शालाओं के लिए 218.90 क्विंटल, मगरलोड के 154 स्कूलों के लिए 133.20 तथा नगरी विकासखण्ड के 343 प्राथमिक शालाओं के लिए 214.30 क्विंटल खाद्यान्न का आबंटन प्राप्त हुआ है।

**बीएमओ डॉ. सूनील भारती ने मृतक के पॉजिटिव रिपोर्ट की पुष्टि की**

## अंतिम संस्कार के बाद युवक का कोरोनो रिपोर्ट आया पाजेटिव, मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के छुरा में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक के अंतिम संस्कार के बाद उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आ गयी. युवक की रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी. परिजनों द्वारा दोपहर में उसके शव का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

शाम को उसकी कोरोना रिपोर्ट आई, जिसमे युवक पॉजिटिव निकला. इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

दरअसल, शहर के गढियापारा निवासी 32 वर्षीय एक युवक कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था. इलाज के लिए उसे रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था. युवक का कोरोना टेस्ट भी कराया गया था, लेकिन रिपोर्ट आने से पहले ही मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गयी।

परिजन युवक के शव को छुरा ले आये और दोपहर में स्थानीय मुक्तिधाम में उसका विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर दिया. इसके बाद शाम को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में युवक की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आ गयी।

इसके बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया, क्योंकि तबतक मृतक के परिजनों के संपर्क में कई लोग आ चुके थे. छुरा बीएमओ डॉ सुनील भारती ने मृतक के कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने की पुष्टि करते हुए सभी को जांच कराने की सलाह दी है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन में गरियाबंद जिले में मंगलवार को बड़ी संख्या में कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है. जिले में 39 कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है. इसके साथ ही जिले में एक्टिव मरीजो के आंकड़े ने भी शतक पार कर लिया है. जिले में एक्टिव मरीजों का आंकड़ा 135 पार पहुंच गया है. प्रदेश के आंकड़ो में भी बढ़ौतरी देखी गयी. प्रदेश में 5614 मरीज सामने आए है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Ph : 07722-236704, (Office) Email :- ee-res.dhamtari@nic.in

**// मैनुअल निविदा सूचना क्रं. 09 //**

क्रमांक/1924/निविदा/ग्रा.यां.से./21-22 धमतरी, दिनांक 12/01/2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| गुप. क्रं. | कार्य स्थल का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 |
| 1. | उपस्वास्थ्य केन्द्र मरौद (राखी) विकासखण्ड-कुरूद | Ramping up Health Infrastructure with focus on Pediatric Care Unit | 8.45 |
| 2. | उपस्वास्थ्य केन्द्र सेमरा बी. (रामपुर) विकासखण्ड-कुरूद | | 8.45 |
| 3. | उपस्वास्थ्य केन्द्र मंदरौद (कोड़ापार) विकासखण्ड-कुरूद | | 8.45 |
| 4. | उपस्वास्थ्य केन्द्र सिलौटी विकासखण्ड-कुरूद | | 8.45 |
| 5. | प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्र कुकरेल विकासखण्ड-नगरी | | 8.45 |
| 6. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुगली विकासखण्ड-नगरी | | 8.45 |
| 7. | उपस्वास्थ्य केन्द्र गुहाननाला विकासखण्ड-नगरी | | 8.45 |
| 8. | उपस्वास्थ्य केन्द्र हरदीभाठा विकासखण्ड-नगरी | | 8.45 |
| 9. | उपस्वास्थ्य केन्द्र टांगापानी विकासखण्ड-नगरी | | 8.45 |
| 10. | उपस्वास्थ्य केन्द्र पावद्वार विकासखण्ड-नगरी | | 8.45 |
| 11. | उपस्वास्थ्य केन्द्र गोरेगांव (तुमबहारा) विकासखण्ड-नगरी | | 8.45 |
| 12. | नवीन प्राथमिक शाला जोरातराई (रिसगाव), विकासखण्ड-नगरी | 02 नग अतिरिक्त कक्ष | 8.30 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks एवं http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx में दिनांक ऑनलॉईन एवं मैनुअल दिनांक 20.01.2022 समय शाम 5:30 बजे से देखी/डाउनलोड की जा सकती है, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 04.02.2022 को शाम 5:30 तक है एवं निविदा दिनांक 05.02.2022 को खोली जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग धमतरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

G-66938/4

# एल. पी. जी. के टैंकरनुमा कैप्सूल वाहन से गैस चोरी मामले में बोड़ला पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## इंडियन गैस एजेंसी कवर्धा का सह संचालक नवनीत गुप्ता गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



इंडियन गैस एजेंसी कबीरधाम की आड़ में आरोपीगण संगठित होकर कर रहे थे चोरी की गैस की सप्लाई। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक रमाकांत तिवारी के द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों पर अकुश लगाने अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में विश्वसनीय मुखबीर से हाईवे से होकर मध्यप्रदेश जाने वाली एल.पी.जी. गैस वाहन में गैस की चोरी की सूचनाए प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी बोड़ला के द्वारा उक्त सूचना से जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को अवगत कराया गया। मामला अत्यंत गंभीर होने से तत्काल पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा थाना प्रभारी को टीम गठित कर हाइवे से गुजरने वाली वाहनों पर कड़ी नजर रखने निर्देशित किया गया। जिस पर 03.01.2022 को एक गैस टेंकर वाहन संदिग्ध हालत में बोडला से आगे खराब सडक पर खड़ा था जिसे थाना बोडला पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर विधिसम्मत घटना स्थल की तलासी ली गई व घटना स्थल से 03 संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर नाम पता पुछने पर तीनों ने अपना नाम नरेश कुमार पिता मंशुराम उम्र 30 साल सा रंजितपुरा थाना बज्जु जिला बिकानेर राजस्थान। बिनाराम पिता बाबूराम उम्र 27 साल सा. हाड़िया थाना ओसियान जिला जोधपुर राजस्थान। मनोज पिता चनाराम विश्नोई उम्र 22 साल सा नगरासर थाना बज्जु जिला विकानेर राजस्थान सभी हाल मुकाम लालपुर रोड कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम का रहने वाले बताएं तथा घटना स्थल का सर्च करने पर 02 चार चक्का वाहन, 72 नग खाली सिलेडर 08 नग भरे सिलेंडर, नोजल पाईप 03 नग, गैस रेम्युलेटर, टार्च, मोबाईल एवं अन्य सामग्री बरामद किये गया था बरामद समान में एक कैप्सुलनुमा ट्रक खाली व भरा हुआ सिलेंडर, पिकअप वाहन व एक मारूति आर्टिका कार को घटना स्थल से जप्त किया गया।

# पहले दिन ही फील्ड पर उतरे संभागायुक्त कावरे

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त महादेव कावरे ने अपना कार्यभार ग्रहण करते ही जिला अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों, प्रशासनिक गतिविधियों और शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर अपनी सक्रियता का परिचय दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि उनका प्रमुख कार्य संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेही प्रशासन को मूर्त रूप देना है। उन्होंने वर्तमान में संक्रमण को देखते हुए अपनी गतिविधि की शुरूआत धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से की। जहां उन्होंने विभिन्न मेडिकल स्टोर में जाकर स्टोर में चिन्हांकित 20 कंपनी के सभी मेडिसिन का अवलोकन बारिकी से किया। इसके साथ ही स्टोर में उपस्थित हितग्राहियों से उपलब्ध दवाईयों के संबंध में चर्चा की। इसके पश्चात् वो जिले में कोविड वैक्सीनेशन की स्थिति जानने जे.आर.डी. स्कूल में पहुंचे। यहां पर लगे टीकाकरण केंद्र का उन्होंने जायजा लिया और जिले में चल रहे टीकाकरण की वस्तु स्थिति की जानकारी ली। जिले में चलाए गए महाअभियान और वैक्सीन नीयर मी पर उन्होंने खुशी जाहिर की और कहा कि यह एक सतत् प्रक्रिया है इसलिए हमें अपनी वैक्सीनेशन की इस गति को कायम रखना है। इसके पश्चात् वो शासन की महत्वकां योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी का अवलोकन करने के लिए चंदखुरी गौठान पहुंचे। यहां उन्होंने गौठान में कार्य कर रहे विभिन्न स्व सहायता समूह से भेंट की और उनसे गौठान के संचालन से संबंधित जानकारियां भी प्राप्त की। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उन्हें वर्मी कम्पोस्ट खाद के उत्पादन से संबंधित प्रक्रियाओं से क्रमबद्ध परिचय कराया और बताया कि सिर्फ वर्मी कंपोस्ट खाद के माध्यम से ही अब तक वो 5 लाख रुपये की राशि अर्जित कर चुके है। इस अवसर पर संभागायुक्त के साथ जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी उपस्थित थे। उन्होंने चंदखुरी गौठान में किये जाने वाले विभिन्न नवाचारों संभागायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चंदखुरी गौंठान अपने आप में परिपूर्ण इकाई है। जिसमें पशुओं के आश्रय के साथ-साथ उनके लिए चारे की व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था भी है और उनका संवर्धन भी किया जाता है। यहां वर्मी कंपोस्ट खाद, अंजोला गोबर संग्रहण केन्द्र, चारा संग्रहण केन्द्र, मुर्गी पालन के लिए शेड, मछली पालन के लिए डबरी उपलब्ध है।

## मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के तहत किरंदुल मेन मार्केट में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**किरंदुल।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के हाट बाज़ार चौक चौराहों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज 19 जनवरी बुधवार को किरंदुल के मेन मार्केट के समीप यात्री प्रतीक्षालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया और 40 ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधित जांच कर दवाई दी गई। जिसमें मुख्य रूप से मौसमी बीमारी सर्दी खासी, खुजली से पीड़ित लोग शामिल थे। साथ ही 3 लोगों का मलेरिया जांच किया गया जिसमें सभी नेगेटिव रहे एवं 03 लोगों का हीमोग्लोबिन तथा 01 व्यक्ति का मुधमेह जांच किया गया। इस शिविर में डॉ नीरज साहू, संगीता राकेश लाल एस नेताम योगदान रहा।

## मृतक के परिवार हेतु आर्थिक सहायता की स्वीकृति

**दुर्ग।** मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। विदित हो कि शंकर लाल बंजारे की आग लगने से मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की अनुशंसा की गई थी। जिसे सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मृतक के परिवारजनों के लिए स्वीकृत की गई।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की वर्चुवल बैठक 21 को

**दुर्ग।** कोविड 19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा की वर्चुवल बैठक 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में 15 वें वित्त आयोग वर्ष 2022-23 कार्यकाल पर, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## सीएससी आपरेटर हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** लोक सेवा केन्द्र आपरेटर तहसील कार्यालय में 03 पद भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों की स्करू टिनी उपरांत पात्र-अपात्र की सूचि जिले के बेवसाइट में अपलोड कर दी गई है। दावा आपत्ति हेतु आज से 25 जनवरी 2022 सायं 05 बजे तक अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति निर्धारित प्रारूप में कार्यालय कलेक्टर के काउंटर शाखा में रजिस्टर्ड में डाक/अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु जिले की वेब साईट का अवलोकन कर सकते है।

## दुर्ग संभाग के कमिश्नर महादेव ने किया पदभार ग्रहण



**दुर्ग।** दुर्ग संभाग के नए संभागायुक्त महादेव कावरे ने संभागायुक्त कार्यालय दुर्ग पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। कावरे के संभाग कार्यालय पहुंचने पर उपायुक्त मोनिका कोड़ो एवं अजय मिश्रा सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। संभागायुक्त कावरे ने कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय लिया। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति और वैक्सीनेशन की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कोरोना संक्रमण की जानकारी लेने के साथ ही संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए कोविड सेंटर में किए जा रहे उपायों की जानकारी भी ली।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** बाल विकास परियोजना भिलाई-02 अतंर्गत संचालित केन्द्र वसुंधरा नगर वार्ड 35 में आंगबाड़ी कार्यकर्ता एवं मरारपारा चरौदा वार्ड 39 एवं देवबलोदा (अ) वार्ड 10 में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए 31 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी भिलाई-02 से संपर्क कर सकते है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण का महाभियान शिविर का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में भी वैक्सीनेशन के महाभियान चलाने जा रहे है, इसी क्रम में सभी ग्रामीण क्षेत्रों में 18 और 19 जनवरी को टीकाकारण का महाभियान चलाया जाएगा।

अश्विनी देवांगन सीईओं जिला पंचायत दुर्ग ने ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीनेशन का निरीक्षण किया। सीईओं देवांगन द्वारा ग्राम पंचायत जेवरा के पंचायत भवन, ग्राम पंचायत समोदा के स्कुल एवं ग्राम पंचायत कचांदुर के स्वस्थ्य केन्द्रों में टीकाकरण केन्द्र में पहुंच कर वैक्सीनेशन की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि वैक्सीनेशन में तीन वर्ग को प्राथमिकता दी जा रही है जिसमें पहले वे वर्ग जो फ्रटलाइन वर्कर है और 60 साल से अधिक हैं। दुसरा वर्ग वो है, जिन्होने पहला डोज ले लिया है और दूसरा डोज जिन्हें लेना है। इसके साथ ही स्कुल के 15 साल से 18 साल के बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। साथ ही शाला त्यागी बच्चों के लिए भी वैक्सीनेशन की सुविधा होगी ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी भी करवाई जा रही है ताकि लोग कोरोना संक्रमण से बचा जा सके।

# झंडा कोष में सराहनीय योगदान के लिए रायपुर और दुर्ग जिला, राज्यपाल के हाथों सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में सराहनीय योगदान के लिए रायपुर और दुर्ग जिले को सम्मानित किया गया है। राज्यपाल सु अनुसुइया उइके ने इसके लिए कलेक्टर दुर्ग डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की सहायता के लिए यह कोष कार्य करता है। इसके लिए योगदान जुटाना देश के सुरक्षा के लिए अपना अमिट योगदान देने वाले सैनिकों का सम्मान है। रायपुर और दुर्ग जिले ने इस संबंध में सराहनीय योगदान दिया है। कलेक्टर डॉ. भुरे को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों से जुड़े हुए विषय पर इतनी तत्परता से कार्य किया गया है।

यह सराहनीय पहल है। इस कोष के माध्यम से पूर्व सैनिकों की जरूरत पूरी करने की दिशा में सहयोग मिलता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे सैनिक सीमाओं पर तैनात होकर हमारी रक्षा कर रहे हैं। उनके परिजनों का ख्याल रखने का दायित्व हम सबका है। इस दिशा में सभी वर्गों के लोग जितना सहयोग दें, उतना ही अच्छा है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने दोनों जिलों का सम्मान वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 में किये गये सराहनीय कार्य के लिए किया।

## श्रम विभाग की योजना से हितग्राहियों को मिल रही है राहत पूर्व राशि के स्थान पर अब सहायता राशि में बढ़ोतरी

**दुर्ग।** श्रम विभाग की महत्वकां योजना से अनेक हितग्राहियों को बड़ी राहत मिल रही है। योजना का लाभ मिलने से हितग्राहियों को संबल मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्यु पर अंत्येष्टि सहायता एवं अनुग्रह राशि के अंतर्गत हितग्राही की मृत्यु हो जाने पर उनके नामिनी को 30 हजार रूपये प्रदान किया जाता था। वर्तमान में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत हितग्राही की मृत्यु हो जाने पर अब उनके नामिनी को अब 1 लाख रुपये प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार भगिनी प्रसूति योजना अंतर्गत पूर्व में 5-5 हजार रुपये दो किस्तों में प्रदान किया जाता था। अब वर्तमान में योजनांतर्गत हितग्राही को 10 हजार रुपये प्रदाय किया जा रहा है। भगिनी प्रसूति सहायता योजनांतर्गत 10 हजार की राशि से बढ़ाकर 20 हजार रुपये देने की घोषणा किया गया है। असंगठित कर्मकार अंत्येष्टि सहायता योजनांतर्गत हितग्राही की मृत्यु उपरांत उनके नामिनी को 5 हजार रुपये प्रदाय किया जााता था।

## कोरोना संक्रमण के उपचार के लिए निजी अस्पतालों की निगरानी के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

**दुर्ग।** निजी अस्पतालों में कोविड 19 के उपचार हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। निजी अस्पतालों में उपचार व अधिक दर वसूली की निगरानी के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें सिद्धी विनायक मल्टीस्पेशिलिटी भिलाई-03 अस्पताल के लिए डॉ. तरूण कुमार ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नंबर 78696-77670 है। इसके लिए कार्यपालन अभियंता एस के पटेल मोबाइल नंबर 94242-25338, 80857-84338 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपेक्स सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल कुम्हारी के लिए डॉ. सुधांशु सिंगरौल को नोडल अधिकारी एवं आशतोष डड़सेना को प्रभारी अधिकारी नियुकत किया गया है।

शंकराचार्य मेडिकल कालेज जुनवानी के लिए डॉ. राहुल गुलाटी मोबाइल नंबर 99810-33339 को नोडल अधिकारी एवं आशतोष डड़सेना को प्रभारी अधिकारी नियुकत किया गया है।

# कवर्धा से भोरमदेव मंदिर 16 किलोमीटर सड़क का उन्नयन कार्य शामिल 10 पुलिया और 5.44 किलो मीटर नाली का होगा निर्माण

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री अकबर अपने रायपुर स्थित आवास से वर्चुअल के माध्यम कवर्धा विधानसभा के कवर्धा और बोडला जनपद पंचायत के 6 ग्राम पंचायतों के लिए स्वीकृत 10 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत 7 अलग- अलग कार्यो वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस भूमिपूजन कार्य में छत्तीसगढ़ के प्रमुख पुरात्तव, धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर पहुंचमार्ग शामिल है। कवर्धा से भोरमदेव मंदिर 16 किलोमीटर सड़क का उन्नयन कार्य शामिल है।

पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप और कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के प्रयासों से इसके लिए 9 करोड 60 लाख रूपए की लागत से सड़क की मंजूरी मिली है। इस सड़क उन्नयन कार्य में 10 नग पुलिया और 5.44 किलो मीटर नाली का निर्माण किया जाएगा। अकबर ने बोडला जनपद पंचायत के 5 ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 50 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत 6 कार्यो का भूमिपूजन किया। इस कार्य में ग्राम लेंजाखार में कुल दो कार्यो के लिए 16 लाख 85 हजार रूपए, ग्राम मण्डलाटोला के एक कार्य के लिए 16 लाख 31 हजार रूपए, ग्राम रोचन के 1 कार्य के लिए 4 लाख 37 हजार रूपए, ग्राम सरेखा के 1 कार्य के लिए 8 लाख 15 हजार रूपए और ग्राम पंचायत चिमरा के 1 कार्य के लिए 4 लाख 39 हजार रूपए के कार्य शामिल है।

# नौकरी लगाने के नाम पर 2,50000 रुपये लेकर धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी को थाने में दर्ज अपराधों पर त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश यूईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक रमाकांत तिवारी के कुशल दिशा निर्देश में चौकी प्रभारी पोड़ी सहायक उपनरीक्षक मानसिंह के द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सख्त कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में चौकी क्षेत्र के प्रार्थी आजू राम जायसवाल निवासी सूरज पूरा थाना बोड़ला के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी अशोक जायसवाल पिता रामेश्वर उम्र 45 साल, राजेन्द्र पांडे पिता तुलसी प्रसाद उम्र 56 साल निवासी राजनांदगांव के द्वारा मेरे पुत्र का पुलिस विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 2,50000/ रुपये लेकर धोखाधड़ी किया है। कि रिपोर्ट पर चौकी पोड़ी थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक-19/2022 धारा 420,34 आई.पी.सी. पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश पुलिस टीम गठित कर किया जा रहा था। जिस पर दौरान विवेचना के दोनों आरोपियों का सूचना प्राप्त होने पर आरोपियों को पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया एवं उचित वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मानसिंह के कुशल नेतृत्व में चोकी पोड़ी पुलिस टीम से प्रधान आर लवकेश खरे, आर. सतखोजन लहरे, सैनिक रमेंद्र का सराहनीय योगदान रहा।

## नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने स्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा उपलब्ध कराने को कहा

# कडरा समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री व विधायक मो. अकबर ने सारथी समाज भवन का शुभारंभ कर कडरा समाज सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख रूपये देने की घोषणा की व नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा को स्थल चयन किया जाकर अवगत कराने कहा कहा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सुबह निरीक्षण के दौरान सारथी समाज सामुदायिक भवन के बाजू रिक्त जगह का सीमंकन किये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये। मौके पर उपस्थित तहसीलदार व पटवारी को सीमांकन किया जाकर नजरी नक्शा उपलब्ध कराने निर्देश भी दिये ताकि मंत्री द्वारा घोषणा अनुसार कडरा समाज का सामुदायिक भवन निर्माण किया जा सके। ज्ञात हो कि कल दिनांक 17.01.2022 को कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर ने सारथी समाज सामुदायिक भवन का वर्चुअल शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शुभारंभ के दौरान कडरा समाज के लोग भी उपस्थित थे। कडरा समाज के लोगों ने कैबिनेट मंत्री मो.अकबर से कडरा समाज हेतु सामुदायिक भवन बनाने की मांग की। कैबिनेट मंत्री मो.अकबर ने मांग को तत्काल पूरा करते हुए समाज से आये लोगों को विधायक निधि से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। घोषणा उपरांत समाज के लोग जहां निवासरत है वहां आसपास शासकीय भूमि उपलब्ध कराये जाने को कहा।निरीक्षण अवसर पर पार्षद सुनील साहू, हिरेश चतुर्वेदी, दीपक ठाकुर, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, तहसीलदार मोरध्वज साहू, पटवारी निर्मल साहू, स्वच्छता निरक्षक निवास द्विवेदी, सफाई दरोगा हुलास सिंह ठाकुर, मुन्नी कडरा उपस्थित थे।

## संपादकीय

# वैक्सीन का विरोध

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता

**जनसंख्या** के एक हिस्से को ऐसा लगता है कि वैक्सीन अभियान मानवाधिकारों व व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है। आस्ट्रेलिया से नोवाक जिकोविक को बाहर करने पर गुस्सा टेनिस प्रशंसकों की तुलना में वैक्सीन-विरोधी अधिक बढ़ गए हैं। आस्ट्रेलिया में अचानक लाकडाउन-विरोधी व वैक्सीन-विरोधी समूह उभरने से आश्चर्य होता है कि क्या प्रख्यात टेनिस खिलाड़ी टीकाकरण के खिलाफ संघर्ष करने वालों के लिए 'उम्मीद की किरण' बन गया है। ऐसे समूह आज दुनिया भर में हैं। उनके लिए यह सवाल नहीं है कि गैर-टीकाकृत व्यक्ति अपने, परिवार, मित्रों तथा सहकर्मियों के लिए खतरा पैदा करता है। उनके लिए टीकाकरण का विरोध एक प्रकार से दक्षिणपंथी किस्म का राजनीतिक मुद्दा है। पश्चिमी वैक्सीन-विरोधी अपनी हिचक को सरकारी संस्थानों व नीतियों के प्रति बढ़ते अविश्वास से जोड़ते हैं। लोगों की निराशा बढ़ रही है क्योंकि 2020 से लाकडाउन व नियंत्रणों के कारण उनका जीवन एकदम उलट-पलट गया है। उनकी निराशा अक्सर टीकाकरण अभियानों पर दिखती है जो कोरोनावायरस संक्रमण रोकने को लक्षित हैं। समान रूप से यह भी सच है कि अतीत में टीकाकरण के कुछ मामलों में वैज्ञानिक सोच का अभाव था और कुछ यूरोपवासियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों से चिन्ता पैदा हुई थी। तुर्की में जिकोविक-समर्थक लोग एक टीकाकरण-विरोधी पार्टी का हिस्सा हैं जिसे भय है कि टीकाकरण निर्देश मानवाधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं का उल्लंघन करते हैं। आस्ट्रिया की एक पार्टी को इसी कारण लोकप्रियता मिल रही है। अमेरिका में डेमोक्रेटिकों के उलट रिपब्लिकन टीकाकरण के खिलाफ हैं। रूस जैसे कुछ देशों ने टीकाकरण-विरोधी राजनीति को कुचलने का प्रयास किया है। वे गैर-टीकाकृत लोगों को सार्वजनिक स्थानों में जाने से रोकने के लिए एक क्यूआर कोड व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। फ्रांस सरकार इस मामले पर विभाजित है। राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने टीकाकरण-विरोधियों के प्रति अपनी अप्रसन्नता सार्वजनिक की तो बहुत से लोगों का गुस्सा भड़क उठा। लेकिन उनके खेल मंत्री ने आश्चर्यजनक रूप से कहा है कि वे गैर-टीकाकृत जिकोविक को फ्रेंच ओपेन में खेलने देंगे। इस प्रकार टीकाकरण अभियान एक राजनीतिक झगड़े में फंस गया है। भारत इस वैश्विक आंदोलन से अप्रभावित नहीं है। जिकोविक के मामले पर राय अलग-अलग है। भारत सरकार ने पहली बार सर्वोच्च न्यायालय में कहा है कि 'किसी भी व्यक्ति को उसकी इच्छाओं के विरोध में टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।' सरकार किसी भी उद्देश्य के लिए टीकाकरण सार्टीफिकेट रखना अनिवार्य नहीं करेगी। यह बयान कुछ राज्यों व बिजनेसमैनों के बयानों के बाद आया है कि वे टीकाकरण न करवाने वाले जोगों को हतोत्साहित करना चाहते हैं। निश्चित रूप से गैर-टीकाकृत लोग अपने और दूसरों के लिए खतरा हैं। लेकिन गौर करना चाहिए कि भारत तथा पश्चिम के टीकाकरण-विरोधियों में अंतर है। भारत में इस समूह में टीकाकरण-विरोधी लोग नहीं, बल्कि टीकाकरण से हिचकने वाले शामिल हैं। अब तक वे यूरोप की तरह किसी राजनीतिक आंदोलन का हिस्सा नहीं हैं। सुरक्षा, पार्श्व प्रभावों, वैक्सीन मंजूरी में जल्दबाजी, त्वरित मानव परीक्षण तथा वैज्ञानिक संदेह, आदि कुछ कारण हैं जिनके चलते वे वैक्सीन लेने से डर रहे हैं। यह हिचक वहां कम हुई है, जहां उनके सरोकारों को संबोधित किया गया है। अचानक आए अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रान स्वरूप के कारण उन्होंने टीकाकरण के बारे में जल्दी से अपनी सोच बदली भी है। ऐसे में विश्वास बहाली के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है ताकि गैर-टीकाकृत लोगों तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचा जा सके। इस मामले में नियम के बजाय तर्क को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# विनिवेश व बजट को अलग रखना जरूरी

## सहमति देने में विलंब तथा नौकरशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया और लाल फीताशाही अक्सर विनिवेश प्रक्रिया को पटरी से उतार देती है।



शिवाजी सरकार
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)




**दो** महीने में यह वित्त वर्ष समाप्त हो जाएगा और सरकार अभी केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम संस्थानों में 1,75,000 करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य से बहुत दूर है जिसे 2021-22 के केन्द्रीय बजट में तय किया गया था। अब तक वह 10,000 करोड़ से भी कम प्राप्त कर सकी है। यदि भारतीय जीवन बीमा निगम में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की उम्मीदों को शामिल कर लिया जाए तो भी यह लगभग 1,00,000 करोड़ होगा। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया वित्त वर्ष समाप्त होने के पहले पूरी हो जाएगी, लेकिन फिर भी 65,000 करोड़ की कमी बचेगी। यह बात नई नहीं है।

यह मोदी सरकार के अंतर्गत पिछले छः साल से जारी एक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें 2017-18 एक अपवाद है। उस साल विनिवेश से 1,00,000 करोड़ से थोड़ा अधिक प्राप्त हुआ था जो लक्ष्य से अधिक था। यह तेल कंसोंटियम सीपीएसयू हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन का 51.11 प्रतिशत हिस्सा दूसरे सीपीएसयू ओएनजीसी को बेचने से प्राप्त हुआ था। सरकार ने 'रणनीतिक विनिवेश' पर ज्यादा जोर दिया है जिसका अर्थ पीएसयू में हिस्सा 50 प्रतिशत से नीचे रखने के लिए शेयरों की बिक्री है। इस मोर्चे पर भी स्थिति निराशाजनक है। 2015-16 में इस रास्ते से बिक्री कुछ नहीं थी, जबकि इसके लिए बजट में 28,500 करोड़ रखे गए थे। 2016-17 में इस लक्ष्य को 20,500 करोड़ से घटा कर 5,500 करोड़ कर दिया गया था। इसके बाद के दो वर्षों में 'रणनीतिक विनिवेश' का लक्ष्य मोटे तौर से एक पीएसयू में सरकार के बहुसंख्य शेयर दूसरे में बेच कर पूरा किया गया।

2017-18 में एचपीसीएल के 51.11 प्रतिशत शेयर ओएनजीसी को तथा 2018-19 में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी के 52.63 शेयर विद्युत वित्त निगम-पीएफसी को बेच कर यह काम हुआ। 2019-20 में नीपको में 100 प्रतिशत शेयर तथा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में 75 प्रतिशत शेयर राष्ट्रीय ताप बिजली निगम-एनटीपीसी को बेचे गए जो बिजली क्षेत्र का सीपीएसयू है। इन बिक्रियों को रणनीतिक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि इनकी खरीद एक पीएसयू ने की।

अनेक रणनीतिक बिक्रियां नहीं हो सकीं जिनमें भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में 53.29 प्रतिशत, कंटेनर कार्पोरेशन-कंकार में 30 प्रतिशत तथा शिपिंग कार्पोरेशन आफइंडिया-एससीआई में 63.73 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। पिछले साल के लिए लक्षित ये बिक्रियां 2020-21 में भी नहीं हो सकीं। आलएटआल को सितंबर, 2021 में बेच दिया गया, पर बीपीसीएल-एससीआई की बिक्री वर्तमान वित्त वर्ष में भी नहीं हो सकी। विनिवेश का लक्ष्य पूरा न होने का कारण इनको राजस्व का स्रोत मानना है जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटा पूरा करना है। यह गलत अवधारणा है। लगभग निश्चित रूप से मिलने वाले कर राजस्व के उलट यह नहीं कहा जा सकता है कि विनिवेश से कितनी रकम प्राप्त होगी। इस मामले में काफी कुछ बाजार के परिदृश्य व खासकर निवेशकों के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है जो पीएसयू में निवेश करना चाहते हों जिसके शेयर बिक्री के लिए उपलब्ध हों। रणनीतिक बिक्री वाले मामलों में सरकार को अच्छी बाजार के साथ ही अमीर बोलीकर्ताओं की भी जरूरत होती है। बीपीसीएल के विनिवेश की योजना पहले 2019-20 में बनाई गई थी जिसके लिए 60,000 करोड़ निवेश करने वाले निवेशक की जरूरत थी। सहमति तथा नौकरशाही लाल फीताशाही की जटिल व लंबी प्रक्रिया सरकारी प्रयासों में बाधा बनती है क्योंकि रणनीतिक निवेशकों से समय रहते संपर्क नहीं हो पाता है। नीति आयोग ने विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान की थी जिनको उस समय कोर ग्रुप आफ सेक्रेटरीज़ आन डिस्इन्वेस्टमेंट-सीजीडी द्वारा अनुमति मिलनी थी। यह लंबी प्रक्रिया है जिसमें वैकल्पिक व्यवस्था-एएम का भी स्थान है। इसमें मंत्रालयों का समूह शामिल है जिसमें वित्त, सहक परिवहन व राजमार्ग, प्रशासनिक सुधार, आदि हैं। एएम की सहमति के बाद निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन-डीपम प्रस्ताव तैयार करता है जिसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए स्वीकार करती है। कुल मिला कर रणनीतिक विनिवेश में लगभग 12 चरण होते हैं। इस कारण विलम्ब होता है और सारी सहमतियां प्राप्त करने के बाद बाजार का परिदृश्य बदल जाता है। बीपीसीएल के मामले में 2019-20 में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 70 डालर प्रति बैरल थी, लेकिन नौकरशाही उस समय तैयार नहीं थी। 2020-21 में कोविड-19 के कारण कच्चे तेल की कीमत औसतन 40 डालर प्रति बैरल से गिर कर 20 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वर्तमान वर्ष में यह फिर 70 डालर से अधिक हो गई है। लेकिन अधिकारी अभी भी तैयार नहीं हैं जिनके कारण 2022-23 का विनिवेश लक्ष्य अनिश्चित है। अतीत में अनेक सरकारों ने बजटीय आवश्यकतायें पूरी करने के लिए पीएसयू का प्रयोग दुधारू गाय की तरह किया है। अधिक डिवीडेंट, विशेष डिवीडेंट व बोनस लेने की व्यवस्था के कारण 2004-2014 तक तत्कालीन संप्रग सरकार ने पेट्रोलियम सब्सिडी बढ़ाने की दिशा में भी एक कदम उठाया था। ओएनजीसी को भारतीय तेल निगम-आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल को कच्चे तेल पर छूट देने को कहा गया था ताकि वे डीजल, पेट्रोल, एलपीजी व केरोसीन का दाम कम रख सकें। ओएनजीसी ने इस कालखंड में 2,00,000 करोड़ की छूट दी थी। उद्यमों के विनिवेश के मामले में भी राजस्व प्राप्त करने की यही सोच थी। मामला केवल इतने तक नहीं है।

सरकारी थिंक टैंक लगातार चाहता है कि रणनीतिक बिक्री पूरी होने के बाद भी सरकार ड्राइवर सीट पर बनी रहे। इसका स्पष्ट संकेत वित्त मंत्री ने अपने 2019-20 के बजट भाषण में दिया। उन्होंने कहा कि इरादा सीपीएसयू में 'सीधे' 51 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा रखने के बजाय ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां अधिकार 'सीधे' के साथ 'परोक्ष' भी हो। इस प्रकार का संकेत संभावित निवेशकों को हतोत्साहित करता है।

संक्षेप में कहा जाए तो सरकार को विनिवेश को बजट से अलग रखने पर विचार करना चाहिए। दूसरे शब्दों में राजस्व प्राप्ति का अनुमान करते समय सरकार को विनिवेश लक्ष्यों का योगदान उसमें शामिल नहीं करना चाहिए। शेयरों की बिक्री के लिए उसे एक होल्डिंग कंपनी बनानी चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के विनिवेश के लिए आरबीआई द्वारा गठित पी. नायक समिति ने ऐसी कंपनी का सुझाव दिया था जिससे पीएसयू में सभी शेयरों को बेचा जा सकता है। होल्डिंग कंपनी में प्रख्यात पेशेवर होने चाहिए जो प्रबंधन से बातचीन के माध्यम से सभी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हों।

इनमें बाजार की स्थितियों का ध्यान रखते हुए मूल्य, शेयरों की संख्या, बिक्री का समय, आदि शामिल हैं। 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री ने घोषणा की थी कि सरकार गैर-रणनीतिक क्षेत्र के सभी सीपीएसयू का निजीकरण करेगी तथा रणनीतिक क्षेत्र में भी निजीकरण के कदम उठाएगी, बशर्ते कि हर क्षेत्र में एक सार्वजनिक उद्यम बना रहे। इन प्रयासों को सफलता तभी मिल सकती है जब इनको नौकरशाही, लाल-फीताशाही तथा बजट बनाने की प्रक्रिया से अलग रखा जाए।

# जनजातियों में व्याप्त दिव्यता की अवधारणा

> अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आयुक्त एलएम श्रीकांत ने 21 फरवरी, 1952 को एक नोट में बताया था कि भारत में जनजातियों की तीन सामान्य विशेषताएं हैं: क) जनजातीय मूल; बी) दूरस्थ और कम सुलभ क्षेत्रों में जीवन और निवास का आदिम तरीका; और, ग) सभी प्रकार से सामान्य पिछड़ापन।



सरदेंदु मुखर्जी
(लेखक एक अकादमिक एवं इतिहासकार हैं)

**पूर्व** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री किशोर चंद्र देव ने दिसंबर 2021 के अंतिम सप्ताह में कहा था : ''आदिवासी किसी भी धर्म में पैदा नहीं होते हैं और उन्हें स्वदेशी संस्थाओं के रूप में माना जाता है। इसलिए, जब अनुसूचित जनजातियों के कुछ वर्ग किसी भी धर्म का पालन करना चुनते हैं - जैसे, पूर्वोत्तर में ईसाई धर्म या बौद्ध धर्म, या लक्षद्वीप, या हिंदू, सिख या किसी अन्य धर्म में इस्लाम - यह कभी भी धर्म परिवर्तन का मामला नहीं है क्योंकि, चूंकि आदिवासी एक धर्म में पैदा नहीं होते हैं, इसलिए उनके धर्मांतरण का मामला नहीं हो सकता है।'' यह, संयोग से, एक महत्वपूर्ण राजनेता की राय है जो आदिवासी समुदाय से भी संबंधित है; यह कर्नाटक धर्मांतरण विरोधी विधेयक के संदर्भ में कहा गया था।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आयुक्त एलएम श्रीकांत ने 21 फरवरी, 1952 को एक नोट में बताया था कि भारत में जनजातियों की तीन सामान्य विशेषताएं हैं- क) जनजातीय मूल; बी) दूरस्थ और कम सुलभ क्षेत्रों में जीवन और निवास का आदिम तरीका; और, ग) सभी प्रकार से सामान्य पिछड़ापन। उन्होंने पूरे भारत में व्यापक यात्रा के बाद पता लगाया कि कैसे आदिवासी गरीबी के बीच अर्ध-गुलामी परिस्थितियों में रहते थे। उन्होंने 1926 के आपराधिक जनजाति अधिनियम से हुए नुकसान को भी नोट किया। विभिन्न रिपोर्टों में, किसी ने कभी भी यह उल्लेख नहीं किया है कि जनजातियों में 'विश्वास प्रणाली' या धर्म का अभाव है।

अब, आइए देखें कि क्या आदिवासियों का कोई ''धर्म'' है, जैसा कि किशोर चंद्र देव ने बताया है। धर्म की अवधारणा धर्म से अलग है, जैसा कि हम सभी जानते हैं। यह मान लेना भी कि आदिवासियों का कोई धर्म नहीं होता, ऐतिहासिक रूप से गलत है। यहाँ, मैंने आदिवासी आबादी के संथाल खंड से कुछ उदाहरण चुने हैं। निश्चित रूप से, यह अन्य आदिवासी समाजों का भी सच है।

सभी मनुष्य एक 'विश्वास प्रणाली' के बिना पैदा हुए हैं या धर्म सत्य है, लेकिन वे अपने माता-पिता और तत्काल पड़ोस से प्रथाओं, अनुष्ठानों और समग्र धार्मिक-सांस्कृतिक लक्षणों को अपनाते हैं। मातृभाषा को उठाने की तरह, यह सहजता से और बिना किसी शिक्षण के होता है। कोई यह दावा कर सकता है कि भारत में आदिवासियों की एक विश्वास प्रणाली है जो भारत में प्रचलित अन्य धर्मों / धर्मों की तुलना में कम



गहन और आध्यात्मिक नहीं है। जैसा कि सुनीति कुमार चटर्जी ने बताया था : ''भारत में सभी ऑस्ट्रियाई जनजातियों के पास थोड़ा सा मौखिक साहित्य था, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी सौंप दिया गया था, जिसमें उनकी पौराणिक और अर्ध-पौराणिक किंवदंतियों और परंपराओं, और कुछ लोक कविताएं शामिल थीं, जो आंशिक रूप से उनसे संबंधित थीं। धार्मिक समारोह ('भारत की सांस्कृतिक विरासत', खंड 5, पृष्ठ 670)। चटर्जी ने आगे कहा था ''बंगाल में, अपने स्वयं के पारंपरिक धर्म का पालन करने वाले संताल की एक बड़ी आबादी है, जो एक तरह से पौराणिक हिंदू धर्म के समान है। ब्राह्मणवाद की कक्षा के भीतर होने के कारण, संताल हिंदू धारणाओं से काफी हद तक प्रभावित हुए हैं (पृष्ठ 671)।''चटर्जी ने रामदास मांझी टुडू को उनके खेड़ावल-वंश (या धर्म-पुथी या 'खेरावल जाति की पवित्र पुस्तक') के लिए भी बधाई दी, जिसमें उनके लोगों की परंपराएं ''और उनकी धार्मिक और सामाजिक संस्कृति'' (पृष्ठ 672) शामिल हैं। उन्होंने साधु रामचंद मुर्मू ठाकुर का भी उल्लेख किया है, जिन्हें ''धार्मिक सुधारक और धर्म के संताल दर्शन के शिक्षक'' (पृष्ठ 673) के रूप में वर्णित किया गया है। यह दिखाने के लिए उदाहरणों की कोई कमी नहीं है कि कैसे आदिवासी कभी धर्म से रहित नहीं थे। मानव जाति की मूल 'विश्वास प्रणाली' प्रकृति पूजा के इर्द-गिर्द घूमती है - सूर्य, चंद्रमा, नदियाँ, पहाड़, पेड़ और पूर्वज पूजा। ये सभी आदिवासियों की दैवीय धारणा में महत्वपूर्ण तत्व हैं। दुर्भाग्य से, धर्म का पारंपरिक दृष्टिकोण मानवता के ''विश्वासियों'' और ''गैर-विश्वासियों'' में विभाजन पर आधारित है, जहां 'दूसरे' की विजय अनिवार्य है। महाद्वीपों में सनातन धर्म, बुतपरस्ती, जीववाद और शिंटोवाद में प्रकट विश्वास प्रणाली भारत में आदिवासी पवित्र मानते हैं। जैसा कि इरावती कर्वे ने बताया था, भारत में चल रहे ''सांस्कृतिक समझौता'' को संभव बनाया गया था क्योंकि इसे ''बहुदेववाद और इसके तार्किक सहवर्ती - अन्य देवताओं, अन्य पंथों और अन्य रीति-रिवाजों के प्रति सहिष्णुता का दृष्टिकोण'' द्वारा मदद मिली थी। निर्मल बोस, घुर्ये और कुमार सुरेश सिंह जैसे भारत के आदिवासी समाज का अध्ययन करने वाले सभी विद्वानों ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए हैं। ऑस्ट्रेलिया के आदिवासियों पर लिखते हुए जेम्स कोवान ने देखा था कि वे ''हम सभी के विवेक का प्रतिनिधित्व करते हैं क्योंकि वे हर समय मानव आत्मा की आध्यात्मिक उत्पत्ति को पहचानते और स्वीकार करते हैं।''

## फरमाया



**मुझे** नहीं पता किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ और क्यों तस्वीर को शामिल नहीं किया गया। कुछ तो कारण रहे होंगे।

– **अनिता बोस**
नेता जी बोस की पुत्री



**भारत** की प्रगत की यह अवधि हरित एवं स्वस्छ होने के साथ-साथ टिकाऊ तथा भरोसेमंद भी होगी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में 16.5 लाख युवाओं की नौकरी चली गई और चार करोड़ लोगों ने नौकरी की उम्मीद छोड़ दी।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## प्रदूषण की समस्या

**प्रदूषण** रोकने के लिए सर्वप्रथम हमें कम से कम वाहन का उपयोग करना चाहिए, प्राइवेट वाहन के बजाय सरकारी वाहन का प्रयोग करना चाहिए। प्रदूषण कई तरह का हो सकता है। जल प्रदूषण, वायु, ध्वनि प्रदूषण आदि। आज के वायु प्रदूषण की काफी चर्चा है। पिछले दिनों कोलकाता उच्च न्यायालय के उस आदेश को जिसमें दीपावली से लेकर नव वर्ष तक पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। ऐसे आदेश हमारे उत्सवों के उल्लास को कम करते ही हैं परंतु प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक नहीं होते हैं ।क्योंकि यह समझना कि दीपावली पर पटाखे चलाने से प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है  यह उचित नहीं है क्योंकि हमारे देश में तो पूरे साल भर किसी न किसी रूप में पटाखों का इस्तेमाल होता रहता है फिर केवल पटाखों से प्रदूषण फैलता है अतः यह भी उचित नहीं है। फैक्ट्रियों की चिमनियों से भी निकलता धुआं हो या सड़कों पर वाहनों से निकलने से उड़ने वाली धूल का गुबार। ये भी वातावरण प्रदूषित करते हैं आजकल फैक्ट्रियों से निकलने वाला विषैला जहरीला पानी भी प्रदूषण को बढ़ाता है स्वयं नगरपालिका भी मच्छर भगाने के लिए नगर में विषैले धोने का छिड़काव करती है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## टीकाकरण अभियान

**कोरोना** वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान का एक वर्ष 16 जनवरी को पूरा हुआ। रास्ता काफी लम्बा और ऊबड़-खाबड़ था लेकिन सफर फिर भी जारी है। यह कोरोना रुपी वैश्विक महामारी के खिलाफ एक महायुद्ध था, जिससे लड़ने के अस्त्र-शस्त्र भी दुनिया के पास नहीं थे। महान और योग्य वैज्ञानिकों ने टीकों के अनुसंधान किए, नतीजतन कोरोना की लगातार लहरों के बावजूद भी दुनिया बहुत कुछ सुरक्षित है। संक्रमण फैला है तो उसका उपचार भी संभव हुआ है। इस अभियान पर राजनीतिक टीका-टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि एक ही साल में भारत की 138 करोड़ से अधिक की आबादी को दोहरा टीकाकरण कोई आसान लक्ष्य नहीं है। यह अभियान विश्व का सबसे बड़ा व सफल अभियान है। इस अभियान के दौरान भारत ने कई मिल के पत्थर हासिल किये है, और यह विश्व के लिए मिसाल है। भारत के आंकड़े सिर्फ राष्ट्रीय हि नहीं बल्कि वैश्विक उपल्ब्धि है। लेकिन आज भी करीब 11 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली है,इन लोगो के मन मे टिके को लेकर कई भर्म हैं। सरकार को इसको लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए। टीकाकरण का इतिहास करीब 200 साल पुराना है।

– **विभुक्ति बुपक्या,** आष्टा, मप्र

## सुविधा व स्वच्छता की दरकार

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधा एवं स्वच्छता की आवश्यकता है । फिल्म निर्माताओं  को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व  ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। ,इंदौर, उज्जैन ,भोपाल,ग्वालियर  जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो  की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओ को लोकेशन हेतु  विदेश जाकर फिल्माने पर काफी लागत आती थी। उसमे कमी आई है। स्वच्छता के लिए लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे। क्योकि सोंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते है। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह विकसित हो ऐसा स्वछता का  कार्य हमें मिलकर जागरूकता से  करना होगा । ताकि पर्यटकों को एवं  फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का सोंदर्य एवं ऐतिहासिक धरोहरे  की आकर्षणता पर्यटकों के दिलों में जगह बना सके।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

टीकाकरण महा अभियान में शामिल हुए महापौर नीरज पाल, टीकाकरण स्थल पहुंचकर किया प्रोत्साहित बूस्टर डोज लगवाने पहुंचे सीनियर सिटीजन से चर्चा कर जाना कुशल क्षेप

# टीकाकरण महा अभियान में शामिल हुए महापौर नीरज पाल, टीकाकरण स्थल पहुंचकर किया प्रोत्साहित, बूस्टर डोज लगवाने पहुंचे सीनियर सिटीजन से चर्चा कर जाना कुशल क्षेप

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com








महापौर नीरज पाल टीकाकरण अभियान में शामिल हुए। टीकाकरण स्थल पहुंचकर उन्होंने टीकाकरण की स्थिति का जायजा लेकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया। वही बूस्टर डोज लगवाने पहुंचे सीनियर सिटीजन से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी तथा खेल व युवाकल्याण के प्रभारी आदित्य सिंह मौजूद रहे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे भी प्रातः से टीकाकरण केंद्रों के निरीक्षण में पहुंचे, उन्होंने टीकाकरण अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

19 जनवरी को भी टीकाकरण महा अभियान रहेगा जारी दिनांक 19 जनवरी 2022 दिन बुधवार को सभी उम्र समूह के लोगों को कोविशिल्ड तथा कोवैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। वैक्सीन महाअभियान के तहत कोविशिल्ड के लिए निर्धारित किए 58 केन्द्रों में प्रथम एवं द्वितीय डोज के साथ 60 वर्ष से ऊपर है और जिन्हें बीमारी है एवं दोनो डोज लगाए हुए 9 माह पूर्ण हो चुका है ऐसे सीनियर सिटीजन को बूस्टर डोज लगाया जाएगा। इसके अलावा 15 वर्ष से 18 वर्ष आयु समूह के किशोर बालक बालिकाओं को भी टीका लगाया जा रहा है। यानी कि एक ही सेंटर में सभी प्रकार के टीकाकरण की सुविधा सभी वर्ग के लिए मौजूद है। नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जनवरी को महाअभियान के तहत शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वार्ड में वैक्सीनेशन सेंटर निर्धारित किये गये है। प्रत्येक जोन आयुक्त को वैक्सीनेशन के लिये जिम्मेदारी दी गई है, नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने मुनादी एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार निगम क्षेत्रो में किया जा रहा है।

**इन 58 केन्द्रों में बुधवार को लगेगा टीका** .पीएचसी जुनवानी खम्हरिया, यू.पी.एच.सी कोसानगर के पीछे समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए सियान सदन राधिका नगर, मंगल बाजार कोहका सामुदायिक भवन, शिव मंदिर कांजी हाउस, बीएनएस स्कूल सेक्टर 08ए पीएचसी वैशाली नगर, गणेश मंच डोम शेड हाउसिंग बोर्ड, यू.पी.एच.सी बैकुण्ठधाम, बापू नगर पीएचसी, मंगल बाजार छावनी, खुर्सीपार यूपी,चसी, गणेश मंच पावर हाउस मार्केट, सत विजय आडिटोरियम सेक्टर 05, उत्कल सांस्कृतिक परिषद सेक्टर 06, हनुमान मंदिर के पास सड़क 18 सेक्टर 07, सियान सदन हुडको, स्पर्श हास्पिटल कांट्रेक्टर कॉलोनी, पल्स हास्पिटल नेहरू नगर, चंदूलाल हास्पिटल नेहरू नगर, शंकराचार्य हास्पिटल, मानव सेवा समिति सेक्टर 09, बीएम शाह हास्पिटल शास्त्री नगर, करूणा हास्पिटल नंदिनी रोड, भिलाई नर्सिंग होम सुपेला, श्रेयस कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुपेला, रूंगटा कॉलेज ऑफ नेहरू नगर, एमजे कॉलेज ऑफ नर्सिंग जुनवानी, गदा चैक अंबेडकर नगर, सूर्या मॉल नेहरू नगर, रेलवे स्टेशन पॉवर हाउस, सुपेला रैन बसेरा और सब्जी मार्केट, बोरिया गेट मार्केट, कांजी हाउस सुपेला, महिला महाविद्यालय सेक्टर 09, छावनी थाना पॉवर हाउस मार्केट, सांस्कृति भवन अंडा चैक खुर्सीपार, सांई कॉलेज सेक्टर 06, दुर्गा मंच घासीदास नगर, नेहरू क्लब हाउस सुपेला, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल खुर्सीपार जोन 02, एमजीएम स्कूल सेक्टर 06, जेपी नगर स्कूल केम्प 02, हैप्पी पब्लिक स्कूल वैशालीनगर, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कोहका, केपीएस नेहरू नगर, पं. नेहरू हायर सेकंडरी न्यू खुर्सीपार, डीपीएस जुनवानी, श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल छावनी, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सुपेला, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल वैशालीनगर, श्री शंकराचार्य स्कूल हुडको, शकुंतला विद्यालय रामनगर, चैता मैदान प्रेमनगर, सूर्यकुंड तालाब जवाहर नगर।

# कोरोना वैक्सीन के नाम पर फर्जीकॉल, ठगों से रहें सावधान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कोरोना वैक्सीन के पंजीकरण के नाम पर ठगी करने वालों से लोगों को बचाने के लिए जिले की पुलिस व साइबर सेल लोगों को जागरूक कर रही है। यह कदम जिला पुलिस ने लोगों को वैक्सीन के पंजीकरण के लिए लगातार कॉल किए जाने की जानकारी आने के बाद उठाया है। इसमें आधार के साथ मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी मांगी जा रही है। इस तरह की जानकारी देने से बैंक खातों से रकम उड़ाई जा सकती है। भारत में कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चल रहा है।

ऐसे झांसा दे रहे हैं साइबर ठगः- पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री धर्मेन्द्र सिंह ने लोगों से किसी के झांसे में न आने की हिदायत दी है। किसी भी जानकारी के लिए संबंधित जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें। एस.पी. का कहना है कि कोरोना वैक्सीन के पंजीकरण के नाम पर ठगी करने वाले झांसा देते हैं। पंजीकरण के नाम पर संबंधित व्यक्ति के आधार कार्ड और मेल से संबंधित जानकारी मांगी जाती है। आधार कार्ड के सत्यापन के लिए नाम पर मोबाइल में आए ओटीपी की जानकारी मांगी जाती है। ओटीपी और आधार नंबर देने पर बैंक खाते से रकम निकाली जा सकती है। धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कोरोना वैक्सीन के पंजीकरण के नाम पर आने वाले कॉल से सावधान रहें। साइबर ठग पंजीकरण के नाम पर बैंक खातों में डाका डाल सकते हैं। अपने आधार कार्ड व मोबाइल पर आने वाले बैंक खाते की जानकारी किसी को न दे। ठग कोविड-19 के टीके के नाम पर लिंक भेजते हैं तो उससे बचा जाए। लिंक को खोलने से बैंक खातों का डाटा चोरी होने के साथ रुपयों की ठगी हो सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए केंद्र सरकार व स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देश पर टीकाकरण किया जा रहा है। ऐसे में किसी तरह के फर्जी ठगों के झांसे में न आने लोगों से अपील की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने जारी की मीडिया एडवायजरी



**कवर्धा।** कोरोना वैक्सीन के पंजीकरण के नाम पर ठगी करने वालों से लोगों को बचाने के लिए जिले की पुलिस व साइबर सेल लोगों को जागरूक कर रही है। यह कदम जिला पुलिस ने लोगों को वैक्सीन के पंजीकरण के लिए लगातार कॉल किए जाने की जानकारी आने के बाद उठाया है। इसमें आधार के साथ मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी मांगी जा रही है। इस तरह की जानकारी देने से बैंक खातों से रकम उड़ाई जा सकती है। भारत में कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चल रहा है।

**ऐसे झांसा दे रहे हैं साइबर ठगः** पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने लोगों से किसी के झांसे में न आने की हिदायत दी है। किसी भी जानकारी के लिए संबंधित जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें। एस.पी. का कहना है कि कोरोना वैक्सीन के पंजीकरण के नाम पर ठगी करने वाले झांसा देते हैं।

# कबीरधाम जिले में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार, कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक बनेगी 9 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से सड़क

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



वन, परिवहन, आवास एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज कबीरधाम जिले के समुचित विकास के लिए 10 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यो की सौगात दी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, अपर कलेक्टर वीएस उईके, लोक निर्माण कार्यपालन अभियंता बीके चौहान, एसडीओ बीएस चौरसिया, एसडीओ सोनकेवारे, सी ई ओ बोड़ला केशव वर्मा एवम कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत सदस्य रामकुमार पटेल, मुखीराम मरकाम, पिताम्बर वर्मा, बोड़ला जनपद अध्यक्ष अमीता प्रभाती मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहू, उपाध्यक्ष सनत जायसवाल, अजमत उल्लाह खान, मन्नू चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, अमित वर्मा, परमेश्वर मानिकपुरी, दीपक मागरे, रियाज अत्तारी, सिद्दू यादव, पवन चंद्रवंशी, राजेश मरावी, विश्राम मरावी, गोरेलाल चन्द्रवंशी, ग्राम पंचायत दलदली हीरामणी ग्वाला, सरेखा सरपंच प्रतिनिधि राजेश साहू, रौचन सरपंच निरनिया पटेल, चिमरा सरपंच रामरति धुर्वे, लेंजाखार सरपंच व अन्य प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ शाकंभरी बोर्ड के सदस्य हरि पटेल के हाथों कवर्धा से प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास कराया। मंत्री अकबर ने संबोधित करते हुए कहा कवर्धा से प्रदेश के प्रमुख पुरात्तव, धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर पहुंचमार्ग तक सड़क निर्माण होने की मांग पूरा होने से पर्यटन सुविधाओं के विस्तार होगा। राज्य के अलग-अलग जिलो से आने वाले पर्यटकों के लिए अच्छी पहुंच मार्ग सड़क की बेहतर सुविधाएं मिलेगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के सभी प्रर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिले के प्रमुख प्रर्यटन स्थल चिल्फी घाटी के उपर सरोधादादर में ट्राईबल टूरिजम सर्विल के विकास के लिए 12 करोड़ रूपए के विकास कार्य किए गए है, इससे प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का समुचित विकास को नई दिशा मिल रही है। मंत्री अकबर ने कहा कि आज हुए 7 अलग अलग कार्यों के भूमिपूजन से जिले के विकास की कड़ी और जुड़ गई है। हम आगे भी जिले के समुचित विकास के लिए काम करते रहेंगे। छत्तीसगढ़ शाकंभरी बोर्ड के सदस्य हरि पटेल ने कबीरधाम जिले और जिले के पुरात्तव महत्व के स्थलों के समुचित विकास को नई दिशा देने के लिए मंत्री अकबर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे आने वाले समय जिले के प्रर्यटन को और ख्याति मिलेगी। कवर्धा पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने कहा कि कवर्धा से भोरमदेव मंदिर पहुंच मार्ग की सौगात के लिए कवर्धा नगर पलिका की तरफ से अभार जताया। कवर्धा से भोरमदेव मंदिर 16 किलोमीटर सड़क का उन्नयन कार्य शामिल 10 पुलिया और 5.44 किलो मीटर नाली का होगा निर्माण कैबिनेट मंत्री अकबर आज अपने रायपुर स्थित आवास से वर्चुअल के माध्यम कवर्धा विधानसभा के कवर्धा और बोडला जनपद पंचायत के 6 ग्राम पंचायतों के लिए स्वीकृत 10 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत 7 अलग- अलग कार्यों वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस भूमिपूजन कार्य में छत्तीसगढ़ के प्रमुख पुरात्तव, धार्मिक,पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर पहुंचमार्ग शामिल है। कवर्धा से भोरमदेव मंदिर 16 किलोमीटर सड़क का उन्नयन कार्य शामिल है।

## लीनेश क्लब प्रेरणा द्वारा जरूरतमंदों को कंबल सहित अन्य वस्तु भेंट किया गया



**बेमेतरा।** लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर मां भद्रकाली मंदिर परिसर में जरूरतमंद लोगों को कंबल, तिल के लड्डू एवं अन्य आवश्यकता की वस्तुएं भेंट की गई लीनेस क्लब अध्यक्ष विनोद राघव ने कहा कि दान दरिद्रता को दूर करता है प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार अवश्य कुछ ना कुछ प्रतिदिन दान देने का प्रयास करना चाहिए मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है जो दान के महत्व को दर्शाता है अतः इस अवसर पर सभी कुछ न कुछ अवश्य दान करना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता नीतू कोठारी एवं नंदिता जोगलेक को चांदी का सिक्का देकर सम्मान किया गया और मुंह मीठा करवाया गया। जुझारू कर्मठ और करोना वॉरीयअ के रूप मे अनूठा कार्य करने के लिए हमेशा याद किये जाएंगे इस अवसर पर लीनेश क्लब के अध्यक्ष विनोद राघव, ललिता साहू, नीलम साहू ,कांता सलूजा ,आरती साहू, किरण जैन उपस्थित थे।

# महापौर परिषद के सदस्यो ने किया पदभार ग्रहण, विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



महापौर परिषद् के सदस्यों ने अपने विभाग के कार्यो की जिम्मेदारी सम्भालने के लिये पदभार ग्रहण किये। विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल तथा सभापति गिरवर बंटी साहू ने सभी मेयर इन काउंसिल के सदस्यों को उनके कक्ष में जाकर उन्हें कुर्सी पर बिठाकर पदभार ग्रहण करवाया और सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, विशेष रूप से मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के मौके पर मुकेश चंद्राकर भी मौजूद रहे। विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने पदभार ग्रहण कराने के पूर्व अपने महापौर के कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। महापौर ने सभी एमआईसी सदस्यों के साथ बैठक कर शहर के विकास में सभी को एकजुट होकर कार्य करने चर्चा की। महापौर ने सभी से कहा कि वर्तमान परिस्थिति में कोरोना से लड़ाई प्राथमिकता क्रम पर है। इसके साथ ही सभी सदस्यों को भिलाई शहर के विकास के लिये मिले जिम्मेदारियों से अवगत कराया। मेयर इन कांउसिल के सभी 14 सदस्यों ने आज अपनी कुर्सी सम्भाली।

**14 एमआईसी मेंबर ने आज किया पदभार ग्रहण** – सभी 14 एमआईसी मेंबर ने पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने 13 जनवरी को महापौर परिषद का गठन किया है। जिसमें वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण - मन्नान गफ्फार खान, सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य विभाग - संदीप निरंकारी, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग - साकेत चंद्राकर, लोक कर्म विभाग - एकांश बंछोर, जल-कार्य विभाग - केशव चौबे, राजस्व विभाग - सीजू एंथोनी, खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग - लक्ष्मीपति राजू, अग्निशमन, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग - लालचंद वर्मा, गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग - चंद्रशेखर गवई, महिला एवं बाल विकास विभाग - मीरा बंजारे, अनुसूचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति कल्याण विभाग - मालती ठाकुर, शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग - आदित्य सिंह, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग - नेहा साहू, संस्कृति पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग - रीता सिंह गेरा को विभागों की जिम्मेदारी मिली है। इन सभी ने आज से अपना कार्य भार संभालना प्रारंभ कर दिया है।

**नई व्यवस्था के तहत एमआईसी बैठक के लिये भी पृथक से कक्ष तैयार** – महापौर नीरज पाल के निर्देश के बाद एमआईसी की बैठक के लिये कक्ष क्रमांक - 26 को एमआईसी की बैठक के लिये तैयार कर लिया गया है। महापौर परिषद की बैठक पहले महापौर कक्ष में आयोजित होती थी।

## टी.एस. सिंहदेव की अनुशंसा से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 14 लाख 96 हजार रूपए की स्वीकृति

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव की अनुशंसा पर कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के विभिन्न ग्रामों में सी.सी.रोड निर्माण कार्यो के लिए प्रभारी मंत्री मद अंतर्गत 14 लाख 96 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम खैरझिटी में मेन रोड़ से लक्ष्मण वर्मा के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 99 हजार 100 रूपए, ग्राम रगरा, ग्राम पंचायत हरदी में खेलू पटेल के घर से सुखराजी पटेल के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 99 हजार 600 रूपए, ग्राम पंचायत हथलेवा में संतोष सिन्हा के घर से मेन रोड तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 99 हजार 900 रूपए, ग्राम पंचायत कोहडिया में रामकुमार साहू के घर से उत्तम गंर्धव के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 99 हजार रूपए और ग्राम दैहानडीह, ग्राम पंचायत सिंगारपुर में मुख्यमार्ग से मोहन वर्मा के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 98 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। कार्य एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर को बनाया गया हैं।

## नौकरी लगाने के नाम पर 4,44,414 रूपये ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रार्थी प्रमोद साहू पिता लुकन राम साहू निवासी ग्राम व पोस्ट सल्धा तहसील बेरला थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2018 में भिलाई निवासी के. कोरलय्या राजू एवं पिपरिया निवासी राम प्रकाश साहू द्वारा दिनांक घटना 05/08/2018 से 11.10.2019 तक मंत्रालय में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर नौकरी लगाउगां कहकर चार किस्तो में कुल जुमला 4,44,414 रूपये लेकर नौकरी नही लगाकर आवेदक के साथ धोखाधडी कर प्राप्त रकम को अपनी निजी उपयोग में लगा दिया। और ना ही आज दिनांक तक पैसे वापस किया गया है आरोपी के द्वारा धोखाघडी (ठगी) किया है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा थाना साजा प्रभारी एवं थाना स्टाफ को ठगी करने वाले पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आज दिनांक 18.01.2022 को आरोपी के. कोरलय्या राजू पिता स्व. के अरैय्या उम्र 38 वर्ष साकिन शांतिपारा केम्प 01 वार्ड नं0 34 भिलाई राम मंदिर के पीछे थाना छावनी जिला दुर्ग को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अंबर सिंह, सउनि सी. एल. बंजारे, आरक्षक अमित सिंह, आरक्षक मुकेश चंद्रवंशी, दीना यादव एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

फरवरी तक काम खत्म करने दिया निर्देश

# दरवाजे के ऊपर ढाला स्लैब आड़ा-तिरछा, गुणवत्ता पर दे ध्यान: एडीएम

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com





रिसाली के निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के दरवाजे के ऊपर ढाला स्लैब आड़ा तिरछा था। इसे देख एडीएम नुपुर राशि पन्ना ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

रिसाली के आत्मानंद स्कूल रिनोवेशन और प्रथमतल निर्माण कार्य में 1 करोड़ 21 लाख खर्च किया जा रहा है। मंगलवार को एडीएम नुपुर राशि पन्ना कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची। इंग्लिश मीडियम स्कूल के रिनोवेशन कार्य को पहले देखी। बाद में निर्माणाधीन कक्ष को देखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्य को हर हाल में फरवरी माह के अंत तक पूर्ण अवश्य कराए। उन्होंने निगम अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन, सहायक अभियंता आर के जैन व उपअभियंता अखिलेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**एकरूपता लाने कहा**

पुराने स्कूल भवन के ऊपर अतिरिक्त कक्ष (प्रथममाला) निर्माण किया जा रहा है। एडीएम ने कहा कि गैलरी में ग्रील लगवाए वही क्लासरूम की खिड़की में एल्यूमिनियम फ्रेम लगाकर कांच लगाए। ताकि क्लास में पर्याप्त रोशनी व हवा पहुंचे। उन्होंने भवन में एकरूपता लाने आर्किटेक्ट की मदद से समान एलीवेशन देने कहा।

**बनेगा शेड**

एडीएम ने कहा कि स्कूल के फ्रंट में प्रेयर के लिए पर्याप्त जगह होना चाहिए। जहां पर बच्चे नियमित समय में एकत्र हो। एडीएम ने आयुक्त को निर्देश दिए कि ऐसा स्थान का चयन कर शेड निर्माण अवश्य कराए।

**मैदान समतलीकरण हो**

निरीक्षण के दौरान जगह डस्ट और जमीन उबड़ खाबड़ देख अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने ठीक करने कहा। उन्होंने कहा कि डस्ट को एक किनारे व्यवस्थित रखे वही उबड़ खाबड़ गड्ढे का मिट्टी से फिलिंग करे।

## गणतंत्र दिवस के तैयारियों के संबंध मे कलेक्टर ने ली बैठक



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले मे गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। कोविड के बढ़ते संक्रमण के कारण पर्व के दौरान कोविड-19 गाइड लाइन का भी पालन किया जायेगा। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के तैयारियों के संबंध मे बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक मे पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मौजूद थे। कलेक्टर ने बताया कि जिला मुख्यालय मे मुख्य समारोह का आयोजन ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान मे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियां सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी जायेगी। कोरोना के कारण स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा। जिन-जिन विभागों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारी जो अच्छा कार्य किये हों उन्हे 26 जनवरी को सम्मानित किया जाना है। इसकी सूची 22 जनवरी तक सीईओ जिला पंचायत कार्यालय मे प्रस्तुत करने को कहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा होंगे।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन अड़भार शाखा का हुआ विधिवत शुभारंभ

**सक्ती।** जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा विकासखंड के नगर पंचायत अड़भार क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन शाखा का 18 जनवरी को विधिवत शुभारंभ हुआ, इस अवसर पर जहां छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम कुमार यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं जिले के प्रभारी अर्जुन तिवारी, जिला पंचायत जांजगीर चांपा की अध्यक्ष यमिता यशवंत चंद्रा, नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग, नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्योतिष गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष एवं चंद्रपुर विधायक के आगमन पर नगर पंचायत की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की अड़भार शाखा के शुभारंभ अवसर पर काफी संख्या में बैंक प्रबंधन एवं शहरवासी मौजूद रहे।



## समाजसेवी देवेंद्र अग्रवाल बनाए गए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश के सह संयोजक

**सक्ती।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की दिल्ली एनसीआर प्रांतीय इकाई के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष एवं कर्मठ समाजसेवी भाजपा नेता देवेंद्र अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश के सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है,तथा उक्तआशय की जिम्मेदारी का नियुक्ति पत्र दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा देवेंद्र अग्रवाल को दिया गया, देवेंद्र अग्रवाल की इस नियुक्ति पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं रमेश खन्ना के वे आभारी हैं जिन्होंने राजनीतिक रूप से उन्हें व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक का दायित्व सौंपा है, तथा भी पूरी निष्ठा एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए दिल्ली प्रदेश में व्यापारियों को एकजुट भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से अवगत कराएंगे, साथ ही देवेंद्र अग्रवाल ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के भी सभी सदस्यों के सहयोग से उन्हें राजनीति के क्षेत्र में यह बड़ा दायित्व मिला है जिसके लिए वे पूरे अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के भी आभारी हैं,वहीं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता, महामंत्री प्रदीप सराफ, उपाध्यक्ष मीना गोयल, कोषाध्यक्ष गणेश भारतीय सहित देवेंद्र के प्रदाधिकारियों ने भी देवेंद्र अग्रवाल की इस नियुक्ति पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है, वही दिल्ली-एनसीआर प्रांतीय इकाई ने भी देवेंद्र अग्रवाल की इस नियुक्ति पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बधाई दी है,उल्लेखित हो कि देवेंद्र अग्रवाल दिल्ली प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ कर्मठ नेता के रूप वर्षों से कार्य कर रहे हैं, तथा उनकी सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी दी है।



## चंद्रपुर शहर के भारत माता चौक के जीर्णोद्वार एवं सौन्दीयकरण के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा संगठनों ने ज्ञापन



**सक्ती।** जांजगीर-चांपा जिले के महानदी के तट पर स्थित मां चंद्रहासिनी देवी की नगरी चंद्रपुर शहर के भारत माता चौक के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए साथ ही चंद्रपुर के इस मां भारती परिसर को बेतरतीब पार्किंग से मुक्त कराने हेतु विश्व हिंदू परिषद, एकता मंच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत चंद्रपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी मोहन विश्वकर्मा को एक ज्ञापन प्रेषित कर मांग की गई है, तथा ज्ञापन प्रेषित करने वालों में रघुवीर दास वैष्णव, गौरी शंकर गुप्ता (गौरी), दिनेश देवांगन, शशि मेहर, सुनील देवांगन, चंद्रशेखर मालवीय ने कहा है कि चंद्रपुर शहर के हृदय स्थल में भारत माता चौक स्थापित है, जो कि वर्षों से सौन्दीकरण की बाट जोह रहा है एवं इस चौक को प्रशासन द्वारा जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में विशेष पहल करनी चाहिए,तथा इस चौक के चारों और आकर्षक रोशनी एवं अन्य व्यवस्थाएं की जानी चाहिए जिससे लोग यहां आ सकें, इस संबंध में चंद्रपुर के सामाजिक कार्यकर्ता गौरी शंकर गुप्ता गौरी का कहना है कि भारत माता चौक में मां भारती की प्रतिमा स्थापित है, तथा मां भारती के वैभव को हम सभी उच्च शिखर में पहुंचाने की दिशा में सदैव प्रयासरत रहें एवं स्थानीय प्रशासन को इस भारत माता चौक एवं परिसर को साफ- सुथरा स्वच्छ एवं बेतरतीब पार्किंग से मुक्त रखने की दिशा में सकारात्मक पहल की आवश्यकता है,तथा हम सभी आज संयुक्त रूप से विभिन्न संगठनों के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर नगर पंचायत चंद्रपुर से मांग करते हैं कि तत्काल इस दिशा में सकारात्मक पहल की जाए एवं नई कार्ययोजना बनाकर इसे सौंदर्यीकरण किया जाये।

### निधन

## नरबदी देवी सिंघानिया

**शक्ति।** बाराद्वार शहर की प्रतिष्ठित फर्म- राधेश्याम रतनलाल सिंघानिया एवं जनता मेडिकल स्टोर के संचालक रमेश सिंघानिया की पूज्य माताजी नरबदी देवी सिंघानिया पति स्व. राधेश्याम सिंघानिया का आकस्मिक निधन विगत दिनांक- 14 जनवरी 2021 दिन- शुक्रवार को हो गया था, जिनका बारहवा एवं पगड़ी रस्म आगामी दिनांक- 25 जनवरी 2021 दिन- मंगलवार को अरविंद सिंघानिया के निवास स्थान बाराद्वार में होगा, स्व. नरबदी देवी सिंघानिया रतनलाल, रमेश कुमार, अंत कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, की पूज्य माता एवं मुकेश, प्रदीप, मनीष, प्रियेश, विकास, अंकित, सर्वेश, अनुराग, सौरभ, आशीष एवं उज्जवल की पूज्य दादी जी थी, नरबदी देवी के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा नरबदी देवी सिंघानिया मृदुभाषी, मिलनसार एवं धार्मिक विचारों वाली महिला थी।



# सूने मकान में चोरी करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े, आरोपियों में 1 अपचारी बालक

- आरोपियों से नकदी, सोने-चांदी के जेवरात की जप्ती

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





जूटमिल चैकी प्रभारी उत्तम साहू द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा चोरी, नकबजनी के मामलों में माल मुल्जिम की पतासाजी के लिये दिये गए निर्देशों पर मुखबिर लगाकर लगातार संदिग्धों से पूछताछ किया जा रहा था जिस पर उन्हें जूटमिल सामने गली के सुने मकान पर चोरी करने वाले 03 नकबजन पकड़ में आये हैं, जिसमें एक नाबालिग बालक है।

तीनों आरोपियों से सुने मकान से चोरी किये सारे जेवरात व नकदी रूपयों की बरामदगी की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 09 जनवरी को बाजीनपाली जूटमिल में रहने वाले विकास कुमार आजाद (उम्र 36 वर्ष) चैकी जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनका एक घर जूटमिल सामने गली में भी है। जहां दिन में रहते और रात में ताला बंद करके बाजीनपाली के घर चले जाते थे कि 09 जनवरी के सुबह जूटमिल सामने गली वाले घर का गेट का ताला तोड़कर चोरी की सूचना पर जाकर देखे तो कोई अज्ञात चोर घर के दुकान वाला गेट पर लगा ताला तोड़कर घर अंदर रखे पेटी का ताला तोड़कर पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम 20,000- रुपये को चोरी कर ले गया था।

चोरी के रिपोर्ट पर चैकी जूटमिल में अज्ञात आरोपियों पर धारा 457,380 भ्द्व कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दरम्यान चैकी प्रभारी जूटमिल को मुखबिर द्वारा मोहल्ले में रहने वाले अजय चैहान पर चोरी करने का संदेह व्यक्त किया गया, जिस पर चैकी प्रभारी द्वारा अजय चैहान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने दो साथियों के साथ चोरी कर सोने-चांदी के जेवरातों को बटवारे में अपने पास रखना और रूपयों को अपने साथियों को बाटवारे में देना बताया। आरोपी अजय चैहान के मेमोरेंडम पर आरोपी इरफान खान और अपचारी विधि के साथ संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी को कबूल कर बटवारे में मिले रूपयों में कुछ रूपये खर्च हो जाना बताया। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 01 जोड़ी सोने का झुमका, 01 नग सोने की अंगूठी, 02 जोड़ी चांदी का पायल, 02 नग चांदी का मेंहदी छल्ला व नगदी रकम 7,500 रुपये की बरामदगी की गई है। आरोपी अजय चैहान उम्र 22 वर्ष, इरफान खान 18 साल दोनों निवासी जूटमिल सामने गली एवं विधि के साथ संघर्षरत अपचारी बालक को शीघ्र न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा।

# 110 नग नशीली कफसिरप के साथ युवक पकड़ाया

- घर में छिपा कर रखी थी प्रतिबंधित दवा
- एनडीपीएस एक्ट के अपराध में आरोपी युवक भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




मुखबिर की सूचना पर सरिया पुलिस ने एक घर में दबिश देकर यहां से 110 नग प्रतिबंधित कप सिरफ बरामद किया है। पुलिस ने नशीली दवा को जब्त करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

सरिया थाना प्रभारी उप निरीक्षक के.के. पटेल के नेतृत्व में सरिया पुलिस द्वारा वार्ड क्रमांक 08 में रहने वाले विकास मेहर पिता स्व. वृन्दावन मेहर उम्र 25 वर्ष साकिन वार्ड क्र0 08 राजीव नगर सरिया के घर पर दबिश दिया गया। उप निरीक्षक के.के. पटेल को उनके मुखबिर से सूचना मिली थी कि विकास मेहर घर पर अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरफ की नशेड़ियों को नशे के लिये दुगने दामों में बिक्री करता है। पुलिस को संदेही के घर की तलाशी में खाट के नीचे छिपाकर रखा हुआ एक प्लास्टिक बोरी में 100-100 उस वाली 110 नग (11 लीटर कीमती 22,000 रुपये) मिला। संदेही से कप सिरप बेचने के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी से प्रतिबंधित कफसिरप की जप्ती कर आरोपी पर धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल, आरक्षक रामजी सारथी, सियाराम कोसर, मोहन गुप्ता, मोहन पटेल, राज कुमार साव की अहम भूमिका रही है।

## कोविड सहायता राशि और आरबीसी 6-4 के हितग्राहियों से संपर्क कर सहायता राशि मिलने का सत्यापन करें: कलेक्टर कुलदीप शर्मा

- कलेक्टर ने जिला कलेक्ट्रट कार्यालय का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सभी कार्यालयों में पहुंचकर विभाग प्रमुख अधिकारियों से बात की और विभाग की गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर शर्मा ने स्थापना कक्ष में पहुंचकर कोविड से मृत्यु की स्थिति में परिजनों को दी जाने वाली कोविड सहायता राशि की जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने राजस्व परिपत्र 6-4 के तहत प्रकरणों और निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर शर्मा ने कोविड सहायता राशि और विगत 6 माह के आरबीसी 6-4 प्रकरण के हितग्राहियों से फोन नंबर पर संपर्क कर राशि मिलने का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए।

उन्होंने शिकायत शाखा में समय सीमा में लंबित, जनचौपाल, पीएम पोर्टल में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और सभी संबंधितों से प्रकरणों पर प्रगति रिपोर्ट लेने के भी अपर कलेक्टर को निर्देश दिए। ट्रेज़री विभाग में निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्टाम्प पेपर की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी तहसीलों में कम दर वाले स्टाम्प उपलब्ध रहें। इसी तरह निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को 2015 से अब तक के निर्माण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### मास्क चेकिंग अभियान जारी रखने के निर्देश

कलेक्टर शर्मा ने कोरोना संक्रमण के मद्देनजर मास्क चेकिंग अभियान जिले में जारी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। जिले में लोगों को मास्क पहनने के प्रति जागरूक करते हुए चेकिंग और चालानी कार्यवाही जारी रखें।

## पिकअप की ठोकर से बाईक सवार महिला की मौत, खरसिया हमालपारा रोड़ में हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



मंगलवार की सुबह खरसिया क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकप की ठोकर से एक महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं इस घटना में दो अन्य घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 10.20 बजे हमालपारा रोड में गर्ग फर्नीचर के सामने पिकप के चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रोड में गिर गए। वहीं आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई तथा घायलों को सिविल अस्पताल खरसिया ले जाया गया, जहां महिला को प्राथमिक जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है की श्यामलाल यादव, अपने प्लेटिना सीजी 13 जी 2800 से अपने ग्राम चोढ़ा से अपने परिवार के साथ अपने साढू को देखने चोढ़ा से सपिया जा रहा था, तभी पिकप क्रमांक सीजी 13 एन एच 9826 के चालक ऋषि कुमार ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए, हमालपारा रोड गर्ग फर्नीचर के सामने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला- रामबाई यादव की मौत हो गई, वही श्यामलाल यादव व बच्चा कृष्णा यादव घायल हो गए। बहरहाल खरसिया चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर, शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल खरसिया के सुपुर्द किया गया है। वही आगे की कार्यवाही जारी है।

## एनएसयूआई ने किया यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन

**जैजैपुर।** छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के निर्देशानुसार पूर्व जिलाध्यक्ष अंकित सिसोदिया के मार्गदर्शन में मयंक सोनी जी की उपस्थिति में जैजैपुर एनएसयूआई के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मोहन थिरहे के नेतृत्व में ग्राम हसौद में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए एनएसयूआई के विरोध में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप पूर्व कार्य. अध्यक्ष प्रदीप पटेल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खूंटे, ब्लॉक कांग्रेस संयुक्त महामंत्री ओमप्रकाश बर्मन, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता सतीश महेश, संतोष लहरे, गया पटेल, प्रभात लहरे, कीर्तन खूंटे, लाला मित्तल, कृष्णा पटेल, नक्की यादव, यादराम पटेल, रवि आदित्य, जयंत महिलांगे, तिलेश्वर कुर्रे, उदित गायकवाड़ आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश से बाइक चोरी कर छत्तीसगढ़ में बिक्री करने के लिए लाने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश

- कुल 6 मोटर सायकल एवं दो सबमर्सिबल पम्प जब्त
- एक विधि के विरूद्व संघर्षरत् बालक सहित कुल 5 अरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < गौरेला पेण्ड्रा
www.dailypioneer.com



मरवाही पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा जिले मे संपत्ति संबंधी अपराधों में संलग्न अपराधियों की पतासाजी कर प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश देते हुए अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही एवं अनु.अधि.पुलिस अशोक वाडेगांवकर के नेतृत्व में पतासाजी हेतु टीम गठित कर पतासाजी में लगाया गया पतासाजी के दौरान टीम को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि रेवाराम भैना निवासी मटियाटांड़ थाना मरवाही द्वारा मध्य प्रदेश से मोटर सायकल चोरी करवा कर पेण्ड्राोड बुलवाया है तथा वाहन बिक्री करने का प्रयास किया जा रहा है।

टीम द्वारा ग्राहक बन कर रेवाराम भैना से संपर्क किया गया जो वाहन बेचने को तैयार हो गया टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन के पास जाकर रेवा राम भेना तथा उसके साथी दुर्गेश राठौर को तीन नग मोटर सायकल सहित पकड़ा गया दोनों आरोपियों द्वारा उक्त तीनों मोटर सायकल को (नीले रंग की ड्रीम यूगा, स्प्लेन्डर एवं स्प्लेन्डर प्लस ) को जैतहरी के आसपास से अलग अलग दिनांक को चोरी करना स्वीकार किये आरोपियों के पास से तीनों मोटर सायकल को चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर धारा 41 (1-4) जा.फौ./379 भादवि के तहत जप्त किया गया है उक्त मोटर सायकल के संबंध में थाना जैतहरी में चोरी का अपराध पंजीबद्ध है।

इसी प्रकार एक विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक से दो मोटर सायकल जिसमें एक पल्सर एवं एक सी.डी. डिलक्स मोटर सायकल जिसे अनुपपुर जिले से चोरी करना बताया है जिसे बिक्री करने के लिये पेण्ड्रा गौरेला लेकर आया था जिससे चोरी की दो मोटर सायकल को धारा 41 (1-4) जा.फौ./379 भादवि के तहत विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक से जप्त किया गया है। थाना पेण्ड्रा के अप. क्र. 27/2022 धारा 379 भादवि में चोरी गयी एच.एफ. डीलक्स मोटर सायकल को आरोपी जग्गू उर्फ राजेन्द्र राठौर पिता भारत सिंह राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती पेण्ड्रा के पास से जप्त किया गया है।



## रेत खदान से भारी वाहन चलने के खिलाफ शिवसैनिक करेंगे 21 को चक्काजाम

**जांजगीर चाम्पा।** शिवसेना जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत के नेतृत्व में शिवसैनिकों द्वारा 21 जनवरी शुक्रवार को चक्काजाम किया जावेगा। ओंकार सिंह गहलौत जिलाध्यक्ष ने बताया है कि जिले के नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भादा, गाड़ापाली, नवापारा में रेत खदान से लगातार दिन-रात रेत निकाली जा रही है। जहां भारी वाहन चलते हैं, जिससे प्रधानमंत्री सड़क खराब हो रही है। इन भारी वाहनों के कारण प्रधानमंत्री सड़क तो खराब हो ही रही है, साथ ही धूल के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा है कि मशीन गाडी से रेत निकाला जा रहा है जिससे स्थानीय मजदूरों को रोजगार से वंचित होना पड रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातार की गई है। चंदन धीवर जिला महासचिव ने बताया है कि प्रधानमंत्री सड़क में 10-12 टन से ज्यादा भार क्षमता नहीं होती। भारी लोड वाहन चलाने के लिए ग्राम भादा, गाड़ापाली, नवापारा के सड़क को नहीं बनाया गया है। लेकिन यहां 40 से 45 टन भारी वाहन चलाया जा रहा है। जिसकी शिकायत शिवसेना द्वारा पूर्व में की जा चुकी है। परंतु जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं किया गया। जिसके विरोध में 21 जनवरी को चक्काजाम किया जावेगा। जिसमें शिवसैनिकों को अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील ईश्वर साहू जिला महासचिव द्वारा की गई है।

## जुआ फड पर पुलिस का छापा, 03 जुआरियों से 5040 रुपये की जप्ती



**रायगढ़।** जुआ फड पर छापे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन जुआरियों से लगभग पांच हजार रूपए जुए में लगी रकम बरामद की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में आरक्षक रामजीलाल सारथी, राजकुमार साव, मोहनलाल गुप्ता द्वारा 16 जनवरी को शासकीय अस्पताल के पास मेन रोड लुकापारा में पुलिस टीम द्वारा जुआ खेल रहे व्यक्तियों पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया जिसमें कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर तीन जुआरी बैसाखू भोय पिता चकरू भोय उम्र 38 वर्ष, दिलीप सेठ पिता चैतु सेठ उम्र 37 वर्ष, गोर्वधन चैहान पिता गुरुदेव चैहान उम्र 40 वर्ष साकिन लुकापारा थाना सरिया जिला रायगढ़ को पकड़ा गया है। जुआरियों के फड़ एवं पास से 5040, 52 पत्ती तास एक सफेद प्लास्टिक बोरी की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना सरिया में धारा 13 जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# कंटेनमेंट जोन की हो नियमित मॉनिटरिंगः कलेक्टर

- किशोरों का टीकाकरण तेजी से पूरा करने के निर्देश
- कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग की साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने बैठक के दौरान कहा कि जिले में कोविड के केसेस बढ़ते जा रहे है, जिसके मद्देनजर मरीजों के उपचार के लिए तैयार किए जा रहे जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने मेडिकल कालेज में कोविड वार्ड प्रारंभ करने के निर्देश मेडिकल कालेज प्रबंधन तथा स्वास्थ्य विभाग को दिए। कलेक्टर ने जिले में 15 से 18 वर्ष के किशोरों के कोविड टीकाकरण तथा फ्रंट लाईन वर्कर तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र के प्रिकॉशन डोज वैक्सीनेशन की समीक्षा की। सीएमएचओ ने बताया कि 72 प्रतिशत से अधिक बच्चों को टीका लगाया जा चुका है। कलेक्टर ने अगले एक सप्ताह में शत-प्रतिशत किशोरों का वैक्सीनेशन पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी फ्रंट लाइन वर्कर व 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को भी तेजी से प्रिकॉशन डोज लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के विकासखंडों में टेस्टिंग की समीक्षा की। सीएमएचओ डॉ.केसरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं बार्डर में चेकिंग की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि बार्डर में लक्षणयुक्त व्यक्तियों के चेकअप के दौरान पुलिस विभाग द्वारा बल भी वहां तैनात किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि कन्टेनमेंट जोन का नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि कन्टेनमेंट जोन में रह रहे नागरिकों को साफ-सफाई एवं राशन व अन्य जरूरी सामानों की आपूर्ति जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उद्योग विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी उद्योगों का निरीक्षण करें एवं वहां क्वारेंटीन सेंटर निर्मित है या नहीं सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# रांका बिजली वितरण केंद्र के किसान उपभोक्ता फोरम में दायर करेंगे मामला

**एक मुश्त वर्षो का बिल थमाकर अनाप शनाप बिजली बिल दिया था कंपनी ने**

**रांका बिजली वितरण केंद्र के करीब 10 गावो के किसान परेशान**

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विद्युत कंपनी के लापरवाही के चलते बीते 2 वर्ष पूर्व राका बिजली वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले करीब 10 गांवों के उपभोक्ताओं को कम्पनी द्वारा एक मुश्त वर्षो के मासिक बिजली बिल थमा दिए जाने के बाद से आज तक उपभोक्ताओं के द्वारा कंपनी को भुगतान नहीं किए जाने का मामला लंबित है गांव वालों के अनुसार इस तरह की समस्या लिए उपभोक्ता दर-दर भटक रहे हैं मगर उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है अंततः अब गांव के ग्रामीण, जिला उपभोक्ता फोरम की शरण लेने की तैयारी में लगे हुए है इस सम्बंध में पीड़ित उपभोक्ता ग्राम पथर्रा निवासी बलदाऊ यदु,परस पटवा,परदेशी यादव ,चिंता साहू,ललिता पटवा, ने बताया की ग्राम पथर्रा,जेवरा जिया, जौग, रांका, कठिया एवं बहिंगा के करीब 1हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लगभग 2 वर्ष बाद एक मुश्त मासिक बिजली भेजा गया अनाप शनाप बिल देखकर ग्रामीण हतप्रभ होकर लगातार इस समस्या के समाधान हेतु विद्युत कंपनी के अधिकारियों से गुहार लगा चुके है तथा बेमेतरा विधायक को भी सभी उपभोक्ताओं ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं से अवगत कराया विधायक के निर्देश पर विद्युत कंपनी ने बिजली वितरण केंद्र राका में जन समस्या निवारण शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान करने की कोशिश की मगर एक मुश्त बिजली बिल भेजने के मामले में उपभोक्ताओं को कम्पनी के अधिकारियों ने कोई जवाब और जानकरी नहीं दे पाए

**सैकड़ो के तादात में है उपभोक्ता**

एक मुश्त बिजली बिल उपभोक्त ाओं को भेजे गए जिससे राका बिजली वितरण केंद्र के करीब 1000 से अधिक उपभोक्त । बीते 3 सालों से परेशान हैं मगर आज तक इनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया और इन उपभोक्त ाओं की बिजली बिल आज की स्थिति में दोगुना और 3 गुना हो चुका है जबकि सभी गरीब तबके के लोग हैं जिनके द्वारा बिजली कंपनी के द्वारा जारी किए गए एक मुस्त मासिक बिल राशि जमा कर पाने में असमर्थ हैं अब मजबूरी में इस वितरण केंद्र के उपभोक्त ाओ को जिला उपभोक्त । फोरम की शरण में जाना पड़ रहा हैं।

## क्या था मामला

उपभोक्त ाओं के अनुसार विद्युत कंपनी के द्वारा बीते कई वर्षो से मीटर रीडिंग ही नहीं ली गई और 2 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद एक मुश्त विद्युत कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा बिजली वितरण केंद्र के आसपास के गांव के किसानों को 50000 से लेकर 70000 तक बिल भेजे गए गांव में गरीब तबके के लोग निवासरत है जिन्हें अब मासिक बिजली बिल का भुगतान करने में आर्थिक परेशानीया उठानी पड़ रही है, गांव वालों के अनुसार बिजली वितरण केंद्रों में ठेके के माध्यम से मीटर रीडिंग का काम होता है घर बैठे उपभोक्त ाओं के नाम पर एवरेज बिल भेजा जाता था मौके पर रेंडम मीटर रीडिंग नहीं होने से कंपनी को भी कोई लाभ ही नहीं हुआ और इससे उपभोक्त ाओं को एक मुफ्त बिजली बिल थमा दिया गया विद्युत कंपनी के उच्च अधिकारियों के नजरअंदाज व लापरवाही का आलम यह था कि बिजली वितरण केंद्र राका में ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए सीधे एवरेज बिल उपभोक्त ाओं को भेजा जाता था इस तरह के मामले विद्युत कंपनी में इस सज्ञान के आने के बाद जिले में कंपनी के द्वारा नियमित विद्युत बिल दिया जाने लगा अब चुकी गांव में निवास करने वाले गरीब तबके के लोगों को एक लाख से अधिक विद्युत कंपनी का बकाया वसूली करने के नाम पर अनेक उपभोक्त ाओं के विद्युत प्रवाह कंपनी ने बंद कर दिए और ना ही उन्हें अब कोई नया कनेक्शन मिल पा रहा है ऐसे में दर्जनों परिवार अंधेरे में ही जीवन यापन कर रहे हैं विद्युत कंपनी के लापरवाही का खामियाजा गरीब असहाय और किसान भुगत रहे हैं उपभोक्त ाओं को अपनी गाढ़ी कमाई अथवा जमा पूंजी के साथ जमीन जय जयदाद बेचकर विद्युत कंपनी को बकाया बिल राशि अदा करना पड़ेगा तब कहीं जाकर उन्हें नया बिजली कनेक्शन मिल पाएगा उपभोक्त ाओं की समस्याओं को लेकर पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा जन आंदोलन भी किया गया विद्युत कंपनी ने गांव में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश की मगर मामला नहीं सुलझ पाया।

# सबसे सस्ते दिन अब आएंगे इंडिया के हर घर में

रायपुर। भारत का सबसे बड़ा ओम्नीचैनल रिटेलर बिग बाजार 2022 की शुरुआत साल के सबसे बड़े बचत उत्सव सबसे सस्ते दिन के साथ कर रहा है, जो 19 से 26 जनवरी तक चलेगा। इस जबरदस्त सेल में हर भारतीय घर को खाद्य, घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन परिधान, फुटवेयर, खिलौनों और कई अन्य श्रेणियों में सबसे कम दाम पर सामान मिलेगा ताकि अधिक से अधिक बचत हो सके। इस साल ग्राहकों को सभी ऑफर केवल स्टोर में ही नहीं मिलेंगे बल्कि वे बिग बाजार की एप तथा शॉप.बिगबाजार.कॉम वेबसाइट के जरिये सामान अपने घर पर भी मंगा सकते हैं और मात्र 2 घंटे में उनके घर पर सामान की मुफ्त डिलिवरी कर दी जाएगी। सबसे कम दाम के साथ ही ग्राहकों को 2500 रुपये की खरीदारी पर 2500 रुपये के ही फैशन वाउचर्स भी मिलेंगे। एसबीआई क्रेडिट कार्ड वाले ग्राहक स्टोर में कम से कम 3500 रुपये की खरीदारी पर 7.5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट भी पा सकते हैं।

# बेमौसम बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरा



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

किसानों की मेहनत पर डाका इन दिनों आम हो चला है पहले बेमौसम बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरा उसके उपरांत खरीदी केंद्रों में भी किसानों का धान निर्धारित मानक से ज्यादा लिए जाने के कारण उनको चुना लगाया जा रहा है,, वही जिम्मेदार अधिकारी शिकायत के इंतजार में बैठ तमाशा देखने में व्यस्त हैं, जिसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि जिम्मेदार अधिकारियों के प्रतिदिन निगरानी के बावजूद भी खरीदी केंद्रों में किसानों की बोरियो से तौलाई के दौरान लगभग 3 से 5 किलो धान धान ज्यादा पाया गया। मामला मुख्यालय से लगे धान खरीदी केंद्र का है जहांबीते दिनों लगातार बारिश के बाद बन्द पड़े खरीदी में मौसम साफ होने के उपरांत खरीदी प्रारंभ की गई, लगभग तीन चार दिनों बाद खरीदी प्रारंभ होने के कारण टोकन कटा चुके लगभग 40 से 45 किसानों द्वारा धान लाया गया था, जिनकी तौलाई के दौरान ज्यादातर प्लास्टिक बोरियो सहित जुट बोरियो में निर्धारित मात्रा से ज्यादा धान निकला। जो भोले भाले किसानों की मेहनत पर डाका डालने के समान है , एक तरफ जहां किसान हितैषी सरकार किसानों के धान का एक एक दाना खरीदना चाहती है वही दूसरी तरफ खरीदी केंद्रों में इस प्रकार के बारदात को अंजाम दिया जा रहा है। धान खरीदी में पारदर्शिता लाने आलाधिकारियों द्वारा पुरजोर कोशिश की जाती रही है दूसरी तरफ अधीनस्थों की कारगुजारियों के चलते प्रशासन की मनसा धरी की धरी रहती है।

# 'प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मुर्गी एवं बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न'

**बैकुंठपुर।** अग्रणी जिला प्रबंधक विकास कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जिले के खड़गवा जनपद में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत जिले के खड़गवा जनपद में मुर्गी एवं बकरी पालन



का प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 जनवरी से 16 जनवरी 2022 तक आयोजित किया गया। 16 जनवरी को समापन कार्य म के साथ-साथ परीक्षा का भी आयोजन किया गया। कार्य म में मुर्गी एवं बकरी पालन के अतिरिक्त उनके व्यक्ति त्व विकास, मनोबल को बढ़ाने हेतु नैतिक उत्थान हेतु प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। इसके अतिरिक्त व्यापार संचालन एवं बिजनेस सूत्र बताये गये। प्रशिक्षणार्थियों ने बहुत ही लगन से प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं गतिविधियों के संचालन हेतु विचार व्यक्त किये। उक्त कार्य म में पशुपालन विभाग से चिकित्सकों के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कार्य म के समापन के दौरान एसेसमेन्ट कन्ट्रोलर अरूण सोनी के द्वारा एसेसमेन्ट भी लिया गया।

# कोविड-19 के कारण मृतकों के वारिसों के लिए 6 लाख रूपये की राशि मंजूर

**बैकुंठपुर।** कोविड-19 के कारण मृतकों के वारिसों के लिए 6 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी गई है। जिसमें तहसील मनेन्द्रगढ़ के खोंगापानी की शांति के वारिस लक्ष्मण हथगेन, झगराखाण्ड की संगीता के वारिस संजय कुमार, सिविल लाईन की बानी मंडल के वारिस मोनिका मंडल, खोंगापानी के मुमताजुद्दीन के वारिस महजबीन, दयामई भंडारी के वारिस टोटन भंडारी, रामपति चौधरी के वारिस सुनीता, गोरेलाल के वारिस सुकवरिया, अजित आचार्य के वारिस झरना आचार्य, नई लेदरी के प्रभा के वारिस अजय कुमार मसीह, इन्दु सरकार के वारिस सुप्रिया सरकार, हैदर खान के वारिस शाहेना एवं खोंगापानी की तहरीम निशा के वारिस अजमद अली अंसारी के लिए 50-50 हजार रूपये की राशि शामिल है।

# दो जनपद सदस्य 10 सरपंच एवं 14 पंचों के लिए आज होगा मतदान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले मे त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 के अंतर्गत 2 जनपद पंचायत सदस्य, 10 सरपंच एवं 14 पंचों के लिए जिले के 34 ग्राम पंचायातों के कुल 63 मतदान केन्द्रों में 20 जनवरी 2022 को मत डाले जायेंगे। जनपद पंचायत सदस्य के 2 पद के लिए 08 प्रत्याशी, सरपंच के 10 पद के लिए 28 प्रत्याशी तथा पंच के 14 पदों के लिए 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जनपद सदस्य के लिए 12400 तथा सरपंच के लिए 12889 पंच पद के लिए 1252 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन के लिए मतदान दल 19 जनवरी 2022 को सुबह संबंधित ब्लाक मुख्यालय से मतदान केन्द्र के लिए रवाना किए जायेंगे। 20 जनवरी को मतदान प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगा तद्पश्चात मतदान केन्द्र में ही मतगणना कराया जायेगा। जनपद पंचायत सदस्य के लिए मतपत्र का रंग पीला, सरपंच के लिए नीला एवं पंच के लिए मतपत्र सफेद रंग का होगा। 63 मतदान केन्द्रों के लिए




12 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है।

**यहां होगा उप चुनाव**

जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत कुरदा में सरपंच पंद के लिए 04, नवागांवकला में 05 एवं आंदू में 02 प्रत्याशी है। ग्राम पंचायत बगौद, चारभाठा, ढारा एवं केवांछी में एक-एक वार्ड के लिए पंच चुने जायेंगे, जिसके लिए ब्लाक में कुल 13 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जनपद पंचायत बेरला में सरपंच पंद के लिए ग्राम पंचायत सुरहोली में 04, पिरदा एवं भांड में 02-02 प्रत्याशी है, वही ग्राम पंचायत सरदा, चिखला, मुड़पार एवं देवरी के एक-एक वार्ड में पंच का निर्वाचन होगा जिसके लिए कुल 11 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जनपद पंचायत नवागढ़ के क्षेत्र मांक 03 में 06 प्रत्याशी, सरपंच पद के लिए ग्राम पंचायत धौराभाठखुर्द में 03 एवं रनबोड़ में 02 प्रत्याशी है, वही ग्राम पंचायत ईटई, धोबघट्टी एवं एरमशाही में पंच के एक-एक पद पर चुनाव होगा, इसके लिए ब्लाक में कुल 20 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जनपद पंचायत साजा के क्षेत्र क्रमांक 22 में 02 प्रत्याशी तथा सरपंच पद के लिए ग्राम पंचायत लालपुर एवं कांचरी में 02-02 प्रत्याशी है,वही पंच पद के लिए ग्राम पंचायत भरदा, भनौरा एवं नवागांवखुर्द के एक-एक वार्ड में पंच के लिए चुनाव कराये जायेंगे।

**चुनाव में कोविड-19 गाइडलाइन का किया जाएगा पालन**

निर्वाचन में कोविड-19 गाईड लाईन का पालन किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस लिए मतदाताओं को मास्क एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दलों के लिए मास्क, ग्लब्स एवं सेनेटाईजर उपलब्ध कराये गये है। मतदान के लिए मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित 18 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज पहंचान के लिए मतदान हेतु जाना होगा, जिसमें मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, राषन कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, स्मार्ट कार्ड ईत्यादि शामिल है। निर्वाचन परिणाम की घोषणा सारणीकरण के पष्चात ब्लाक मुख्यालय में रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिनांक 22.01.2022 को प्रातः 09 बजे से की जावेगी।

# बूथ कमेटी गठन एवं सदस्यता अभियान हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेण्ड्रा के द्वारा रखी गई बैठक



**पेण्ड्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेण्ड्रा के द्वारा आज बूथ कमेटी गठन एवं सदस्यता अभियान को लेकर कोटमी जोन के जोन प्रभारी व सेक्टर प्रभारियों की बैठक बुलाई गई। उक्त बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास ने सेक्टर व जोन प्रभारियों को दो दिवस के भीतर बूथ कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए और कहा कि बूथ कमेटी में कांग्रेस के रीति नीति से जुड़े काम करने वाले कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाये साथ ही उन्होंने कांग्रेस के सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिये कहा। इस अवसर पर पेण्ड्रा नगर पंचायत के अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा बूथ कमेटी के गठन व सदस्यता अभियान में आप

# एनएसयूआई मुंगेली ने किया योगी का पुतला दहन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा किये गए FIR के विरोध में NSUI छत्तीसगढ़ के प्रदेशअध्यक्ष नीरज पाण्डेय जी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रभारी अर्पित केशरवानी जी के उपस्थिति में NSUI मुंगेली ने किया योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया। NSUI राष्टीय सहसंयोजक गोविन्दा गोस्वामी, मितेश चंद्राकर, मनोज सोनकर, संदीप यादव, महेंद्र साहू, यज्ञ पटेल, मोतीलाल प्रधान, राकेश चंद्राकर, सोनू मनहर, आकाश साहू, आशीष चंद्राकर, सुधीर मरकाम, संदीप कुमार, नीलेश टंडन, उमेश दिवाकर, दिनेश साहू, मुकेश पटेल, गजेन्द्र साहू, हिरेश टंडन, सत्यम बंजारे, धर्मेन्द्र साहू, लक्ष्यदीप बंजारे, नवीन उईके, योगेन्द्र साहू, आयुष पाल, साहिल कोशले, गोविंद कोशले, गजेंद्र जांगड़े, हरीलाल नवरंग आदि उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-बी-121/2020-21
ग्राम संगवाकापा पहन 10

एतद द्वारा ग्राम संगवाकापा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरली मनोहर पिता स्व. शाहेत्रु जाति लोहार निवासी संगवाकापा तहसील व जिला मुंगेली निवासी मैं अपने शाहेत्रु की मृत्यु दिनांक 26/12/2009 को हो जाने एवं उप पंजीयक ग्रा.पं. संगवाकापा के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25/01/22 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/01/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)



**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
आरएसीपीसी- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर छ.ग.
फो. 0771-4089154, 4267586, फैक्स- 0771-4040334

**वाहन विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

हमारी शाखा द्वारा जब्त किये गये वाहनों का "जहाँ है जैसा है" आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

| (1) क्र. | (2) ऋणि का नाम एवं पता | (3) वाहन का विवरण | (4) न्यूनतम आरक्षित मूल्य | (5)अग्रिम जमा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनीष कुमार सोनी पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद सोनी,आवासीय पता- 176 सी सोनी काम्पलेक्स, जी.ई. रोड, फूल चौक, नयापारा, रायपुर (छ.ग.) 492001 | मारूति सुजुकी इंडिया लिमी. S-PRESSO-VXI, CG 04 NB 8745, चेचीस नं. MA3RFL41SLB158269 इंजन नं. K10BN5105149 | ₹ 3,15,000/- | ₹ 31,500/- |

इच्छुक खरीददार न्यूनतम आरक्षित मूल्य (कॉलम 4) की 10% राशि (कॉलम 5) का ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक जो सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी., रायपुर के नाम पर देय हो, सादे पेपर में अपनी ऑफर राशि तथा अपना आई.डी.प्रुफ, पता एवं फोन नं. निविदा फार्म के साथ बंद लिफाफे में जमा करें। निविदा की नियम व शर्तें एवं वाहन निरीक्षण संबंधी जानकारी हेतु इच्छुक व्यक्ति मुख्य प्रबंधक (मेंटिनेंस) से ऊपर दिये हुए उपरोक्त नम्बर पर संपर्क कर सकते है। भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी., रायपुर में निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 27.01.2022 को दोपहर 3.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि 27.01.2022 को सायं 4.00 बजे, स्थान- भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी., रायपुर नियत की गई है। बैंक के पास बिना कोई कारण बताए भी निविदा / संपूर्ण निविदा प्रक्रिया निरस्त करने अथवा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

दिनांक: 19.01.2022, स्थान- रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी,
भारतीय स्टेट बैंक



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से उत्तर बस्तर कांकेर जिले के निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम पंजीकृत निर्माताओं/विक्रेताओं से निविदाएं प्रपत्र ''सी'' में आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक / दिनांक | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत रू. लाख में |
|---|---|---|
| 22/13.01.2022 | सामग्री क्रय कार्य (शेड्यूल अनुसार) | 7.215 |
| 23/13.01.2022 | सामग्री क्रय कार्य (शेड्यूल अनुसार) | 10.00 |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.01.2022 है। साथ ही निविदा की सामान्य शर्तें अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
G- 66939/2



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 272/2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/887 (6 कालेज रोड)** जो कि निगम अभिलेख में **श्री कैलाश प्रसाद गुप्ता पिता छोटेलाल गुप्ता** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती विमला गुप्ता पति स्व. कैलाशप्रसाद गुप्ता** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 267/2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/655 (24 शाला मार्ग)** जो कि निगम अभिलेख में **श्री प्रीतम सिंग पिता ज्ञान सिंह सरदार** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री गुरदीप सिंह पिता कमलजीत सिंह उबोवेजा** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 268/2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/498 का भाग (110 समता आर्किट)** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती सुलोचना अग्रवाल पति सुभाष अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती रितु अग्रवाल पति विशाल अग्रवाल** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 270/2021-2022
वार्ड का नाम - श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23** वार्ड स्थित भवन / भूमि **23/RPR 802 E 00431** जो कि निगम अभिलेख में **श्री अरविन्द अग्रवाल पिता व्यासनारायण** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री सदानंद झा पिता गोविन्द झा** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 269/2021-2022
वार्ड का नाम - श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23** वार्ड स्थित भवन / भूमि **23/RPR 812 D 00478** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती उर्वशी देवी पति नारायण प्र. शर्मा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/ श्रीमती सूर्यकांत, राजकुमार, रूपेश शर्मा पिता स्व. नारायण प्रसाद एवं ममता शुक्ला पति ओमप्रकाश शुक्ला** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 271/2021-2022
वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्र. 37

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यापारा वार्ड क्र. 37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/554 का भाग RPR 738 F 00074** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती उषा मोहिते पति स्व. हरिकिशन मोहिते** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री रविन्द्र मोहिते पिता स्व. हरिकिशन मोहिते** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिलारायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मां बंजारी धाम
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2354/ 18.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 163/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - ललन तिवारी S/o बिसून दयाल तिवारी, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- प्रहलाद कुमार पाल S/o सोनचरण पाल.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिलारायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - ठाकुर प्यारेलाल
वार्ड क्र. 11, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2355/ 18.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 32/11, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - राजेश साहू S/o खेदन साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- दुलेश्वर साहू S/o नेतराम साहू.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 454, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/ 298 बुढ़ापारा** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती मीना बाई पति अनिल डहरवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री तन्मय डहरवाल पिता अनिल डहरवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 451, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/417 AB, 418 AB 419 B** जो कि निगम अभिलेख में **श्री वरूण जैन पिता विमलचंद जैन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री (1) नितेश खत्री (2) नवीन खत्री दोनों पिता केशवलाल खत्री** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 452, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/ A-4 दिपक अपार्टमेंट** जो कि निगम अभिलेख में **श्री दीपक दामले पिता स्व. गजानंद दामले** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती दर्शना पंड्या पति स्व. विवेक पंड्या** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 453, 2021-2022
वार्ड का नाम - ब्राम्हणपारा वार्ड 44

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/265 सतबहनिया मंदिर के पास** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती अनिता देवांगन पति अशोक देवांगन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री चंद्रप्रकाश देवांगन पिता गोपाल देवांगन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# गरमाया अवैध उत्खनन का मामला : सत्ता पक्ष से सामने आए निखिल ने कहा, भूपेश सरकार में ये गुनाह बर्दाश्त नहीं, इधर प्रशासन भी कार्रवाई के मूड में

## राज्य पर्यटन मंडल सदस्य निखिल द्विवेदी ने शिवनाथ नदी में हो रहे अवैध उत्खनन मामले कार्रवाई की मांग की

**पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com



पनेका-बांकल में शिवनाथ नदी से अवैध रेत उत्खनन का मामला बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार की देर शाम जिला प्रशासन ने खदान की जांच की घोषणा की है। बुधवार को सत्ता पक्ष से पर्यटन मंडल के सदस्य व युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमेन निखिल द्विवेदी भी इस मामले में शिकायत लेकर जिला कार्यलय पहुंचे। आक्रामक तेवर में उन्होंने निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

निखिल ने दोषी खदान संचालक के खिलाफ धारा 409 के तहत मामला दर्ज करने की बात कही है। कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा की गैरमौजूदगी में अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे को ज्ञापन सौंपते हुए तल्ख तेवर में कहा कि जांच के लिए गठित समिति में निष्पक्षता जरुरी है। इसके लिए समिति में किसी पत्रकार या समाजसेवी को शामिल किया जाए। उन्होंने अपने इरादे साफ करते हुए कहा कि यह डॉ रमन सिंह की सरकार नहीं है जहां रेत माफिया मनचाही करतूतों को अंजाम दें। ये भूपेश बघेल की सरकार है जहां दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाता।

**पायनियर लगातार**

पायनियर ने इस रेत खदान के संचालन में अनियमितता का सबसे पहले और सबसे बड़ा खुलासा किया था। रनर मोल्डिंग सेंड के तहत औद्योगिक आपूर्ति के लिए ही यहां से रेत निकासी की अनुमति के बावजूद बगैर रॉयल्टी पर्ची के बाजार में रेत की बिक्री करने, स्वीकृत रकबे से अधिक से उत्खनन, शिवनाथ नदी के बीचो बीच तक रैंप निर्माण, नदी के प्रवाह को बाधित कर रेत की पंपवेल से निकासी जैसी कई अवैध गतिविधियां इस खदान में बेधड़क चलती रही।

बीते सोमवार को यहां आक्रोशित ग्रामीणों ने खदान बंद करवा दी थी। यहां से गाड़ियों को खाली लौटाया गया। तब से खदान में उत्खनन और परिवहन बंद है। ग्राम भंवरमरा और बांकल के ग्रामीणों की आपत्ति के बाद प्रशासन ने खदान के सीमांकन का निर्णय लिया है। तब तक यहां उत्खनन प्रतिबंधित किया गया है।







ग्रामीण इस खदान की खिलाफत कर रहे हैं। वे किसी शर्त में खदान को आगे संचालित नहीं करने देना चाहते हैं।

**जांच का दावा-** मंगलवार की शाम जिला प्रशासन ने बयान जारी कर कहा कि बांकल में रेत खनन एवं ग्रामवासियों की शिकायत के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा जाँच आरम्भ की गई है। कलेक्टर ने राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम को जांच हेतु निर्देशित किया है। खनिज विभाग से प्राप्त आरम्भिक जानकारी अनुसार राजनांदगांव जिले के ग्राम बांकल में लीज का पट्टा शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। जानकारी दी गई कि लीज धारी को जिला एवं तहसील राजनांदगांव ग्राम बांकल के खसरा नंबर 406 रकबा 4.85 हेक्टेयर क्षेत्र पर खनिज रनर मोल्डिंग सेण्ड का खनिज पट्टा 13 सितम्बर 2004 से 12 सितम्बर 2034 तक किया गया है। राज्य स्तर पर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण सम्मति मात्रा 10 हजार टन प्रति वर्ष के लिए प्राप्त हुआ है। अवधि विस्तारीकरण अनुबंध का निष्पादन 16 मार्च 2021 को 50 वर्ष की अवधि के लिए 12 सितम्बर 2054 तक किया गया है। लीजधारी द्वारा प्रस्तुत मासिक पत्रिकानुसार जिला एवं तहसील राजनांदगांव ग्राम बांकल के खसरा नंबर 406 रकबा 4.85 हेक्टेयर क्षेत्र पर खनिज रनर मोल्डिंग सेण्ड का उत्पादन मार्च 2021 से दिसम्बर 2021 तक 2 हजार 240 टन किया गया है। कलेक्टर ने ग्रामवासियों द्वारा शिकायत पर पुनः जांच के आदेश दिए हैं। जांच तक खदान के संचालन का कार्य बंद रहेगा।

### निखिल ने मांगे कई सवालों के जवाब

निखिल ने कहा कि जानकारी मिली है कि लीज धारक को इस शर्त पर ही लीज दी गई है कि वह नदी का पानी सुखने के बाद ही इंडस्ट्रीयल उपयोग के लिए ही रेत का इस्तेमाल कर सकता है। इस कंडिका के तहत जांच कर यह सार्वजनिक किया जाए कि उक्त लीजधारक ने कितनी रेत इंडस्ट्रीज और बाजार में खुलेआम बेचा है? कितनी मात्रा में अब तक रेत निकासी हुई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से लीज अवधि बढ़ाए जाने पर कब सर्वे किया गया? सर्वे रिपोर्ट प्रशासन के पास है या नहीं? इसकी भी जांच कराई जाए। वहीं किस शर्त पर लीज अवधि बढ़ी है? इसकी जांच कर सार्वजनिक किया जाए। लीज धारक ने दावा किया है कि नदी के सुखने के बाद रेत निकासी होती है पर वर्तमान में जिस जगह से रेत निकाल रहे हैं, वहां पर पानी का भराव है और डीजल मशीन का इस्तेमाल कर पानी को प्रदूषित किया जा रहा है। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इस मामले की जल्द जांच कर कार्रवाई की जाए।

# खैरागढ़ विधानसभा उप चुनाव : टिकट मांगने से पहले अपनी जन्मकुंडली दिखवा लें : मोहन मरकाम

- **प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में कोरोना प्रोटोकॉल की उड़ी धज्जियां**

**पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया**
www.dailypioneer.com




छुईखदान स्थित मंगल भवन टिकरी पारा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि विधानसभा में टिकट मांगने से पहले अपनी जन्मकुंडली दिखवा ले तब कहीं जाकर मेरे पास आएं। उन्होने सीधे तौर पर टिकट मांगने वालो को अपना खुद का रिपोर्ट कार्ड दिखाने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि खैरागढ़ नगरपालिका मे बड़े-बड़े नेता अपने वार्ड मे चुनाव नहीं जीता पाए, जो चिंता का विषय है। जैसे भी हमने खैरागढ़ मे अपनी सरकार बनाई है लेकिन करारी जीत से हमे सबक लेना चाहिए।

**पहले जन्मकुंडली खंगाला जाएगा फिर टिकट पर विचार-** उन्होंनर कहा कि पांच दिन के अंदर बूथ कमेटी व 50 लोगो का सदस्यता अभियान चलना चाहिए। संगठन स्तर पर मजबूती के साथ चुनाव जीता जा सकता है। जीत के लिए रणनीति बनाना बहुत ही जरूरी है। हमारी पहली प्राथमिक सदस्यता अभियान भी होना चाहिए। हर बूथ मे 10-10 महिला, युवा, बुजुर्ग को जोड़ना ज्यादा जरूरी है.कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि मजबूती के साथ बूथ मे रहे। विधानसभा मे कुल 283 पोलिंग बूथ है जहां हमारी टीम मजबूती के साथ काम करे तो जीत पक्की है।

**हमारी पहली प्राथमिकता बूथ को मजबूत करना-** विधानसभा के टिकिट के दावेदारों का कुंडली खुद के पास होने की बात कहते हुए मरकाम ने कहा कि विधानसभा को खुद को मुल्यांकन करने की जरूरत है। हम अपनी रेड लाईट एरिया को ग्रीन लाईट मे कैसे कंवर्ट करे ये हमे सोचना होगा तब जाकर पता चलेगा कि हम कितना पानी मे है।

**जिंदाबाद- मुर्दाबाद के नारे से कुछ होने वाला नही है-** उन्होंने कहा कि नगरपालिका चुनाव में जो अपना खुद का बूथ नही जीता पाए और टिकट का मांग कर रहे है। पूरे छ्ग मे 90 मे 68 जीते है और यह भी हमे जीतकर लाना है। उन्होंने दावेदारों को साफ तौर पर हिदायत दी कि चार पांच दिनो के अंदर अपने बूथ के आंकड़े लेकर आए और जनता की क्या राय उस हिसाब से टिकट का वितरण होगा। पचास लोगो को खिला पिलाके नारा लगाने से कुछ नहीं होगा। हमने पंद्रह साल वनवास के बाद भाजपा के सरकार को उखाड़ फेंकने मे सफल हुए। इसलिए दावेदारी करने से पहले अपनी जन्म कुंडली देखे उसके बाद आना कितना काम किए है वो भी तो पता चलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि मै प्रदेश अध्यक्ष हूं वो भी काम के बदौलत। मै भी पहले बूथ का ही कार्यकर्ता था। काम बोलता है। बूथ मे मजबूत होगे तभी सभी प्रकार के चुनाव जीत पाएंगे। उन्होंने आज तक एक भी चुनाव नही हारने का रिकार्ड बताया, जो कांग्रेस का झंठा उठाते है उसी को सफलता मिलती है।

**कोरोना प्रोटोकॉल की उड़ाई गई धज्जियां-** बता दे कि छुईखदान टिकरीपारा मंगल भवन मे अध्यक्ष महोदय का आने का प्रोटोकॉल 3.30 था. लेकिन वे लगभग एक घंटे देर मे पहुंचे। इस दौरान छोटे से भवन मे रखे विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मे भीड़ जरूरत से ज्यादा हो गई थी। जहां कोरोना गाईडलाईन का पुरी तरह से धज्जियां उड़ाई गई। लोग एक दूसर के पास चिपके रहे. जो किसी खतरे से कम नहीं। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम कार्यकर्ताओ को कोरोना गाईडलाईन का पालन करने का निवेदन करते रहे। लेकिन भीड़ है कि मानती नही के तर्ज पर कार्यकर्ता जमे रहे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर क्या एक्शन लेते है। यही भीड़ कहीं निजी कार्यक्रमों मे जैसे शादी ब्याह मे होता तो प्रशासनिक टीम महामारी एक्ट का उलंघन के बहाने रसीद बुक लेकर जरूर पहुंच जाते जुर्मा लगाने।

### दावेदारों ने किया शक्ति प्रदर्शन

इस दौरान विधानसभा के टिकट के दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। अपने समर्थकों के साथ दावेदार विजय वर्मा, यशोदा नीलांबर वर्मा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए भवन तक पहुंचे। मालूम हो कि जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के पति विजय वर्मा व ब्लाक कांग्रेस कमेटी खैरागढ़ ग्रामीण के यशोदा नीलांबर वर्मा भी फ्रंट मे आकर दावेदारी कर दी। वहीं खैरागढ विधायक स्व. देवव्रत सिंह के पत्नी पदमा सिंह भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे।

### दर्जन भर दावेदार कांग्रेस में

बता दें कि जब से खैरागढ़ विधानसभा सीट खाली हुई है तब से टिकट को लेकर छोटे से लेकर बड़े कांग्रेस नेताओ का लाबिंग शुरू हो गई है। समझ यह भी नही आता कि कि पिछले कई सालों से जो कांग्रेस का झंडा उठा रहे है उसको टिकट नसीब नही है और इधर दावेदारों की लाईन लगी हुई है बहरहाल देखना यह है कि कांग्रेस कमेटी प्रबल रूप से किसे टिकट देती है यह तो टिकट वितरण के बाद ही पता चलेगा।

## अवैध शराब बेच रहे और सटोरिये पुलिस गिरफ्त में

**पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगढ़**
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ में लगातार हो रहे अवैध शराब विक्रय को लेकर आ रही शिकायतों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मीडिया के माध्यम से लगातर समाचार प्रकाशित हो रहे थे। डोंगरगढ़ पुलिस ने एक मुहिम चलाकर बड़ी कार्रवाई कर अवैध व्यवसाय में जुड़े लोगों को बड़ा संदेश दिया है। अवैध रूप से शराब बिक्री एंव जुआ सट्टा पर अंकुश लाने हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में क्षेत्र में शांति बनाये रखने थाना स्तर पर टीम गठित कर लगातार क्षेत्र के होटल, ढाबा एंव ग्रामीण अंचल में निरंतर गस्त पेट्रोलिंग करते हुए कार्रवाई की है।



मंगलवार की देर रात्रि डोंगरगढ़ शहर के महफिल ढाबा के संचालक नितेश लारोकर एंव मान होटल के संचालक राजेश सिंह ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों ही संचालक होटल के सामने का दरवाजा बंद कर पीछे दरवाजे से लोगों को शराब बेच रहे थे। राका निवासी वेद नारायण सिन्हा बाजार चौक व हरविन्दर सिंह रेल्वे चौक पर शराब बेचने वालो पर कार्रवाई की गई है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 51/22 धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय पेश कर 03 आरोपीगणो को उप जेल डोंगरगढ दाखिल किया गया है।

## पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने वनांचल में जल जीवन मिशन व स्कूलों का किया अवलोकन

**पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया**
www.dailypioneer.com

खैरागढ विधानसभा के पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने छुईखदान ब्लाक के घोर नक्सली इलाकों के ग्रामों का दौरा कर केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन एवं स्कूलों में शिक्षा का जायजा लिया। उन्होने देवरच्चा में मिशन की जानकारी ली तथा ग्रामीणों को बताया की केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन गाँवो में घर घर नल जोड़ कर स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध करा रही है। इस व्यवस्था से वन क्षेत्र के रहवासियों का जीवन खुशमय हो रहा है। इन क्षेत्र के ग्रामीणों को अब आयरन युक्त पानी तथा कुंआ के अशुद्ध जल पीने से मुक्ति मिल रही है। साथ ही उन्होने देवरच्चा के



मिडिल एवं हाई स्कूल का अवलोकन किया है। यहां मिडिल एवं हाई स्कूल का भवन ही नही है। जो है वह पुरी तरह से जर्जर हो गया है। छात्रों को अध्यापन व्यवस्था में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वनांचल के ही छिंदारी कालोनी में स्थित स्कूल का भी मुआयना किया गया जहां छत की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है जो कभी भी भरभरा कर गिर सकती है। श्री जंघेल ने ग्रामीणों को इसकी जानकारी एवं व्यवस्था के लिए कलेक्टर से बात करने की बात कही है।

**वनांचल की बदल रही तस्वीर-** सरकारी योजनाओ के परिणित होने पर वनांचल क्षेत्र की तस्वीर अब बदलने लगी है। कोमल जंघेल ने बताया की भाजपा शासन काल में छुईखदान बकरकट्टा मार्ग की नीव रखने तथा बन जाने के बाद वनांचल वासीयों का आवागमन अब आसान हो गया है। पहले घने जंगल, घाटी, पहाड़, लम्बी दूरी सहित अन्य कठिनाईयों के चलते वनांचलवासी परेशानीयों में थे। लेकिन अब 24 घंटे के लिए आवागमन आसान हो गया है। वनांचल में स्थित मंडवाभाटा अपना ऐतिहासिक रूप ले लिया है। जो अपनी मनोरम दृष्य के कारण पर्यटन का केन्द्र बना हुआ है।

# भाजपा उत्तर मंडल में हुई नई नियुक्तियां, सुमित व पारस को उपाध्यक्ष का जिम्मा






**पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव की अनुशंसा से एवं उत्तर मंडल के संगठन प्रभारी अशोक चौधरी की सहमति से संगठन का विस्तार करते हुए मंडल के विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। भाजयुमो उत्तर मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया व् पार्षद पारस वर्मा को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है जबकि राजू वर्मा एवं हेतल भोजानी को मंत्री पद प्रदान करते हुए संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव किया है । भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से कार्यकर्ताओं जोड़ने के उद्देश्य से व्म भाजपा की विचारधारा हर क्षेत्र में पहुंचाने के हिसाब से समय समय पर इस तरह के बदलाव किये जाते हैं । उत्तर मंडल के शहर कोषाध्यक्ष पद पर नरेश कोचरे की नियुक्ति भी की गई है।

### दक्षिण मंडल महामंत्री की भी जल्द होगी नियुक्ति

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल के एक महामंत्री के जिला युवा मोर्चा में चले जाने के बाद से ये पद खाली है जिसमे भी दो से चार दिनों में नए महामंत्री की घोषणा कर दी जायेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महामंत्री पद के लिए प्रमुखता से प्रशांत गुप्ता गोलू व् शरद सिन्हा का नाम सामने आया है और इन्हीं दो नामों के बीच मामला अटका हुआ है । दोनों ही दावेदार संगठन में पहले महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं और मौजूदा समय में भी सक्रीय हैं इसलिए मामला अटका हुआ है लेकिन जल्द ही इन्हीं दोनों में से किसी एक नाम पर मुहर लगा दिए जाने की खबर है।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202201090200019/202201090200019**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय- अ-6 सन- 2021-2022

छुरियाकला प.ह.नं. 00020 (415/1(0.2260 हे.)),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- काजल जैन,
अनावेदक पक्षकार- इशराईल मियां,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका काजल जैन पति भूपेश कुमार जैन जाति जैन निवासी ग्राम वार्ड नं. 03 सीताबर्ड़ी तहसील-छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं.20, तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 54 में दर्ज खसरा नं (रकबा) 415(0.6190हे.) अनावेदक ईशराईल मिया पिता इशाक मिया निवासी ग्राम वार्ड नं. 08 नगर पंचायत छुरियाकला तहसील छुरिया के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है उक्त भूमि का टुकड़ा रकबा 0.1210 है को आवेदिका द्वारा अनावेदक से दिनांक 20-01-2021 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया ने क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 21-01-2022 को स्वयं/वकील/आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/01/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**छुरिया (छ.ग.)**

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ''की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| रमेश, श्रीमती कान्था<br>खाता सं. LNRAI02919-200108496 | 30 दिसम्बर 2021<br>₹ 694369/-<br>20 दिसम्बर 2021 | स्थित भानपुरी, पी.सी. नं. 108/39, आरआईसी-रायपुर,रायपुर, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 860 वर्ग फीट** |

स्थान : जयपुर दिनांक 20.01.2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय : सेरेब्रम आईटी पार्क बी–2 बिल्डिंग, 5वां तल, कल्याणी नगर, पुणे, महाराष्ट्र – 411 014
शाखा कार्यालय : बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, छठा तल, आरसी प्रिंटर्स, कार्यालय नंबर 609, 610, 611, प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक नंबर 9, राजबंध मैदान, डी बी बिल्डिंग, निकट डेंटल कालेज, एस्कॉर्ट हॉस्पिटल, रायपुर – 492 001

**कब्जा सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4), प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1), (परिशिष्ट–IV) के तहत

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (बीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार/सह कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर बीएचएफएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम (एलएएन नंबर, शाखा का नाम) | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| शाखा : रायपुर (एलएएन नंबर एच454एफएलपी0338474) 1. हर्ष दुबे (कर्जदार) 2. शकुंतला दुबे (सह–कर्जदार) दोनों का पता : एच 9, सेक्टर–1, समता कालोनी, सूखा झाड़ वाली गली, रायपुर–492 001 | नीचे वर्णितानुसार गैर–कृषि सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 9, एमएस सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित रायपुर चिरहुलडीह स्वामी आत्माराम वार्ड वार्ड नंबर 15 आरआईसी रायपुर तहसील जिला रायपुर, छत्तीसगढ़–492 001 चौहद्दी –– पूरब : एच/ओ शुक्लाजी, पश्चिम : नाला, उत्तर : एच/ओ गोयलजी, दक्षिण : रोड | 20–09–2021 रू. 22,56,569/– (रू. बाईस लाख छप्पन हजार पांच सौ उनहत्तर मात्र) | 14–01–2021 |
| शाखा : रायपुर (एलएएन नंबर 454एचएमएल84219543 तथा 454टीएचएल84239148 तथा 454टीएचएल86601126 1. राजेश गंडेचा (कर्जदार) 2. दीप्ति गंडेचा (सह–कर्जदार) दोनों का पता : बी 09, श्रीकृष्ण नगर, पहाड़ी चौक, छत्तीसगढ़, रायपुर–492 009 | नीचे वर्णितानुसार गैर–कृषि सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : केएचएन 596/1, 598 पीएचएन 107, मौजा गुढियासी आरआईसी रायपुर तहसील जिला रायपुर, छत्तीसगढ़–492 001 चौहद्दी – पूरब : रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर एबी/बी–08, उत्तर : रोड, दक्षिण : अन्य भूमि | 20–09–2021 रू. 25,83,159/– (रू. पच्चीस लाख तिरासी हजार एक सौ उनसठ मात्र) | 14–01–2021 |
| शाखा : रायपुर (एलएएन नंबर 454एचएमएल51889112 तथा 454टीएचएल851890921 1. वी एस के प्रभाकर (कर्जदार) पता : जनता क्वार्टर नंबर एच 1 निकट साहू किराना स्टोर दुर्ग भिलाई दुर्ग–491001 2. पद्मावती वारनासी (सह–कर्जदार) पता : जनता क्वार्टर नंबर एच 1 निकट साहू किराना स्टोर दुर्ग भिलाई दुर्ग–491001 | नीचे वर्णितानुसार गैर–कृषि सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : एच नंबर 3, सेक्टर–3, गली–बी, जी के टाउनशिप पी एच नंबर 90/20 धारसीवा रायपुर | 20–08–2021 रू. 65,83,322/– (रू. पैंसठ लाख तिरासी हजार तीन सौ बाईस मात्र) | 14–01–2021 |

तिथि : 20–01–2022 स्थान : रायपुर प्राधिकृत अधिकारी बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# डकैती के बहाने पुरानी रंजिश को भुनाने हो रही कोशिश

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दर्रीघाट में कांग्रेस नेता के घर हुई डकैती के मामले को लेकर अब 16 साल बाद जेल से छूटे पुराना हिस्ट्री सिटर रंजन गर्ग भी मैदान में कूद गया है । एक समय था जब गर्ग बंधुओ के आतंक से लाल खदान और महमंद क्षेत्र थर्राता था । तब जगमल चौक से दर्रीघाट तक के क्षेत्र को छोटा बिहार भी कहा जाने लगा था ।परिस्थियां बदली और संचार माध्यमों में व्यापक बदलाव और राज्य निर्माण के बाद अपराध का ग्राफ धीरे धीरे कम हो गया और गर्ग बंधुओ का वर्चस्व भी लगभग समाप्त हो गया ।अब जब दर्रीघाट में डकैती की वारदात हो गई है और सारे अपराधी अभी तक नही पकड़े गए है तो मौके का फायदा उठा राजनीति में सक्रिय लोग और क्षेत्र में अपना वर्चस्व जबरिया थोपने की कोशिश में लगे चर्चित लोग अपनी दुकानदारी फिर से चमकाने सक्रिय हो गए है । कही ऐसा न हो कि डकैती की वारदात को ढाल बनाकर गंभीर अपराधिक कृत्य की वारदात न हो जाए इसके लिए पुलिस को हर पल मुस्तैद रहने और ऐसे लोगो की गतिविधियों पर सतत निगाह रखने की जरूरत है । वर्षों पूर्व अपने भाइयों के साथ पूरे क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले हिस्ट्री सीटर रंजन गर्ग को भी अपनी जान की चिंता सताने लगी है । अगर यह डकैती नही होती तो रंजन गर्ग के 16 साल बाद जेल से छूटने की बात सार्वजनिक भी नही हो पाती । अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रंजन गर्ग जमानत पर जेल से बाहर आया है कि वह कोर्ट से दोषमुक्त होकर निकला है लेकिन यदि कोई अपराधी जेल से छूटने के बाद फिर से कुत्सित जीवन जीने के बजाय अपने परिवार के साथ शांति पूर्वक जीवन जीने का संकल्प लेता है तो उसे यह अवसर प्रदान करना चाहिए ,उसे मौका देना चाहिए लेकिन ऐसा हिस्ट्रीसिटर यदि अपने और अपने परिवार की जान पर खतरा बता रहा है तो पुलिस को उसकी बातो को गंभीरता से लेना चाहिए । कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले जिसके घर में डकैती की वारदात हुई है,ने अब अपनी ही पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पर गम्भीर आरोप लगाकर कई तरह के संदेह को जन्म दिया है ।उधर कांग्रेस प्रवक्ता ने भी बिना समय गवाएं तत्काल अपने ऊपर लगाए गए आरोपो को न केवल खारिज किया बल्कि आरोप लगाने वाले के बयान की जांच करने की मांग कर दी ।यह बयान बाजी का दौर चल ही रहा था कि रंजन गर्ग द्वारा दिए बयान ने सबके कान खड़े कर दिए । डकैती की घटना के बाद उस क्षेत्र के कुछ लोग अपनी पुरानी वैमनस्यता को ताजा करने में सक्रिय हो गए है कही इस आरोप प्रत्यारोप के चलते कोई बड़ी घटना न हो जाए इसके लिए पुलिस को सजग और ऐसे लोगो पर सतत निगाह रखने की जरूरत है अन्यथा अस्सी से नब्बे के दशक के दौरान जो हालात थे वैसे ही स्थिति न बन जाए।

## डकैती कराने का आरोप लगने पर कांग्रेस प्रवक्ता खुद एसएसपी के पास पहुंच निष्पक्ष जांच की मांग की

**बिलासपुर।** मस्तूरी के लिमतरा दर्री घाट में हुए डकैती पर प्रार्थीऔर कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले ने अपनी ही पार्टी के नेता और प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय पर डकैती करवाने का आरोप लगाते हुए कड़ाई से पूछताछ के लिए मंगलवार को आवेदन दिया था जिसपर बुधवार को कॉंग्रेस नेता अभय नारायण राय ने स्वयं अकेले जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर से उनके कार्यालय पहुँचकर उक्त आवेदन पर बारीकी जाँच कर स्वयं पर लगे आरोप का भी निष्पक्ष जाँच का माँग किया है। अभय नारायण राय ने कहा कि मुझपर लगे आरोप एक साजिश के तहत है, लेकिन वहीं पर वे साजिश करने वालों का नाम लेने से परहेज किये। अभयनाराय ने कहा कि मेरा अपराध व अपराधियों से कोई लेना देना नही है पुलिस मुझे जहाँ जैसे बुलाएगी मैं आने को तैयार हूँ आरोप लगाने वाले कि मंशा क्या है मेरे सोच से परे है हालाँकि मामला काँग्रेस के दो नेताओं के बीच का है लेकिन काँग्रेस पार्टी का इस मामले से कोई लेना देना नही है यह मेरा व्यक्तिगत मामला है इसका जवाब भी मैं व्यक्तिगत रूप से दूँगा। मामले पर काँग्रेस नेता ने एसएसपी से मिलकर अपनी बातों को रखते हुए पुलिस को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है लेकिन आरोप की गंभीरता पर कई प्रकार के सवाल उठते नजर आ रहे है, क्या प्रार्थी झूठ बोलकर बेवजह इल्जाम लगा रहा है या फिर कोई राजनीतिक साजिश के तहत इल्जाम है या अगर ये इल्जाम गलत निकली तो प्रार्थी के ऊपर क्या पुलिस कार्यवाही करेगी या अगर आरोप सच निकली तो क्या काँग्रेस नेता पर पुलिस कार्यवाही करेगी इस तरह मामला पुलिस के सामने उलझता नजर आ रहा है फिलहाल पुलिस इस घटना का जल्द ही पर्दा फाश करने में लगी हुई है।



# पीएससी की तैयारी कर रही युवतियां हुक्का बार में कश लगाती मिली, पुलिस का छापा

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



देर रात पुलिस की दबिश में हुक्के का कश लगाती हुई लड़कियां रंगे हाथों पकड़ाई है। दो लड़कियां तो बिलासपुर में पी एस सी परीक्षा की तैयारी कर रही है लेकिन वे हुक्का बार में पाई गई ।पुलिस ने हुक्का बार के मैनेजर व वर्करों पर कोटपा एक्ट की कार्यवाही कार्रवाई की हैं। वहीं हुक्का बार का संचालक फरार हैं। मामले में मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी पारुल माथुर को सूचना मिली कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मिशन हास्पिटल कैम्पस में सन्चालित वेलहल्ला कैफे में ग्राहकों को इकठ्ठा कर हुक्का पिलाया जा रहा है। एसएसपी पारुल माथुर ने सिविल लाइन एसएसपी मंजुलता बाज, कोतवाली सीएसपी स्नेहिल साहू,व सिविल लाईन थाना प्रभारी सनिप रात्रे की सँयुक्त टीम बना कर मौके पर कार्यवाही करने भेजा। वेलहल्ला का संचालक आकाश यादव मैनेजर मनीष चेतानी अपने वर्करों के साथ ग्राहकों को इकट्ठा कर के हुक्का पिलाते हुए मिले। कैफे में हुक्का पीते हुए,यश चावला, यश अग्रवाल,विनय कुमार, शुभम सिंह, सोहेब खान, भूपेंद्र पटेल के अलावा दो युवक्तियाँ भी मिले। युवतियां पुलिस के सामने गिड़गिड़ाती रही कि परिजनों को न बुलाएं ,बदनामी होगी मगर पुलिस ने हुक्का पीने वालो के परिजनों को बुला कर समझाइश दे कर छोड़ा गया। वही हुक्का बार का संचालक आकाश यादव मौका पाकर फरार हो गया। उसके मैनेजर व कर्मचारियों को पुलिस ने पकड़ा। हुक्का बार का संचालन करने वाले व वहां के मैनेजर समेत निम्न कर्मचारियों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं- आकाश यादव (संचालक वेलहल्ला कैफे) फरार आरोपी, मनीष चेतानी पिता स्व. दिलीप चेतानी उम्र 27 वर्ष निवासी जरहाभाठा थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर (मैनेजर), अमर केंवट पिता बलराम केंवट उम्र 22 वर्ष निवासी लिमतरा था मस्तूरी जिला बिलासपुर (वर्कर), निशांत गुप्ता पिता केशरी चंद गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी विनोवा नगर थाना जिला बिलासपुर (वर्कर), दुर्गेश कोरी पिता देवचरण कोरी उम्र 24 वर्ष निवासी द्यालबंद गुरूद्वारे के पास थाना सिटि कोतवाली जिला बिलासपुर (वर्कर), पी शंकर बोरकर पिता स्व. हरिनाथ बोरकर उम्र 25 वर्ष निवासी मगरपारा चौक थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर (वर्कर), मौके पर से 03 नग हुक्का पॉट अलग अलग कलर के निकोटिन युक्त फ्लेवर 03 पैकेट 01 डिब्बा स्प्रिंग वॉटर 01 डब्बा पान सालसा कुल कीमती 20,500/- रूपए जब्त किए गए हैं।

# वाहन में ही महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**बिलासपुर।** जिले के ग्राम पंचायत कलारतराई में रहने वाली एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर डॉयल 112 वाहन में बुधवार को अस्पताल ले जा रहे थे। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर रास्ते में ही गाड़ी रोककर मितानिन के माध्यम से वाहन में ही उसका प्रसव कराना पड़ गया। हालांकि, प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। ग्राम कलारतराई निवासी पूजा नेताम पति कुंवर सिंह नेताम गर्भ से थी। बुधवार को उसे तेज प्रसव पीड़ा हुई। इस पर परिजन ने डायल 112 को कॉल किया। सूचना कोटा डॉयल 112 के पुलिसकर्मी आरक्षक महेश सिंह, चालक महेश साहू रिस्पांस टाइमिंग में गांव पहुंचे और गर्भवती महिला को अस्पताल ले जा रहे थे। गांव से करीब 1 किमी दूर ही निकले थे कि महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई और वाहन में ही प्रसव कराना पड़ा। महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। प्रसव के बाद बच्चे व महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।



# अटल विवि के कुलसचिव को एनएसयूआई के पदाधिकारियों और छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई कार्य. जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिला महासचिव रंजेश सिंह के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा को नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा फार्म भरने की तिथी में वृद्धि हेतु गुलाब के फूल के साथ विनम्रतापूर्वक ज्ञापन सौंपा गया। जिला महासचिव रंजेश सिंह ने बताया कि अटल विश्वविद्यालय में विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षा फार्म भरने की तिथि 14 जनवरी को समाप्त हो गयी है परंतु अभी भी सैकड़ों छात्र छात्राएं परीक्षाएं फार्म नहीं भर पाए हैं जो हमे लगातार संपर्क कर रहे हैं कि बहुत से विद्यार्थी एवं उनके परिवार के सदस्य कोरोना महामारी के चपेट में आने एवं इससे आर्थिक समस्या से भी जूझ रहे हैं,जिसके कारण वह परीक्षा फार्म भरने से चूक गए हैं साथ ही अधिकांश महाविद्यालयों में स्वाध्यायी परीक्षार्थियों हेतु सैकड़ों सीटें रिक्त हैं उसके बावजूद महाविद्यालय चाहते हुए भी परीक्षा फार्म नही भरवा पा रहे हैं,यदि ऐसी परिस्थितियों में भी विद्यार्थियों के लिए परीक्षा तिथि बढ़ाई नही जाती तो विद्यार्थियों के साथ अन्याय होगा और उनके पढ़ाई के साथ साथ भविष्य खराब होने की स्थिति बन जायेगी इसीलिए आज हम एनएसयूआई के कार्यकर्ता कुलसचिव सुधीर शर्मा को लाल गुलाब का फुल देकर परीक्षा फार्म की तिथि में वृद्धि करने हेतु निवेदन किया, कुलसचिव डॉ.सुधीर शर्मा ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस विषय पर परीक्षा विभाग से चर्चा कर जल्द से जल्द छात्रहित में निर्णय लिया जायेगा तभी रंजेश सिंह ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रहित में निर्णय लेकर परीक्षा फार्म भरने की तिथि में वृध्दि नही किया जाता तो एनएसयूआई उन तमाम छात्र छात्राएं जो परीक्षा फार्म नही भर पाए हैं उनके साथ डटकर खड़े रहकर आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। ज्ञापन सौपते हुए जिला महासचिव रंजेश सिंह, अंकित सोनी , करन यादव, देवाशीस ठाकुर, विकास सिंह, विवेक सिंह, राजेंद्र पाली, वैभव शर्मा, मयंक कौशिक, बिट्टू सूर्यवंशी, विक्की बनर्जी आदि छात्राएं उपस्थित थे।




# 32 आरा मिलों को बंद करने के आदेश के खिलाफ याचिका

**बिलासपुर।** राजनांदगांव के 32 आरा मिलों को बंद करने का डीएफओ ने आदेश दिया था ।राज्य शासन ने 13 अगस्त 2021 को प्रदेश में संचालित आरा मिलों के संचालन नियम में संशोधन कर अधिसूचना जारी की थी. इसमें एक आरा मिल से दूसरे की दूरी 10 किलोमीटर तय की गई. इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार हर 4 किलोमीटर पर आरा मिल रह सकती थी. अधिसूचना के आधार पर डीएफओ राजनांदगांव ने दिसम्बर 2021 को राजनांदगांव जिले की इस दायरे में आने वाली सभी 32 आरा मिलों को बंद करने का आदेश दिया. इसके खिलाफ कौशिल्या आरा मिल सहित 31 अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की. कोर्ट ने आज मामले में सुनवाई करते हुए राज्य शासन व केंद्र सरकार समेत अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# पार्टी संगठन में जो अच्छा काम नहीं कर रहे उन्हे हटाया जाना चाहिए

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई जिसमें फिजिकल एयर डिजिटल सदस्यता अभियान के कोलेकर ट्रेनिंग दी गई। जिला अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, पीसीसी महामंत्री अर्जुन तिवारी ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे, पूर्व विधायक दिलीप लहरिया सहित वक्ताओं ने सदस्यता अभियान को लेकर अभियान तेज किये जाने पर जोर दिया ।,पीसीसी महामंत्री अर्जुन तिवारी ने ब्लॉक के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे काम करने वालो को संगठन में पद मिलना चाहिए ।अर्जुन तिवारी ने विजय केशरवानी की बात पर सहमति जताई कि जो अच्छा काम नही कर रहे है उनको हटाया जाना चाहिए ,अर्जुन तिवारी ने कहा कि इससे जो अच्छा काम कर रहे है उनको आगे आने का मौका मिलेगा ,विजय केशरवानी ने कहा कि डिजिटल और फिजिकल सदस्य बनाये जाएंगे। महिलाओं को जोड़ने के लिए हर बूथ में एक महिला इनरोल बनाया गया है जिले से इस बार टारगेट से ज़्यादा कांग्रेस के सदस्य बनेंगे। जोन अध्यक्ष बूथ लेबल पर नियुक्ति करेंगे। ,डिजिटल सदस्यता के तहत एआईसीसी के लिंक मिलने के बाद सदस्य बनाया जाएगा। कांग्रेस अपनी योजना से लाभान्वित होने वालों पर इस बार फोकस कर रही है और सरकार के काम काज का लाभ पार्टी को मिलेगा।पूर्व विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है ।किसान खुश है ।गांव में छत्तीगढिया मुख्यमंत्री बनने से लोग खुश है क्योंकि अभी तक ऐसा नही हुआ और अब सब आशा भरी नजर से मुख्यमंत्री की ओर देख रहे है। सदस्यता अभियान में लोग खुद जुड़ रहे है।



# युवा मोर्चा ने कांग्रेस सरकार से मांगा बेरोजगारी भत्ता

**बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोरमी नगर के मुख्य मार्ग पर छेरछेरा के अवसर पर सूपा और तख्ती लेकर प्रदेश सरकार से छेरछेरा के रूप में पिछले तीन वर्ष का बेरोजगारी भत्ता की मांग किया। इस अवसर पर लोरमी पूर्व विधायक तोखन साहू ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपये देने का वायदा किया था इसे आज पर्यंत पूरा नहीं किया गया है।

लोरमी युवा मोर्चा के अध्यक्ष संदीप सोनी एवं गोड़खाम्ही के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि भूपेश सरकार के द्वारा युवाओं को उनका अधिकार तत्काल नहीं दिया गया तो युवा मोर्चा सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ने को तैयार है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धनीराम यादव धनेश साहू,वरिष्ठ नेता लक्ष्मी सेवक पाठक राकेश दुबे, लोरमी भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू,गोड़खाम्ही मंडल अध्यक्ष महाजन जायसवाल,महामंत्री विश्वास दुबे, भाजयुमो के जिला महामंत्री माधव तिवारी ने संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। इस अवसर पर जिला मंत्री अभिषेक पाठक,किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य विनय साहू,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वर्षा सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय केशरवानी,वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह,पार्षद घनेंद्र राजपूत सुरेश श्रीवास,देवेंश गोयनका , युवा मोर्चा मंडल महामंत्री ब्रजराज किशोर अन्य उपस्थित रहे।

# सेतगंगा पंहुच सड़क में कीचड़, लोग परेशान

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



विकासखंड मुंगेली के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लोगों की सुविधा के लिए आवागमन बाधित नहीं हो इसके लिए सेतगंगा से पंडोतरा तक बीते आठ वर्ष पूर्व सड़क बनाई गई थीं। लेकिन रख रखाव के अभाव में गड्ढों में तब्दील हो गई है। जगह जगह कीचड़ होने से ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। विकासखंड मुंगेली के अंतर्गत ग्राम सेतगंगा से पंडोतरा पंहुच मार्ग का निर्माण आठ वर्ष पहले की गई थी। जो अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। लोगों ने इसकी शिकायत करते हुए बताया कि सड़क की डामर की परत निकल चुकी है। निर्माण के समय ही गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत की गई थी। सड़क निर्माण के कुछ माह डामर की परतें निकलने लगी थी। वहीं समय रहते सड़क की देखरेख तक नहीं की गई। इसके अभाव में सड़क उखड़ कर जगह-जगह गड्ढे में पानी भरने से खतरनाक बदहाल हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया सड़क की गारंटी अवधि भी समाप्त हो चुकी है। सड़क की मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण खराब होते जा रही है। ठेकेदार द्वारा एक बार भी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। इसी कारण से ग्रामीण नवीनीकरण की मांग कर रहे हैं ताकि आवागमन में ग्रामीणों और राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इस संबंध में सेतगंगा के जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षण कराया इस पर मौके पर अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे परंतु निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों में इसे लेकर आक्रोश व्याप्त है।

# शनिचरी रपटा क्षेत्र के प्रभावितों से मिलने अटल आवास पहुंचे विधायक शैलेष पांडेय

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अरपा विकास क्षेत्र से प्रभावित शनिचरी और चांटापारा के 408 परिवारों को निखिल आश्रम रोड स्थित बहतराई अटल आवास में बसाया गया है। बुधवार को नगर विधायक शैलेष पाण्डेय अटल आवास की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्हें लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। रहवासियों का कहना था कि यहां जब से उन्हें बसाया गया है तब से चारों ओर गंदगी पसरी हुई है, नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट, घरों में सीपेज, जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। निरीक्षण के दौरान विधायक शैलेष पांडेय ने बहतराई अटल आवास का हर हिस्से में जाकर मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट और पसरी गंदगी को देखकर जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल को जमकर फटकार लगाई। नगर विधायक ने जोन कमिश्नर को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए, साथ ही जोन के 4 लोगों की टीम बनाकर हर घर में सर्वे करने का निर्देश दिया ताकि लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। अटल आवास में लोगों से मिलने के बाद विधायक शैलेष पांडेय विकास भवन पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी से बात की और अटल आवास के लोगों से मिली शिकायतों को विस्तार पूर्वक बताया। नगर विधायक का कहना था कि नगर निगम उस क्षेत्र में मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। वहां पसरी गंदगी, पानी, स्ट्रीट लाइट, सीपेज जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी का अंबार लगा है। विधायक की नाराजगी के बाद नगर निगम आयुक्त ने 6 सदस्य टीम का गठन किया है इसमें अधीक्षण अभियंता निलोत्पल तिवारी, जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता पीके पंचायती, क्रांति अशोक कुमार, कार्यपालन अभियंता विद्युत शाखा सुब्रत कर, सहायक अभियंता एसके मानिक को शामिल किया गया है। गठित समिति के द्वारा दो दिवस के भीतर संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर कौन-कौन से कार्य में कितनी राशि के स्वीकृत हैं, कार्य की वर्तमान स्थिति एवं कौन-कौन से कार्य कराए जाने हैं जिस पर कितनी लागत आएगी इसके संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन मांगा गया है। नगर विधायक ने अटल आवास में मूलभूत सुविधाओं के निराकरण के साथ-साथ यहां खाली पड़ी जमीन पर वह उद्यान, ओपन जिम, बैडमिंटन और वालीबॉल के रूप में उन्नयन के भी निर्देश दिए हैं। यहां आंगनबाड़ी केंद्र का भवन खाली पड़ा है उसके लिए बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की कही है जबकि पौधारोपण और क्षेत्र के व्यवस्थित विकास के लिए जोन कमिश्नर से प्रस्ताव मांगा है।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि यहां नाली निर्माण के लिए हाउसिंग बोर्ड अड़चन पैदा करता है, इसके लिए विधायक शैलेष पांडेय ने हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा से फोन पर बात की और उन्हें समस्या से अवगत कराया है। हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता को नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए। प्रभावितों में सबसे ज्यादा संख्या सफाई कर्मचारियों की है। यहां बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी अपने परिवारों के साथ निवासरत हैं। इनका कहना है कि वे लोग कम तनख्वाह में नगर निगम की निजी कंपनी द्वारा संचालित सफाई ठेके में कार्य करते हैं उन्हें समय पर तनख्वाह भी नहीं मिलती और आने जाने में ही ज्यादा पैसा खर्च हो जाता है इसके समाधान के लिए विधायक शैलेष पांडेय ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि सफाई कर्मचारियों के लिए सफाई ठेकेदार के द्वारा बस चलाई जाए। ताकि सफाई कर्मचारियों को आने जाने में जो खर्च होता है उस को बचाया जा सके और इन्हें सुविधा उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण में जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल, ईई क्रांति अशोक कुमार, सब इंजीनियर एसके मानिक, अनिल वासु, आशीष पांडेय, पार्षद जुगल गोयल, भरत कश्यप, शहजादी कुरैशी, रामा बघेल, प्रियंका यादव, एल्डरमैन शैलेंद्र जयसवाल, दीपांशु श्रीवास्तव, काशी रात्रे, श्याम लाल चंदानी, सुबोध केसरी, अजरा खान जहूर अली, बिट्टू बाजपाई, भरत जुरीयानी, सोहराब खान, अजय काले, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## समस्या देख निगमायुक्त को सुधार के लिए दिया अल्टीमेटम



# भाजपा की केंद्र सरकार के षड्यंत्र और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद छत्तीसगढ़ में धान खरीदी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही

## भाजपा की सरकारों में दम नहीं है कि किसानों को धान की कीमत 2540 प्रति क्विंटल दे सकें-कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा की किसान विरोधी केंद्र सरकार के धान खरीदी में बाधा उतपन्न करने का षड़यंत्र और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार धान खरीदी के निर्धारित लक्ष्य के करीब पहुँच चुकी है। चालू खरीफ वर्ष में 22 लाख 66 हजार के लगभग पंजीकृत किसानों से 105 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है जो अब तक 18 लाख से अधिक किसानों से 72 लाख मैट्रिक टन के लगभग धान की खरीदी की जा चुकी है धान खरीदी की तिथि 31 जनवरी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा है आवश्यकतानुसार यह बढ़ाया भी जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय और भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ में धान खरीदी महा अभियान को सफल होते देख बेचैन हो गए हैं,परेशान हो गए हैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार प्रदेश के किसानों को धान की कीमत 2540 रु प्रति क्विंटल दे रही है। भाजपा शासित राज्यों में दम ही नहीं है जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की तरह किसानों को धान की कीमत 2540रु दे सके।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार जितनी मात्रा में प्रतिवर्ष धान खरीदी कर रही है। 15 साल में रमन सिंह की सरकार ने खरीदी नहीं की है। राज्य निर्माण के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ में 105 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी हो रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के किसान विरोधी कृत्यों से किसान हताश और परेशान है किसानों को उनकी उपज का कीमत नहीं मिल रहा है। भाजपा के नेता धान खरीदी में बाधा उत्पन्न करने के लिए अफवाह फैलाने झूठ बोलने और षड्यंत्र करने में ही लगे रहे हैं, झूठे मनगढ़ंत आरोप लगाकर किसानों को बरगलाने की कोशिश किए लेकिन छत्तीसगढ़ के किसान, भाजपा नेताओं के किसान विरोधी चरित्र से वाकिफहै जिस प्रकार से भाजपा के नेता किसान आंदोलन के दौरान किसानों को आतंकवादी नक्सली टुकड़े टकड़े गैंग बताकर किसानों का अपमान किए थे छत्तीसगढ़ के किसान उन बातों को भूली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद जब पहले बार छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की कीमत 2500रु प्रति क्विंटल एकमुश्त दिया गया तो यही भाजपा की केंद्र सरकार ने नियम शर्तें लगाकर 2500 रु एकमुश्त देने पर रोक लगाई। दूसरे वर्ष जब राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को धान के 2500 रु के अंतर की राशि दिया गया तब केंद्र की भाजपा की सरकार ने फिर नियम शर्तें लगाई और सेंट्रल पूल में 60 लाख मैट्रिक टन चावल लेने की सैद्धांतिक सहमति के बाद मात्र 24 लाख मैट्रिक टन चावल ले लेने की अनुमति प्रदान की। तीसरी बार जब छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी की जा रही है तब केंद्र में बैठी किसान विरोधी भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ के 22 लाख 66 हजार किसानों से धान खरीदने मांगी गई 5 लाख 50 हजार गठान बारदाना- की आपूर्ति में रोड़ा अटकाई है और सेंट्रल पूल में मात्र अरवा चावल लेने उसना चावल लेने से मना ही कर दी। यह भाजपा का किसान विरोधी चरित्र है भाजपा की केंद्र और राज्य किसानों के ऊपर जुल्म ढहा रही है उत्तर प्रदेश में मोदी सरकार के मंत्री के पुत्र ने किसानों के ऊपर अपनी गाड़ी चढ़ा कर किसानों की हत्या की है।

किस मुंह से विष्णुदेव साय अपने को किसान हितेषी बताते हैं आज भी हत्यारे पुत्र के पिता मोदी सरकार में मंत्री है जिसे मोदी और आर एस एस का समर्थन है।

### ब्रांडेड कंपनी का लेबल लगाकर कपड़ा बेचना पड़ा मंहगा, 2 लाख 14 हजार रुपये का माल जब्त

**रायपुर।** राजधानी के पण्डरी कपड़ा मार्केट में ब्रांडेड कंपनी के नाम से लोवर, टीर्शट व टाऊजर बेचने की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुकान में छापामारकर लाखों रुपये के कपड़े जब्त किये है। वहीं दुकानदार के खिलाफ कापी राईट एक्ट के तहत कार्रवाही की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सुखदेव विहार मथुरा रोड दिल्ली निवासी हिमांशु चौधरी युनाईटेड ओव्हरसिज टेडमार्क कंपनी में वकिल की शिकायत पर 18 जनवरी को पण्डरी थाना पुलिस ने शाप नंबर 11 इंदिरा गांधी व्यवसायिक परिसर कपडा मार्केट पंडरी पहूंचकर दुकान के संचालक शाशांक तलरेजा पिता अनील तलरेजा निवासी आदर्श नगर मोवा रायपुर को धारा 91 का नोटिस देकर तामिल किया जो कापी राईट की कोई अधिकृत दस्तावेज पेश नही किया गया। आरोपी के कब्जे में दुकान की तलाशी लेने पर नाईक कंपनी के लोवर 584 नग, टी शर्ट 67 नग, अंडर आर्मर कंपनी के लोवर 72 नग, टी शर्ट 128 नग एवं अरमानी कंपनी का लोवर 48 नग, टीशर्ट 81 नग एवं पैट 91 नग कुल 1071 नग कपडे कुल कीमती 2,14,200 रूपये का कंपनी मुताबिक एमआरपी एवं बारकोड व स्टीकर का नही होना व कापी राईट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जब्त कर की है।

# राज्यपाल ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विधेयक पर किए हस्ताक्षर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 में संशोधन हेतु प्रस्तुत विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। अब इस विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति हेतु भेजा जाएगा। इस अधिनियम की धारा 3, 4,12, 13, 21 एवं 27 में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार धारा 4 में संशोधन कर धारा 4क और 4ख जोड़ा गया है। धारा 4क. के अनुसार ''हुक्का बार पर रोक- इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई व्यक्ति, स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति की ओर से, कोई हुक्का बार नहीं खोलेगा या हुक्का बार नहीं चलाएगा या भोजनालय सहित किसी भी स्थान पर ग्राहकों को हुक्का नहीं देगा।'' धारा 4ख. के अनुसार ''हुक्का बार में हुक्के के माध्यम से धूम्रपान पर रोक- कोई भी व्यक्ति, किसी भी सामुदायिक हुक्का बार में हुक्का या नरगिल (गड़गड़ा) के माध्यम से धूम्रपान नहीं करेगा।''धारा 13 में संशोधन कर नवीन धारा 13क. जोड़ा गया है। धारा 13क. के अनुसार ''हुक्का बार के मामले में जब्त करने की शक्ति- यदि कोई पुलिस अधिकारी/आबकारी अधिकारी, जो राज्य सरकार द्वारा अधिकृत हो, और जो उप-निरीक्षक की श्रेणी से निम्न का न हो, के पास यह विश्वास करने का कारण है कि धारा 4क. के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है या उनका उल्लंघन किया जा रहा है, वह हुक्का बार के विषय या साधन के रूप में उपयोग की जाने वाली किसी भी सामग्री या वस्तु को जब्त कर सकेगा।''मूल अधिनियम की धारा 21 में संशोधन करते हुए नवीन धारा 21क. एवं 21ख. जोड़ा गया है। धारा 21क. के अनुसार ''हुक्का बार चलाने के लिए दण्ड- जो कोई, धारा 4क के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, वह ऐसे कारावास, जो कि तीन वर्ष तक का हो सकेगा, किन्तु जो एक वर्ष से कम नहीं होगा और जुर्माना, जो कि पचास हजार रूपए तक का हो सकेगा, किन्तु जो दस हजार रूपए से कम नहीं होगा, से दंडनीय होगा। इसी प्रकार 21ख. के अनुसार ''हुक्का बार में हुक्का के माध्यम से धूम्रपान के लिए दण्ड- जो कोई, धारा 4 ख के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, उसे ऐसे जुर्माने, जो कि पांच हजार रूपए तक का हो सकेगा, किन्तु जो एक हजार रूपए से कम नहीं होगा, से दंडित किया जाएगा।''धारा 27 में संशोधन करते हुए नवीन धारा 27क. जोड़ा गया गया है। धारा 27क. के अनुसार ''धारा 4क. के तहत अपराध का संज्ञेय तथा अजमानतीय होना-इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, धारा 4क. के तहत कारित अपराध, संज्ञेय तथा अजमानतीय होगा।''

### आफलाइन फार्म भरने रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में छात्रों की भीड़, व्यवस्था चौपट


**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में इन दिनों परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। अब आनलाइन व्यवस्था के तहत फार्म भराने वाले विश्वविद्यालय में बीच में पढ़ाई छोड़े हुए छात्रों द्वारा परीक्षा के लिए फार्म भरने पर उन्हें आफलाइन व्यवस्था के तहत विश्वविद्यालय आना पड़ रहा है। अव्यवस्था व छात्रों की भीड़ की वजह से कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार परीक्षा फार्म भरने के लिए विवि ने प्राइवेट एजेंसी को ठेका दे रखा है। कालेज गैप कर चुके छात्रों को परीक्षा फार्म भरने के दौरान अपने डाटा को अपडेट कराने के लिए विश्वविद्यालय से अनुमति लेनी पड़ रही है। इसके लिए छात्रों को विश्वविद्यालय आकर आनलाइन की बजाय लाइन में लगकर आफलाइन फार्म भरना पड़ रहा है। इसके चलते केंद्र में छात्रों की भीड़ लग रही है।



# मरार पटेल समाज ने दिया आंदोलन की चेतावनी, पसरा शुल्क को लेकर हुआ विवाद

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



सहसपुर लोहारा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रणवीरपुर के सरपंच पुत्र द्वारा सब्जी बाजार में पसरा शुल्क वसूली को लेकर सब्जी विक्रेता गुहा राम पटेल के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के संबंध में कड़ी कार्यवाही के लिए पटेल मरार समाज (युवा प्रकोष्ठ) अध्यक्ष परदेशी राम पटेल पुलिस अधीक्षक कबीरधाम को लिखित आवेदन दिया है साथ हि जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, मुख्यमंत्री, कवर्धा विधायक को प्रतिलिपि भी दिए जाने का उल्लेख आवेदन में किए हैं।

**पसरा शुल्क माफफिर भी वसूली**

प्रदेशाध्यक्ष परदेशी पटेल ने अपने आवेदन में लिखा है कि गुहा राम पटेल ग्राम रणवीरपुर थाना सहसपुर लौहारा को मंगलवार के दिन साप्ताहिक बाजर में सब्जी बेचने के लिए गया था जिसे सरपँच पुत्र के द्वारा बाजार में खुलेआम जबर्दस्ती पसरा शुल्क वसूली के नाम पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया है। जो मरार पटेल समाज के लिए नुकसानदायक है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पसरा शुल्क पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया है बावजूद जबर्दस्ती वसूली का आरोप लगाया है।

**पंचायतीराज अधिनियम का उल्लंघन**

परदेशी राम पटेल ने महिला सरपंच के पुत्र पर नियम कानूनों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया है उन्होंने अपने शिकायत पत्र में लिखे हैं कि सरपंच पुत्र के द्वारा पंचायतीराज अधिनियम1993 के धाराओं को ताक में रखकर, बिना ठेका लिए दादागिरी करते हुए आसपास से बाजार में पसरा लगाने वाले गरीब तबके के लोगो को भय दिखाकर जबर्दस्ती वसूली करता है का भी आरोप लगाया है।

**पुलिस थाना में मामला दर्ज लेकिन समाज असंतुष्ट**

सहसपुर लोहारा थाना में गुहाराम पटेल के रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है जिसमे अपराध क्रमांक 22/2022, धारा 494, 232,506 आरोपी आकाश वैष्णव उम्र 22 वर्ष के ऊपर मामला कायम किया सहसपुर लौहारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया हैं जिससे समाज के लोग संतुष्ट नही है। प्रदेशाध्यक्ष परदेशी राम पटेल ने अपने आवेदन में लिखे हैं कि सरपँच पुत्र निडर है और गुहाराम पटेल अपने जान में खतरा को भयभीत है। शिकायती पत्र में उच्चाधिकारियों से सरपंच पुत्र को तीन दिवस के भीतर गिरफ्तार करते हुए कठोर कार्यवाही करने की मांग किया है यदि कोई कठोर कार्यवाही नही हुई तो मरार पटेल समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जाएगी जिसकी संपूर्ण जवाब दारी शासन प्रशासन की होगी का भी स्पष्ट उल्लेख किया है।

# यूजर चार्ज लेने का कानून रमन सरकार ने बनाया मोदी सरकार यूजर चार्ज लेने दबाव बनाती है : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



यूजर चार्ज को लेकर भाजपा के राजनीति को नौटंकी करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यूजर चार्ज लेने का कानून पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने विधानसभा में बनाया था और भाजपा की मोदी सरकार राज्यों को यूजर चार्ज लेने दबाव बनाती है। नगर निगम में आम जनता से यूजर चार्ज लेने का नीति और नियम बनाने काम पूर्व के रमन भाजपा की सरकार ने किया था। श्रीचंद सुंदरानी जिस सदन में विधायक थे 2017 में वही यूजर चार्ज लेने का प्रस्ताव पास हुआ था। सत्ता जाते ही अब भाजपा के नेता यूजर चार्ज के नाम से घड़ियाली आंसू बहा कर राजनीतिक नौटंकी कर रहे हैं। जबकि जनता के ऊपर यूजर चार्ज थोपने वाले यही भाजपा की सरकार रही है। भाजपा नेताओं को वास्तविक पर जनता से यूजर चार्ज लेने में आपत्ति है तो उन्हें अपने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर यूजर चार्ज लेने पर रोक लगवाना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि एक और केंद्र की मोदी सरकार राज्यों को पत्र लेकर आम जनता से यूजर चार्ज वसूलने का निर्देश दे रही है। जिन नगर निगम में यूजर चार्ज नहीं वसूला जाएगा उन्हें स्वच्छता रैंकिंग से बाहर करने की धमकी दिया जा रहा है। दूसरी ओर भाजपा के नेता यूजर चार्ज का विरोध कर मोदी सरकार के काली करतूतों पर पर्दा करने का कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेताओं में दम है तो मोदी साहब के सामने खड़ा होकर यूजर चार्ज का विरोध करें। प्रदेश कांग्रेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्व के रमन सरकार के दौरान सफाई कार्यों के भी निजीकरण किया गया था। भाजपा के नेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए किवार कंपनी को ठेका दिया गया था। जिस किवार कंपनी को ठेका की दिया गया उसने राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी शहरों का हाल बेहाल कर दिया और जब विरोध हुआ तो काम छोड़ कर भाग गई दुर्भाग्य की बात है। रमन भाजपा की सरकार ने उस किवार कंपनी को काम छोड़ने के बाद भी पालने पोसने काम किया और उसी दौरान ही घर-घर से यूजर चार्ज लेने का प्रस्ताव भी पास किया गया था।

### मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गैंदसिंह के शहादत दिवस पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीद गैंदसिंह को 20 जनवरी को उनके शहादत दिवस पर नमन किया है। बघेल ने छत्तीसगढ़ में आजादी का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद गैंद सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सन् 1857 में हुए देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से काफी पहले ही अंग्रेजों की गुलामी और शोषण के विरूद्ध आवाज उठाई थी। बस्तर के अबूझमाड़िया भाई-बहनों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले नेतृत्वकर्ता जमींदार गैंदसिंह को 20 जनवरी सन् 1825 को परलकोट के महल के सामने फांसी दी गई थी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बस्तर के अबूझमाड़ में क्रांति की मशाल जलाने वाले शहीद गैंदसिंह को उनकी पुण्यतिथि पर गर्व और सम्मान के साथ याद किया जाता है।

### मास्क पहनें, टीका लगवाएं और अपनी जिम्मेदारी निभाएं

**रायपुर।** दीक्षा समाज सेवी संस्था और अग्रसेन महाविद्यालय के सँयुक्त तत्वाधान में ज़ोन क्रमांक-5 वार्ड क्रमांक 43 में एनएसएस कैडेट्स ने आज दन्तेश्वरी मंदिर चौक, टूरी हटरी चौक, लिली चौक सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ के जरिए कोरोना से बचाव का संदेश दिया। अपनी प्रस्तुति से इन युवाओं ने मास्क लगाने एवं वैक्सीन के दोनों डोज़ लगवाने एवं कोरोना अनुरूप व्यवहारों का पालन करने नुक्कड़ नाटक कर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया। इस दौरान युवाओं ने मास्क वितरण कर लोगों को सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया और कोरोना संक्रमण की स्थिति में जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम को जानकारी देने, होम आइसोलेशन पोर्टल पर पंजीकरण से मिलने वाली जरूरी सेवाओं की जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के दौरान नगर निगम के एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल, अग्रसेन महाविद्यालय के समन्वयक अमित अग्रवाल उपस्थित थे।

# 35 साल पहले मृत व्यक्ति को जीवित नाबालिग बताकर 4 एकड़ जमीन की कराई रजिस्ट्री, जेल पहुंचे क्रेता-विक्रेता

## राजस्व में नुकसान पहुंचाने सैंकड़ों पेड़ों को दस्तावेजों से कर दिया गया गायब

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मृत व्यक्ति को नाबालिग बताकर जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कलेक्टर जशपुर के आदेश क्र 5042 /पीए/स्था.-02/2021जशपुर 12.08.2021 के द्वारा प्रभारी तहसीलदार जशपुर विकास जिंदल ने थाना में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उप पंजीयक टेकराम पटेल, क्रेता मनोज कुमार प्रधान, विक्रेता राजेश राम, सुखराम, दस्तावेज लेखक सूरजन सिंह एवं गवाह करण सिंह व अरूण नाग के द्वारा ग्राम डबनीपानी पटवारी हल्का नंबर 19 तहसील जशपुर स्थित भूमि 267/1 रकबा 4.513 हेक्टेयर के राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ करते हुए फर्जी पंजीकृत बैनामा का निष्पादन 17.05.2021 को किया गया है। उक्त भूमि खसरा नंबर के बी-1 के कॉलम नंबर 23 में साल झाड़ 80 नग, महुआ 17 नग, आम 60 नग, हर्रा 02 नग, बेहरा 04 नग जिसे रजिस्ट्री के लिए प्रस्तुत बी-1 की छायाप्रति में छेड़छाड़ कर हटा दिया गया है। इसके अतिरिक्त राजस्व अभिलेख पी-6, जमा बंदी, अधिकार अभिलेख एवं बी-1 में गरजू नाबालिग नहीं है, जबकि गरजू को पंजीकृत विक्रय पत्र में नाबालिग बताकर रजिस्ट्री का निष्पादित किया गया है, जबकि मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार गरजू की मृत्यु 18.04.1987 को हो चुका है। इस प्रकार उक्त भूमि पर स्थित वृक्षों का मूल्यांकन उप पंजीयक के द्वारा नहीं किया गया है तथा मृतक गरजू को नाबालिग बताकर अनुचित ढंग से पंजीकृत विक्रय पत्र का निष्पादन किया गया है कि रिपोर्ट पर धारा 419, 420, 120(बी), 467, 468, 471, 34 भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

**इन फरार आरोपियों को दबोचा**

प्रकरण के अन्य आरोपी फरार थे जिन्हें मुखबीर सूचना पर दबिश देकर अभिरक्षा में लिया गया। प्रकरण के आरोपी 1-मनोज कुमार प्रधान उम्र 34 वर्ष निवासी करबला रोड जशपुर, 2-सुखु राम उम्र 55 वर्ष निवासी डबनीपानी, 3-अरूण नाग उम्र 19 वर्ष निवासी डबनीपानी 4-राजेश राम उम्र 40 वर्ष निवासी डबनीपानी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें विधिवत 18.01.2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक लक्ष्मण सिंह धुर्वे, उप निरीक्षक के.पी. सिंह, स.उ.नि. किशन चौहान, प्र.आर. 49 मिथलेश यादव एवं प्र.आर. लेबिट कुजूर, का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ठंड से बचने घर में अलाव जलाकर सो रहे दंपति की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुन्द
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में दो जिंदगी आग में खाक हो गई। कड़ाके की ठंड से बचने पति-पत्नी घर में अलाव जलाकर सो रहे थे। अलाव की आग ऐसी भड़की कि पूरे घर को ही चपेट में ले लिया। आगजनी की इस घटना में पति-पत्नी बुरी तरह झुलस गए। अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में पत्नी ने दम तोड़ दिया तो वहीं पति की उपचार के दौरान मौत हो गई। पिथौरा थाना की पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। हादसे से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोनासिल्ली निवासी हीरा ठाकुर (50) व उसकी पत्नी हीराबाई (45) की आग में झुलसने से मौत हुई है। सोमवार रात को कड़ाके की ठंड से बचने पति-पत्नी ने घर पर ही अलावा जला रखा था। रात का खाना खाने के बाद दोनों सो गए। आग पूरे घर में फैल गई और दंपति को पता ही नहीं चला। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा घर इसकी चपेट में आ गया। पति-पत्नी भी इस आग में बुरी तरह झुलस गए। नींद खुलने के बाद दोनों ने आग से बचने का प्रयास किया, लेकिन अत्याधिक झुलसने के कारण वहीं गिर गए। आग फैलने के बाद आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई। पड़ोसियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, लेकिन महिला की रास्ते में मौत हो गई। वहीं पति ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन : 0771-4241095 | वेब : www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403